सुप्रभात

रांची, मंगलवार

08.08.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

भारत की आज़ादी का अमृत महोत्सव

khabarmantra.net श्रावण (मलमास), कृष्ण पक्ष, सप्तमी/ अष्टमी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 29


06 मौलिक अधिकार से वंचित आदिवासी समाज

SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### भाजपा सांसद कठेरिया को भी मिली राहत

**आगरा।** एमपी एमएलए कोर्ट ने इटावा के सांसद डॉ रामशंकर कठेरिया को दो साल की सजा सुनायी थी, जिससे उनकी संसद सदस्यता पर खतरा मंडरा रहा था। उन्होंने सोमवार सुबह जिला जज की अदालत में इसके खिलाफ अपील की थी। इसपर कोर्ट ने सजा के फैसले पर फिलहाल रोक लगा दी है। इससे उनकी सांसदी जाने का खतरा टल गया है।

### 13 से राजधानी एक्स लोहरदगा में रुकेगी

**रांची।** नयी दिल्ली-रांची राजधानी एक्सप्रेस आगामी 13 अगस्त से लोहरदगा रेलवे स्टेशन पर भी रुकेगी। रेलवे ने इसे लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। लोहरदगा और रांची के बीच 1913 में रेल सेवा की शुरुआत हुई थी। अब राजधानी एक्सप्रेस के ठहराव के बीच लोहरदगा में रेल ने 110 साल का सफर तय किया है।

### राज्यसभा से भी दिल्ली सेवा बिल को मिली मंजूरी

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा ने आज लंबी बहस के बाद दिल्ली सेवा बिल पास कर दिया। इस तरह इसे संसद की मंजूरी मिल गयी। लोकसभा ने इसे पहले ही पास कर दिया था। राज्यसभा में सोमवार इस बिल के समर्थन में 131 वोट और विरोध में 102 मत मिले।

### मणिपुर हिंसा की जांच के लिए बनायी कमेटी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर में महिलाओं के साथ बर्बरता से जुड़े मामलों की जांच के लिए हाई कोर्ट की तीन रिटायर्ड महिला जजों की एक कमेटी गठित की है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने सीबीआई जांच की निगरानी के लिए पूर्व आईपीएस अधिकारी दत्तात्रेय पडसालगिकर को नियुक्त किया है।

### दिल्ली के एम्स में लगी आग, सुरक्षित निकाला

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में सोमवार को आग लगने के बाद अस्पताल के कर्मचारियों और मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। अस्पताल के आपातकालीन वार्ड से आग लगने की सूचना मिली।

### लोकसभा में निजी डाटा संरक्षण विधेयक पारित

**नयी दिल्ली।** लोकसभा ने मणिपुर मुद्दे पर विपक्षी दलों के हंगामे के बीच आम लोगों के डाटा को जरूरत के मुताबिक हासिल कर सुरक्षित और संरक्षित रूप से इस्तेमाल करने की इजाजत देने वाले डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण विधेयक 2023 को सोमवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

# 136 दिन बाद संसद पहुंचे योग्य राहुल

## सांसदों ने किया स्वागत, आज करेंगे अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत!

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मोदी सरनेम मामले में दोष सिद्धि पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाये जाने के तीन दिन बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता सोमवार को बहाल कर दी गयी। करीब 136 दिनों के बाद सोमवार को राहुल संसद पहुंचे। सदन में कांग्रेस सांसदों ने मेज थपथपा कर उनका भव्य स्वागत किया। संसद में धमाकेदार एंट्री के बाद राहुल गांधी मोदी सरकार के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव पर मंगलवार को अपनी बात भी रखने वाले हैं।

सदस्यता बहाली के बाद सोमवार को करीब 12 बजे संसद भवन पहुंचे राहुल लोकसभा की कार्यवाही में शामिल हुए। संसद भवन पहुंचने के बाद राहुल गांधी ने सबसे पहले महात्मा गांधी की प्रतिमा को नमन किया और फिर सदन में गये। लोकसभा सचिवालय की ओर से उनकी सदस्यता बहाल करने की सूचना के बाद राहुल गांधी सदन में भी उपस्थित हुए। उसके बाद राहुल ने अपने आधिकारिक बायो में भी 'अयोग्य सांसद' की जगह 'योग्य सांसद' शब्द लिखा। (शेष पेज 11 पर)

### मीडिया से बोले- आप लोग खुश दिख रहे हैं...



इधर, सदस्यता बहाल होने के बाद जब राहुल गांधी लोकसभा से निकल रहे थे, तब पत्रकारों ने उनसे प्रतिक्रिया मांगी, तो उन्होंने तंज कसते हुए कहा- आप सब भी खुश लग रहे हैं, ये क्या हो रहा है? मालूम हो राहुल गांधी मीडिया पर भी मोदी सरकार के साथ मिले होने का लगातार आरोप लगाते रहे हैं।

**ट्विटर प्रोफाइल बदला :** राहुल गांधी ने अपने ट्विटर प्रोफाइल का ब्यौरा बदला और संसद सदस्य लिखा। अयोग्य ठहराये जाने के बाद उन्होंने डिस्क्वालीफाइड एमपी (अयोग्य ठहराये गये सांसद) लिखा था।

## आदिवासी कला-संस्कृति को बढ़ाने में सरकार प्रयासरत

# ऐतिहासिक होगा झारखंड आदिवासी महोत्सव : सीएम

### केंद्रीय सरना समिति ने दिया सीएम को न्यौता

खबर मन्त्र ब्यूरो



सीएम को महोत्सव में शामिल होने का न्यौता देते केंद्रीय सरना समिति के लोग।

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड आदिवासी महोत्सव 2023 को इस बार एक अलग पहचान मिलेगी। देशव्यापी प्रचार-प्रसार के कारण देश-दुनिया से इस महोत्सव में शामिल होने के लिए लोग आ रहे हैं। यह बहुत ही खुशी की बात है। आदिवासी परंपरा, कला-संस्कृति, रहन-सहन, आदिवासी उत्पाद और गीत-संगीत-नृत्य को संरक्षित और आगे बढ़ाने की दिशा में उनकी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा, आदिवासी कला-संस्कृति को संरक्षित और आगे बढ़ाने में झारखंड आदिवासी महोत्सव मील का पत्थर साबित होगा। सीएम ने केंद्रीय सरना समिति के प्रतिनिधिमंडल से ये बात कही। सरना समित का प्रतिनिधमंडल सोमवार को सीएम से मिला और उन्हें 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस पर होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने के निमंत्रण दिया।

**प्रतिनिधिमंडल ने आभार जताया :** प्रतिनिधि मंडल ने राज्य सरकार द्वारा वृहत पैमाने पर पूरी भव्यता के साथ झारखंड आदिवासी महोत्सव का आयोजन करने के लिए सीएम का आभार जताया। (शेष पेज 11 पर)

## बोकारो में बोले सीएम हेमंत- झारखंड को सशक्त और विकसित राज्य बना कर रहेंगे

# जगरनाथ महतो के नाम बनेगा मेडिकल कॉलेज

खबर मन्त्र ब्यूरो



**11186 लाभुकों के बीच 116 करोड़ 90 लाख 66 हजार की परिसंपत्तियां बांटी**

**रांची।** बोकारो में आयोजित एक कार्यक्रम में सीएम हेमंत सोरेन केंद्र सरकार पर जमकर बरसे। उन्होंने केंद्र सरकार पर मंहगाई, गरीबी और मणिपुर के मुद्दे पर जमकर हमला बोला। इस दौरान सीएम ने कहा कि बोकारो में दिवंगत जगरनाथ महतो के नाम से बनेगा मेडिकल कॉलेज खुलेगा। डुमरी विधानसभा क्षेत्र में नेतरहाट आवासीय विद्यालय की तर्ज पर स्कूल खुलेगा। पूरे राज्य में खुलेंगे 5000 मॉडल स्कूल खोले जायेंगे। उनकी सरकार झारखंड को सशक्त और विकसित राज्य बनाने में लगी हुई है और इसे पूरा भी करेंगे। श्री सोरेन सोमवार को बोकारो के चंद्रपुरा प्रखंड स्थित तारानारी में योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास और लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों के वितरण समारोह में बोल रहे थे।

**युवा पीढ़ी को दे रहे हैं संबल :** सीएम ने कहा कि आने वाली पीढ़ी शिक्षित हो व अपने पैरों पर खड़ा हो, इसके लिए उन्हें विभिन्न योजनाओं के माध्यम से संबल देने का काम सरकार कर रही है। झारखंड देश का पहला राज्य है, जो विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को शत- प्रतिशत स्कॉलरशिप दे रही है। पढ़ाई से लेकर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारियों और मेडिकल, इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्सेज के लिए सरकार सारा खर्च देगी। झारखंड में बदलाव का यह सिलसिला तब तक जारी रहेगा, जब तक कि झारखंड विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा नहीं हो जाता है। (शेष पेज 11 पर)

### केंद्र और भाजपा पर जमकर बरसे

सीएम ने कहा कि यहां विपक्ष रोज सरकार गिराने का काम करते हैं। सरकार को काम नहीं करने देने का निरंतर उपाय चलता रहता है। केंद्र सरकार लगातार सरकारी संपत्तियों को बेच रही है। उसके पास पेंशन तक देने के पैसे नहीं हैं, लेकिन बड़े पूंजीपति देश की जनता की गाढ़ी कमाई लूट कर भाग जा रहे हैं। कोरोनाकाल में भी केंद्र सरकार ने हमें मदद नहीं की। देश में लगातार महंगाई बढ़ रही है। दाल, चावल, आटा, किताब-कॉपी सभी चीजें महंगी हो रही हैं। केंद्र सरकार ने हर चीज पर टैक्स लगा दिया। हमारी केंद्र की सरकार में इतने कामकाजी लोग हैं, जिन्होंने दूध-दही तक पर भी टैक्स लगा दिया है। भाजपा के लोगों ने यही काम 1932 आधारित खतियान को लेकर भी किया। सरना कोड को लेकर भी इन लोगों ने यही काम किया है। हालांकि हमारी कई नजर इन लोगों पर है और बहुत जल्द ऐसा समय आयेगा जब इस तरह से विरोध करने वाले लोगों को झारखंड से बेदखल किया जायेगा।

### विष्णु अग्रवाल की रिमांड अवधि बढ़ी

**रांची।** जमीन घोटाले मामले में गिरफ्तार व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की रिमांड अवधि समाप्त होने पर ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में पेश किया गया।



इस दौरान ईडी की ओर से और पूछताछ की आवश्यकता बताते हुए विष्णु अग्रवाल को फिर से सात दिनों की रिमांड दिए जाने का कोर्ट से आग्रह किया गया। ईडी के रिमांड मांगे जाने का विष्णु अग्रवाल के अधिवक्ता ने विरोध किया। लेकिन ईडी की ओर से मौजूद विशेष लोक अभियोजक रमित सत्येंद्र ने अदालत को बताया कि जमीन घोटाले में विष्णु अग्रवाल भी शामिल हैं।

# झारखंड में मानसून ने पकड़ी रफ्तार, अभी और होगी बारिश

- सात दिनों के अंदर हुई दो माह से अधिक रोपनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य में पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश हो रही है। बारिश के कारण राज्यभर में पूरे जोर-शोर से धान की खेती की जाने लगी है। परिणाम है कि पूरे जून-जुलाई में राज्य में जितनी धान की खेती नहीं हुई थी, बीते सात दिनों में उससे ज्यादा रोपनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटे में राजधानी में 6.1 एमएम बारिश रिकॉर्ड किया गया। सबसे अधिक वर्षा 73 मिमी लोहरदगा के कुडू में दर्ज की गयी। सिमडेगा 50 एमएम बारिश हुई। वहीं, रांची में 24 मिमी, जमशेदपुर में 6 मिमी बारिश दर्ज की गयी। (शेष पेज 11 पर)



**किसानों ने रोपा तेज किया :** पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश से किसानों को थोड़ी राहत मिली है। राज्यभर में पूरे जोर-शोर से धान की खेती की जाने लगी है। परिणाम है कि पूरे जून-जुलाई में राज्य में जितनी धान की खेती नहीं हुई थी, बीते सात दिनों में उससे ज्यादा रोपनी हुई है। राज्य में अब तक करीब 318 मिमी बारिश हो गयी है। मानसून के रफ्तार पकड़ने से किसानों ने राहत की सांस ली है।

# रांची से बाबाधाम तक उमड़े श्रद्धालु

खबर मन्त्र संवाददाता

**पांचवीं सोमवारी**

**रांची।** सावन मास की पांचवीं सोमवारी को लेकर देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर से लेकर रांची पहाड़ी मंदिर सहित रांची के सभी शिवालयों और मंदिरों में सोमवार सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। बाबाधाम में करीब आठ किलोमीटर तक भक्तों की लंबी कतार लग गयी। करीब डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धलुओं ने बाबा पर जलार्पण किया। रांची का पहाड़ी मंदिर में बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है, ओम नमः शिवाय और हर हर महादेव से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा।

रांची के कांके, कोकर, बूटी मोड, बरियातू, हिनू, चुटिया के सुरेश्वर धाम, हरमू, किशोरगंज, लालपुर सहित अन्य शिवालयों में भक्त भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना सुबह से कर रहे हैं।

सावन माह के सोमवार को भगवान शिव की उपासना करने से सुख-समृद्धि और सौभाग्य के साथ साथ संकटों से भी मुक्ति मिलती है। सोमवारी में भगवान शिव का चंद्रशेखर स्तोत्र का पाठ करना शुभ माना गया है। इस पाठ के करने से चंद्र दोष से मुक्ति मिलती है। साथ ही चंद्र ग्रह मजबूत होता है। वहीं दूसरी ओर मिली जानकारी के अनुसार देवघर के बाबा बैजनाथ धाम, दुमका के बासुकी नाथ धाम, खूंटी के अमरेश्वर धाम में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने को लेकर भक्तों में काफी उत्साह रहा। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। सभी मंदिरों में पुलिस बल की तैनाती थी।


# सॉफ्ट लैंडिंग चुनौती, पर हम सफल होंगे : इसरो

## चंद्रयान-3 अच्छी हालत में, कक्षा निर्धारण प्रक्रिया सर्वाधिक अहम

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने सोमवार को कहा कि चंद्रयान-3 अच्छी हालत में है। इसका सर्वाधिक महत्वपूर्ण चरण कक्षा निर्धारण प्रक्रिया होगी, जब अंतरिक्षयान 100 किलोमीटर की वृत्ताकार कक्षा से चंद्रमा के करीब जाना शुरू करेगा। चंद्रयान चंद्रमा की 4,313 किलोमीटर (किमी) दीर्घवृत्ताकार कक्षा में मौजूद है और इसे 100 किमी की वृत्ताकार कक्षा में ले जाने के लिए नौ से 17 अगस्त के बीच सिलसिलेवार प्रक्रियाएं किये जाने की जरूरत है। विक्रम लैंडर के चंद्रमा पर 23 अगस्त को उतरने की उम्मीद है। (शेष पेज 11 पर)

### शानदार नतीजे मिल रहे हैं



सोमनाथ ने कहा कि 100 किमी तक हम कोई कठिनाई नहीं देख रहे हैं। समस्या केवल पृथ्वी से लैंडर की स्थिति का अनुमान लगाने में है। यह माप एक बहुत महत्वपूर्ण माप है, हम इसे कक्षा निर्धारण प्रक्रिया कह सकते हैं, यदि यह सही है तो शेष प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। इसरो अध्यक्ष ने कहा कि हम इस बार इसे बहुत सही तरीके से नीचे उतारने में सक्षम हैं। योजना के अनुसार कक्षा में बदलाव किया जा रहा है। इसमें कोई भटकाव नहीं है, इसलिए यह शानदार नतीजे दे रहा है और हमें उम्मीद है कि सब कुछ ठीक रहेगा।




## खबर एक नजर में

### भवन निर्माण विभाग के 56 ईई बदले

**रांची।** भवन निर्माण विभाग ने आज 56 कार्यपालक अभियंता स्तर के पदाधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन किया है। विभाग ने सोमवार को इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है।

### गोपनीय शाखा प्रभारी बने डीएसपी अरविंद

**रांची।** डीएसपी अरविंद कुमार सिंह डीजीपी के गोपनीय शाखा प्रभारी बनाए गए है। अरविंद कुमार सिंह वर्तमान में डीएसपी स्पेशल ब्रांच के पद पर पदस्थापित हैं। इससे पहले वे स्पेशल ब्रांच डीएसपी के पद पर थे। बीते तीन चार अगस्त को उनका स्पेशल ब्रांच डीएसपी के पद पर तबादला हुआ था।

### स्पेशल ब्रांच का प्रशिक्षण आज

**रांची।** डिस्ट्रिक्ट पुलिस मॉड्यूल और लुक आउट सर्कुलर को लेकर स्पेशल ब्रांच प्रशिक्षण मंगलवार को होगा। इस संबंध में स्पेशल ब्रांच के द्वारा जिले के एसएसपी, एसपी को पत्र लिखा गया है। इसमें कहा गया है कि राज्य के 24 जिलों में डिस्ट्रिक्ट पुलिस मॉड्यूल और लुक आउट सर्कुलर के सूचारू रूप से कार्य करने को लेकर एक दिवसीय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगा। स्पेशल ब्रांच की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि राज्य के प्रत्येक जिलों के स्पेशल ब्रांच शाखा से एक योग्य पदाधिकारी और एक कर्मी (कंप्यूटर ऑपरेटर) अपने जिले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस प्रशिक्षण में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

### लालू से मिला राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा का दल

**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद से मिलकर झारखंड राज्य में मिल रहे ओबीसी आरक्षण से अवगत कराया। उन्हें बताया कि झारखंड के सात जिले में ओबीसी का आरक्षण शून्य कर दिया गया है। मौके पर उन्होंने कहा कि वह इस संबंध में झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री से बात करेंगे। राष्ट्रीय संयोजक नितिन माधव चौधरी ने लालू प्रसाद को जातिगत जनगणना के लिए एक सम्मान पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन माधव चौधरी, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष और बिहार प्रभारी राजेश कुमार गुप्ता, मध्य प्रदेश अध्यक्ष जगदीश सिंह यादव, तुषार पेंढाकर, असलम खातमी बिहार प्रदेश अध्यक्ष अजय शंकर गुप्ता उपस्थित थे।

### पार्टी के नेता बाबूलाल से मिले



**रांची।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदेश महासचिव संजय कुमार सिंह, रांची जिला अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, महानगर अध्यक्ष सुशील केसरी सोमवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से मिले और उन्हें बधाई दी। बधाई देनेवालों में अंबर शर्मा, मनोज गोप, चेतन कुमार एवं सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे। नेताओं ने बाबूलाल मरांडी से मिलकर राज्य में एनडीए को एकजुट होकर कैसे बढ़ाया जाए, इस पर विचार-विमर्श किया।

### अमित महतो की जमानत पर सुनवाई 16 को

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एसएम शहजाद की अदालत में सोमवार को विधानसभा घेराव मामले में जेल में बंद पूर्व विधायक सह खातियानी पार्टी के नेता अमित महतो की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले में लगे आरोप की केस डायरी तलब की। साथ ही याचिका पर आगे की सुनवाई के लिए 16 अगस्त की तारीख निर्धारित की। सीजेएम कोर्ट से जमानत अर्जी खारिज होने के बाद अमित महतो ने न्यायायुक्त की अदालत में चार अगस्त को याचिका दाखिल की है। सीजेएम कोर्ट ने 17 जुलाई को जमानत देने से इनकार किया था। वह सोनाहातू सीओ के साथ मारपीट में सजायाफ्ता एवं विधानसभा धेराव मामले में 27 जून को सरेंडर किया था। तब से जेल में हैं। पिछले साल विधानसभा घेराव कार्यक्रम के बाद धुर्वा थाना में अमित महतो समेत अन्य के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालेने, बिना अनुमति सड़क जाम करने समेत कई आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### सागर कुमार बने झारखंड जदयू के प्रदेश प्रवक्ता

**रांची।** झारखंड में जनता दल यूनाइटेड अपनी राजनीतिक विस्तार को लेकर लगातार कार्यक्रम कर रहा है। वहीं पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को आए दिन नई नई जिम्मेदारियां मिल रही हैं। इसी कड़ी में प्रदेश कार्यकारिणी के विस्तार के बाद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने सागर कुमार को फिर से प्रदेश प्रवक्ता बनाया है। इस संबंध में जदयू के प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने कहा कि संगठन को मजबूत एवं विस्तार करने की दिशा में पार्टी लगी हुई है।

### आरक्षण पर विचार करे सरकार : जगदीश

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जगदीश साहू ने कहा है कि झारखंड में पिछड़ों का आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत, दलितों का आरक्षण 11 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत और आदिवासियों का 26 प्रतिशत से बढ़ाकर 28 प्रतिशत विधानसभा से पास करके राज्यपाल के पास भेजा गया था लेकिन राज्यपाल ने उसे अस्वीकृत कर वापस भेज दिया। इस स्थिति में उन्होंने सरकार से मांग की है कि वह अपने स्तर से त्रुटियों को दूर कर पुनः राज्यपाल को भेजें जिससे उपरोक्त वर्गों को आरक्षण मिल सके। जगदीश साहू ने कहा कि चुनाव से पूर्व जेएमएम एवं कांग्रेस के घोषणा पत्र में संयुक्त घोषणा पत्र में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा की गई थी। बावजूद अभी तक इस समुदाय को आरक्षण का लाभ नहीं मिल सका है।

## 18 को होगी झारखंड मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना स्कॉलरशिप परीक्षा

### 5 हजार विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना के तहत मिलने वाले स्कॉलरशिप की चयन परीक्षा 18 अगस्त को होगी। जैक की ओर से इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। इस परीक्षा के बाद राज्य के विभिन्न जिलों से 5 हजार विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। इस परीक्षा का संचालन जैक कर रहा है। इस योजना का लाभ सभी जिलों के विद्यार्थियों को मिलेगा। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने इस परीक्षा के माध्यम से प्रत्येक जिले से 400 विद्यार्थियों को चयनित करने का प्रावधान किया है।

**60 हजार विद्यार्थियों ने किया रजिस्ट्रेशन :** शिक्षा विभाग ने इस साल के चयन परीक्षा में राज्यभर के सरकारी स्कूलों के एक लाख बच्चों को शामिल कराने के लिए रजिस्ट्रेशन का लक्ष्य रखा था। लेकिन जैक के द्वारा तीन बार आवेदन भरने की तारीख बढ़ाए जाने के बावजूद भी लक्ष्य के अनुरूप रजिस्ट्रेशन नहीं हो सका। तीन बार आवेदन की तारीख बढ़ाने के बावजूद 60 हजार विद्यार्थियों ने ही रजिस्ट्रेशन किया।

### क्या है मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना

मुख्यमंत्री हेमंत सरकार ने इस योज़ना के द्वारा वैसे छात्र जो आर्थिक तंगी की वजह से पढाई छोड़ देते हैं, उन्हें स्कॉलरशिप देने की कोशिश की है। इस योजना के तहत 9वीं से 12वीं तक के चयनित बच्चों को साल में 12,000 रुपये मिलेंगे। मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृति योजना हेमंत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके तहत जो भी बच्चे नौवीं कक्षा में पढ़ रहे हैं और आठवीं में जिनके 60 प्रतिशत से अधिक अंक हैं। वे इस स्कॉलरशिप के लिए आयोजित होने वाले चयन परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। विद्यार्थी किसी भी स्कूल या सीबीएसई, आईसीएसई या जैक बोर्ड के हो सकते हैं। कक्षा 9वीं से ग्यारहवीं तक आयोजित होने वाली प्रत्येक वार्षिक परीक्षा में इन्हें 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करना होगा। योजना के तहत सरकारी स्कूल के आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को छात्रवृत्ति की 50 प्रतिशत की राशि मिलेगी।

## एशियन बैंक, विश्व बैंक और अमृत-2 योजना से हर घर नल जल योजना पर क्रियान्वयन शुरू

# राज्य के 15 निकायों के 1.6 लाख घरों के पेयजल पर खर्च होंगे ₹1447 करोड़

### 1395 किमी बिछेगी वितरण पाइप लाइन, 8 लाख 17 हजार लोग होंगे लाभान्वित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री के निर्देश और नगर विकास विभाग की पहल पर राज्य के 15 शहरी निकायों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का प्रक्रिया आरंभ हो गयी है। इसके तहत कुल 163393 आवासों को निःशुल्क वाटर कनेक्शन दिया जायेगा। जिससे लगभग 8.17 लाख लोग लाभांवित होंगे। इस पर कुल 1447 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह राशि एशियन डेवलपमेंट बैंक, विश्व बैंक तथा अम्रुत योजना से खर्च की जायेगी। इसके लिए कल जुडको सभागार में परियोजना निदेशक की अध्यक्षता में कंपनियों की बिडर्स कांफ्रेंस बुलाई गयी।

**झुमरीतिलैया:** यहां की पेयजलापूर्ति योजना पर 146.73 करोड खर्च किये जायेंगे। कुल 25043 घरों को वाटर कनेक्शन दिया जायेगा। 4 जलमीनार बनेंगे। 50 किलोमीटर वितरण पाईपलाइन बिछायी जायेगी। 8.7 एमएलडी का जलशोधन संयंत्र बनेगा।

**मेदिनीनगर:** मेदिनीनगर के लिए 165.76 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। कुल 24711 आवासों को वाटर कनेक्शन दिया जायेगा। 212 किलोमीटर वितरण पाईपलाइन बिछेगी। 4 जलमीनार बनेंगे। 17 एमएलडी का जलशोधन संयंत्र बनेगा। दोनों योजनाएं एडीबी की हैं।

**लोहरदगा:** लोहरदगा पेयजलापूर्ति योजना पर 127.47 करोड़ रुपये खर्च होंगे, 14300 आवासों को वाटर कनेक्शन से जोड़ा जायेगा। 4 जलमीनार बनेंगे। कुल 171.16 किमी पाईपलाइन बिछेगा। 16.5 एमएलडी का जलशोधन संयंत्र बनेगा।

**गुमला:** यहां की जलापूर्ति योजना पर 97.69 करोड़ लागत आयेगी। 4 जलमीनार बनेंगे। 15 एमएलडी का जलशोधन संयंत्र बनेगा। 73.33 किमी वितरण पाईपलाइन बिछेगा। कुल 12687 घरों को शुद्ध पेयजल मिलेगा।

**कपाली निकाय:** कपाली पेयजलापूर्ति योजना परद 63.38 करोड़ रुपये खर्च होंगे। 2 जलमीनार बनेगा। 14110 आवासों को जल नल से जोड़ा जायेगा। 13.5 एमएलडी का जलशोधन संयंत्र बनेगा। 93.11 किमी वितरण पाईपलाइन बिछेगा।

**बड़कीसरैया:** यहां की योजना पर 38.20 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। एक जलमीनार बनेगा। कुल 4913 आवासों को वाटर कनेक्शन दिया जायेगा। 4.5 एमएलडी का जलशोधन संयंत्र बनेगा। 79.06 किमी वितरण पाईपलाइन बिछेगी।

**रेहला-विश्रामपुर:** इस निकाय की जलापूर्ति योजना पर 103.73 करोड़ रुपये लागत आयेंगे। 3 जलमीनार बनेगा। 21 एमएलडी क्षमता का जलशोधन संयंत्र बनेगा। 10271 घरों को वाटर कनेक्शन दिया जायेगा। वितरण पाईपलाइन 130 किमी बिछेगी।

**महागामा निकाय:** महागामा में पानी के लिए 72.85 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। यहां 11 एमएलडी का जलशोधन संयंत्र बनेगा, 79.86 किमी पाईपलाइन बिछायी जायेगी। 3 जलमीनार बनेंगे। कुल 8206 घरों को जल नल से जोड़ा जायेगा।

**धनवार शहर:** धनवार जलापूर्ति योजना पर 63.89 करोड़ रुपये खर्च होंगे। 2 जलमीनार बनेगा। 30.93 किमी पाईपलाइन बिछायी जायेगी। 8 एमएलडी का जलशोधन संयंत्र बनेगा। 5597 आवासों को वाटर कनेक्शन दिया जायेगा।

**डोमचांच निकाय:** यहां की जलापूर्ति योजना पर 81.32 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। 2 जलमीनार बनेगा। 10 एमएलडी का जलशोधन संयंत्र बनेगा। कुल 7161 आवासों को वाटर कनेक्शन दिया जायेगा। 45.86 किमी वितरण पाईपलाइन बिछेगी।

**जामताड़ा निकाय:** जामताड़ा की योजना पर कुल 110.06 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। 3 जलमीनार बनेंगे। 8.5 एमएलडी का जलशोधन संयंत्र बनेगा। 7860 आवासों को वाटर कनेक्शन दिया जायेगा। 98.77 किमी वितरण पाईप बिछायी जायेगी।

**हरिहरगंज:** यहां की योजना पर 82.41 करोड़ रुपये खर्च होंगे। 2 जलमीनार बनेगा। 7.28 एमएलडी का जलशोधन संयंत्र बनेगा। कुल 5006 घरों को वाटर कनेक्शन दिया जायेगा। 73.67 किमी वितरण पाईपलाइन बिछायी जायेगी।

**बड़हरवा:** बड़हरवा में पेयजलापूर्ति पर 63.25 करोड़ रुपये खर्च होंगे। 2 जलमीनार बनेगा। 10 एमएलडी का जलशोधन संयंत्र बनेगा। कुल 7094 घरों को जल नल से जोड़ो जायेगा। 50 किलोमीटर पाईपलाइन बिछायी जायेगी।

**वंशीधर नगर :** इस निकाय में पेयजलापूर्ति पर 125.83 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। 2 जलमीनार बनेगा। 11.56 एमएलडी का जलशोधन संयंत्र बनेगा। कुल 8549 आवासों को वाटर कनेक्शन दिया जायेगा। 104.22 किमी वितरण पाईपाइन बिछेगी।

**छतरपुर शहर:** छतरपुर में पेयजल के 105.95 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। यहां के 7825 घरों को जल संबंधन दिया जायेगा। 2 जलमीनार बनेंगे। 10.52 एमएलडी का जलशोधन संयंत्र बनेगा। 103 किमी वितरण पाईपलाइन बिछेगा।

### सभी 10 योजनाएं अम्रुत -2 से होंगी संचालित

बिडर्स कांफ्रेंस को पीडीटी गोपालजी एवं पीडी एडमिन अरविंद कुमार मिश्र ने संबोधित करते हुये कहा कि राज्य के शहरी निकायों में पेयजलापूर्ति उपलब्ध कराने के लिए कंपनियों को आगे आना चाहिए। उप महाप्रबंधक आलोक मंडल ने कंपनियों की शंकाओं का समाधान किया। उप परियोजना निदेशक उत्कर्ष मिश्र ने एडीबी और विश्वबैंक के अधिकारियों के साथ विडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एजेसिंयो की सवालों का जवाब दिलवाया। धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक जलापूर्ति एसएस सेनगुप्ता ने किया जबकि मंच संचालन सामाजिक विशेषज्ञ रामाशीष रजक ने किया। कांफ्रेंस में देश की 40 से अधिक कंपनियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

## जबरन जमीन कब्जा करनेवाले भू-माफियाओं पर पुलिस हर हाल में कसें नकेल : गृह सचिव

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य के गृह सचिव अविनाश कुमार ने सोमवार को रांची के डीसी, एसएसपी, सीओ और थानेदारों के साथ अपराध नियंत्रण को लेकर समीक्षा बैठक की। प्रोजेक्ट भवन में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान गृह सचिव ने जमीन पर कब्जा करनेवाले भू- माफियाओं की सूची बनाकर उनपर नकेल कसने का निर्देश दिया। जरूरत हो तो विवादित जमीन के मामले में नियम सम्मत कार्रवाई करने से भी परहेज नहीं करें। उन्होंने कहा कि प्रायः यह देखा जा रहा है कि राजधानी रांची में जितनी भी हत्या हो रही है, उन हत्या के कारणों के पीछे जमीन विवाद मुख्य वजह उभर कर सामने आ रही है। ऐसे में अपराध की रोकथाम, विधि-व्यवस्था आदि पर भी प्रभाव पड़ रहा है। इससे सरकार और पुलिस प्रशासन की छवि भी धूमिल हो रही है। टॉस्क फोर्स बनाकर जमीन दलालों के विरूद्ध कार्रवाई करें।

बैठक में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी किशोर कौशल, सिटी एसपी शुभ्रांशु जैन, शहर और ग्रामीण क्षेत्र के सीओ, विभिन्न थानों के थानेदार उपस्थित थे। गृह सचिव ने सभी को जमीन विवाद में हो रही हत्याकांड की रोकथाम के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया।

### संपत्ति और निवेश का ब्योरा जुटा रही पुलिस

बढ़ती घटनाओं को देखते हुए रांची पुलिस इन भू-माफियाओं के अलावा उनके दोस्तों और परिजनों की संपत्ति और निवेश का ब्योरा जुटा रही है। पुलिस दर्ज मामलों के सत्यापन करने के साथ-साथ फाइल भी तैयार कर रही है, ताकि केंद्रीय एजेंसी से बड़े भू-माफिया की संपत्ति की जांच की अनुशंसा की जा सके। इधर पुलिस मुख्यालय से आदेश मिलने के बाद सूची में शामिल किये गये जमीन कारोबारियों की कुंडली को खंगाला जा रहा है।

### गतिविधि पर नजर रखेगी पुलिस

गृह सचिव ने कहा कि जमीन कारोबारियों की गतिविधियों को संदिग्ध मानते हुए यह जानकारी जुटाने का प्रयास करें, कि कहीं हथियारों के बल पर तो जमीन कब्जे में लेकर खरीद-बिक्री तो नहीं की जा रही है। जमीन कारोबारियों के इलाके को चिन्हित करें, कौन किस इलाके में काम कर रहा है, वहीं किनके के बीच जमीन विवाद चल रहा है। जमीन कारोबार में मदद करने वालों की गतिविधि पर भी नजर रखने का निर्देश दिया गया है। गौरतलब है कि हाईकोर्ट और मुख्यमंत्री की सख्ती के बाद पुलिस मुख्यालय ने भू-माफियाओं और जमीन दलालों की सूची तैयार की है। इसमें 49 भू-माफिया पुलिस की टॉपलिस्ट में हैं। इनके खिलाफ थानों में 2 से 7 तक मामले दर्ज हैं। भू-माफिया और जमीन दलाल जमीन कब्जाने, हत्या और घर बनाने वालों से वसूली कर रहे हैं।

## रिम्स में नियुक्ति मामले की अदालत करेगी मॉनिटरिंग

### कोविड-19 के परिप्रेक्ष्य में रिम्स की कार्यप्रणाली में सुधार संबंधि जनहित याचिका निष्पादित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रिम्स की कार्यप्रणाली में सुधार सहित राज्य में कोविड 19 की जांच में तेजी को लेकर दायर विभिन्न जनहित याचिकाओं की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को हुई। मामले में कोर्ट ने कहा कि यह जनहित याचिका कोविड-19 की पृष्ठभूमि में शुरू हुई थी, अब कोविड-19 समाप्त हो चुका है, ऐसे में इस जनहित याचिका पर सुनवाई का कोई औचित्य नहीं है। कोर्ट ने रिम्स के अधिवक्ता एके सिंह की दलील सुनने के बाद कोविड-19 से संबंधित जनहित याचिका एवं इसके साथ संलग्न 4 अन्य जनहित याचिका को निष्पादित कर दिया।

इससे पहले रिम्स की ओर से कोर्ट को बताया गया कि रिम्स में स्वीकृत पदों को भरने के लिए कोर्ट के आदेश के आलोक में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। रिम्स में दवा सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं को दुरुस्त रखने का काम सतत जारी रहने वाली प्रक्रिया है। ऐसे में रिम्स में अगर किसी तरह की कोई कमी दिखती है तो प्रार्थी चाहे तो फिर से जनहित याचिका दायर कर सकता है। इस पर कोर्ट ने कहा कि कोविड-19 से संबंधित जनहित याचिका निष्पादित की जाती है लेकिन रिम्स में नियुक्ति से संबंधित एक अन्य याचिका पर सुनवाई जारी रहेगी, कोर्ट इसकी मॉनिटरिंग करता रहेगा।

**भाजपा सांसद दीपक प्रकाश ने राज्यसभा में पूछा सवाल, मिला जवाब**

## झारखंड में लौह अयस्क और मैंगनीज खनिज के 15 खनन पट्टे, जिसमें सात ही हैं कार्यशील

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने राज्यसभा में कोयला एवं खान मंत्रालय से झारखंड में बंद पड़ी लौह अयस्क खदानों को पुनः खोले जाने से सम्बंधित जानकारी अपनी अतारांकित प्रश्न के माध्यम से मांगी। श्री प्रकाश ने जानना चाहा कि झारखंड में बंद पड़ी लौह अयस्क खदानों को पुनः खोलने के लिए सरकार के पास कोई योजना है तो वह क्या है।इसके जवाब में खान, कोयला एवं संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बताया कि झारखंड सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार लौह अयस्क, मैंगनीज खनिज के 15 खनन पट्टे हैं। जिनमें से 7 खानें कार्यशील हैं। 8 खानें गैर-कार्यशील हैं। उन्होंने अपने जबाब में कहा कि झारखंड सरकार ने यह भी सूचित किया है कि मैक्लेलोन, बुढ़ाबुरू, अजीताबुरु, अंकुआ आर, सुक्रिलुटुरबुरु, भानगांव में पट्टों के लिए वैधानिक मंजूरियां लंबित हैं । क्योंकि ये पट्टे पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी सिंहभूम जिला, सारंडा और चाईबासा में सतत खनन प्रबंधन योजना में यथा निरूपित गैर खनन क्षेत्र में आंशिक रूप से आते हैं। उन्होंने आगे कहा कि झारखंड सरकार ने सूचित किया है कि एमपीएसएम की सिफारिशों के कारण उन्हें समाप्त खनन पट्टों की नीलामी में कठिनाई आ रही है। राज्य सरकार ने पश्चिम सिंहभूम जिला, सारंडा और चाईबासा वन प्रभाग में एमपीएसएम पर रिपोर्ट में संशोधन या सुधार के लिए पुनर्मूल्यांकन अध्ययन के लिए पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के साथ इस मामले को उठाया है।

**डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई ने रांची में टेक्सटाइल पार्क को लेकर पूछा सवाल**

## झारखंड से टेक्सटाइल पार्क संबंधी प्रस्ताव मंत्रालय को प्राप्त नहीं : दर्शाना जरदोश

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** केंद्रीय राज्य मंत्री दर्शाना जरदोश ने कहा है कि झारखंड से टेक्सटाइल्स पार्क की कोई प्रस्ताव नहीं प्राप्त है। वह सोमवार को राज्यसभा में डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी के सवाल का जवाब दे रही थीं। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों से प्राप्त 54 परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। जिसमें 30 पूरी हो चुकी हैं। 24 परियोजनाओं के कार्य प्रगति पर है।

उन्होंने बताया कि भारत सरकार वस्त्र इकाइयों की स्थापना एवं वस्त्र उद्योग को अत्याधुनिक ढांचा प्रदान करने के लिये एकीकृत वस्त्र पार्क योजना क्रियान्वित कर रही है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत झारखंड सरकार ने कोई प्रस्ताव मंत्रालय को अनुमोदन के लिये नहीं भेजा है।

उन्होंने बताया कि इस योजना के अतिरिक्त भारत सरकार ने वर्ष 2027.28 तक सात वर्षों की अवधि के लिए 4,445 करोड़ रूपये के परिव्यय से प्लग एंड प्ले सुविधा सहित विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के साथ ग्रीन फील्ड ब्राउन फील्ड साइटों में 7 पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और अपैरल पार्कों की स्थापना को मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि पीएम मित्र पार्क स्थापित करने के लिये 13 राज्य सरकारों से 18 प्रस्ताव प्राप्त हुये। लेकिन झारखंड सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ।

**आरोप : अपराध करने वालों को लूट में छूट देने का काम कर रही है सरकार**

## राज्य की विधि-व्यवस्था चौपट : डॉ देव शरण भगत

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राज्य में न विधि है न व्यवस्था। सरकार ने अपराधियों के लिए प्रदेश में अनुकूल माहौल बनाया है। आज राज्य में अपराधी सरकारी संरक्षण में फल फूल रहे हैं। सरकार अपराध करने वालों को लूट में छूट देने का काम कर रही है। उक्त बातें पार्टी के मुख्य केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देव शरण भगत ने हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में कही। मौके पर पलामू और गढ़वा विस क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के कई नेताओं और सैकड़ों समाजसेवियों ने ली पार्टी की सदस्यता। पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों का शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। पार्टी में शामिल हुए सभी नेताओं का स्वागत करते हुए डॉ देव शरण भगत ने कहा कि आप सब के साथ मिलकर हम झारखंड को संवारने का काम करेंगे। हमारी पार्टी ने राज्य निर्माण में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि राज्य बन गया लेकिन हमारे सपनों का झारखंड अब तक नहीं बन पाया इसके लिए हम सभी को मिल कर काम करेंगे। आजसू जनादेश का सम्मान करना जानती है।

उन्होंने जानकारी दी कि अक्टूबर में पार्टी राज्य स्तरीय अधिवेशन का आयोजन करेगी। इसका उद्देश्य है कि राज्य के सभी 32 हजार गांव के प्रतिनिधि शामिल होकर अपनी समस्या और विचारों का आदान प्रदान करें।

पूर्व न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव ने कहा कि हम सभी को संगठित होकर आजसू पार्टी के विचारों और सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने का काम करना है। साथ ही राज्य सरकार की विफलताओं के बारे में जनता को बताना है।

पूर्व सांसद शम्भू चरण गोडसोर की पुत्री डॉ रीना गोडसोर ने पार्टी की सदयस्ता लेते हुए कहा कि आजसू पार्टी की सकारात्मक सोच से प्रभावित हो कर पार्टी में शामिल हो रही हूं। स्त्री रोग विशेषज्ञ होने के नाते महिलाओं का इलाज करते आ रही हूं, राजनीति में आने के बाद व्यवस्था में व्याप्त बीमारी के इलाज करने का प्रयास करूंगी।

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति सह बुद्धिजीवी मंच के संस्थापक डॉ सुरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि जहां जवानी का जोश होता है जमाना वहीं आता है। सिर्फ आजसू ही वो पार्टी है जो झारखंड का दिल से विकास करना चाहती है। पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो के पास वो विजन है जिससे इस राज्य का सही विकास हो सकता है।

आजसू नेता बबन सिंह ने कहा कि हमारी पार्टी हमेशा युवाओं और छात्रों की आवाज रही है। झारखंड को सवारने की छटपटाहट युवाओं में साफ दिख रही है। मौजूदा सरकार बिल के माध्यम से भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का काम कर रही है। वोट की चोट देंगे हम। राज्य के विकास के लिए हम कोई भी बलिदान देने के लिए तैयार है।

### इन्होंने पार्टी की सदस्यता ली

अधिरंजन तिवारी के नेतृत्व में आरजेडी के बीस सूत्री सदस्य रामाधार ठाकुर, पूर्व युवा कांग्रेस सचिव अनुराग तिवारी, बीएसपी के पूर्व कार्यकारणी सदस्य, जेएमएम नेता मो. सैफ व मो. सकलैन, मोहर्रम इंतेजामिया कमिटी सदर विक्की कुरेशी, रोशन सिंह, मनीष सिंह, प्रकाश साव, उपेंद्र पासवान, अभिमन्यु सिंह, अमित पांडे, रोशन सिंह, सतीश सिंह,मंटू सिंह, राहुल सिंह, चंद्र शेखर कुमार आदि।

### ट्रेनों का तेलो स्टेशन पर प्रयोगिक ठहराव



**रांची।** रेल मंत्रालय ने ट्रेन संख्या 13319/13320 दुमका - रांची-दुमका एक्सप्रेस एवं ट्रेन संख्या 18625/18626 पूर्णियाकोर्ट - हटिया- पुर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस ट्रेन का धनबाद मंडल के तेलो स्टेशन पर प्रयोगिक तौर पर ठहराव सुनिश्चित किया गया है। ट्रेन संख्या 13319 दुमका - रांची एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारम्भ दिनांक 06/08/2023 से तेलो स्टेशन पर आगमन 09:42 बजे एवं प्रस्थान 09:44 बजे होगा। वहीं ट्रेन संख्या 13320 रांची-दुमका एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारम्भ दिनांक 06/08/2023 से तेलो स्टेशन पर आगमन 16:23 बजे एवं प्रस्थान 16:25 बजे होगा। ट्रेन संख्या 18625 पुर्णियाकोर्ट - हटिया एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारम्भ दिनांक 06/08/2023 से तेलो स्टेशन पर आगमन 17:17 बजे एवं प्रस्थान 17:19 बजे होगा।

स्पीड न्यूज

## रामपुर एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र से 35 हजार की लूट

**कतरास।** कंचनपुर पंचायत के रामपुर स्थित एसबीआई की ग्राहक सेवा केंद्र में अज्ञात हथियारबंद दो लुटेरो ने दिनदहाड़े 35 हजार लुट कर चले गए। इस दौरान 4 फायरिंग होने की बात कही जा रही है। कई खोखा बरामद। सूचना पाकर मौके पर पहुंच कतरास पुलिस छानबीन में जुट गई। दो लुटेरा एक ही बाइक पर सवार थे। एसबीआई के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। दिनदहाड़े फायरिंग के साथ हुई लुट की घटना के बाद इलाके में दहशत व्याप्त है।

## विद्यापति परिषद सिंदरी के संस्थापक सदस्य को श्रद्धांजलि

**सिंदरी ।** विद्यापति परिषद सिंदरी में परिषद संरक्षक सह संस्थापक सदस्य डॉ के के ठाकुर को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सदस्यों ने कहा कि राजेंद्र उच्च विद्यालय सिंदरी के पूर्व प्राचार्य डॉ के के ठाकुर ने परिषद के हित में कई कार्यों की रुपरेखा तैयार करते हुए उन्हें अंजाम तक पहुँचाया था। निकट भविष्य में उनकी क्षतिपूर्ति की भरपाई असंभव दिख रही है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा बताए गए रास्तों पर चलना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर शांति पाठ का आयोजन भी किया गया। बताते चलें कि डॉ के के ठाकुर का निधन विगत 30 जुलाई को हो गया था। आयोजित श्रद्धांजलि सभा में विद्यापति परिषद सिंदरी अध्यक्ष अजीत कुमार मिश्रा, आर जी झा, चंद्रशेखर झा, डॉ भास्कर झा, विनोद झा, मदन मोहन झा, दिलीप झा, समर कुमार झा, अरुण झा, नीरज झा, चंद्रभूषण झा, अभिराम, शशि, लक्ष्मी उपस्थित थे।

## बाल विवाह रोकने में जनप्रतिनिधियों की भूमिका अहम

**बोकारो/कसमार।** बाल विवाह को रोकने को लेकर गर्ल्स नॉट ब्राइड्सए सहयोगिनी एवं आशा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में कसमार प्रखंड के पोंडा पंचायत सचिवालय में कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें मुखिया हारू रजवार, सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर समेत पंचायत क्षेत्र के स्टेकहोल्डर्स मौजूद थे। मौके पर गौतम सागर ने बाल विवाह के कानूनी पहलुओं की जानकारी दी। इस दौरान उपस्थित लोगों को बाल विवाह रोकने को लेकर शपथ ग्रहण भी करवाई गई। मौके पर सूर्यमनी देवीए कुमारी किरण, खीरी देवी, नीलम देवी, सोनू रजवार, मीना मुखर्जी, राजकिशोर, पारस नाथ महतो, सुरेश कुमार हांसदा, दीपबाला देवी, अनिता देवी, रामचरण मांझी, मुरारी सिंह, नेहा कुमारी, शत्रुघ्न हेम्ब्रम, सुरेश कुमार नायकए परमेश्वर मांझीए सुरेश हांसदाए अजीत हांसदा, वीरेन्द्र हेम्ब्रम, शिवलाल टुड्डू, विशाल हेम्ब्रम, युवराज सिंह, प्रमोद सिंह, बेबी देवी, उत्पल मुखर्जी व अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## झरिया कपड़ा पट्टी में शौचालय निर्माण कराने की मांग

**झरिया।** धनबाद निर्माण का दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह से आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। झमाडा के बिल का झारखंड के मुख्यमंत्री का ध्यान दिलाने हेतु विधायक का आभार प्रगट किया। साथ ही बिल पर लगे सरचार्ज की माफ कराने का शीघ्र प्रयास करने का आग्रह किया। विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने आश्वस्त किया कि इस पर यथा शीघ्र कार्य होगा। साथ ही कहा कि जन प्रतिनिधि चुने हुए जनता का सार्थी होते है। हमारा एक ही उद्देश्य की जनता की विश्वास पर खरा उतरकर सही जन सेवक का फर्ज निभा सकूं।उसके उपरांत कपड़ा पट्टी मे एक पेशाब घर के निर्माण की मांग पर उन्होने कहा की जगह चिन्हित कराये जल्द ही निर्माण करा देगे। प्रतिनिधिमंडल मे उपेन्द्र गुप्ता श्रीकान्त अम्बष्ट थे।

### सभी तैयारी को 13 अगस्त तक पूरा कर लेने का निर्देश

# डीसी ने की स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह की तैयारी की समीक्षा

**●प्लास्टिक से बने राष्ट्रीय ध्वज का उपयोग नहीं करने की अपील**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन नेसोमवार को समाहरणालय के सभागार में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रणधीर वर्मा स्टेडियम (गोल्फ ग्राउंड) में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मुख्य समारोह की सारी तैयारियों को 13 अगस्त तक पूरा कर लेने, रणधीर वर्मा स्टेडियम में अग्निशमन वाहन के साथ एंबुलेंस व चिकित्सक की टीम रखने, स्कूली छात्रों एवं आम जनता से प्लास्टिक के बने राष्ट्रीय ध्वज का उपयोग नहीं करने की अपील करने, प्लास्टिक के बने राष्ट्रीय ध्वज की बिक्री पर रोक लगाने का निर्देश दिया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूरे जिले में ड्राई डे घोषित रहेगा।उपायुक्त ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की विभिन्न तैयारियों के संपूर्ण प्रभार में उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह रहेंगे। 13 अगस्त को उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार रणधीर वर्मा स्टेडियम में परेड के पूर्वाभ्यास व समारोह की तैयारियों का निरीक्षण करेंगे।


स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर बैठक करते उपायुक्त।

**80 अमृत सरोवर पर होगा झंडोत्तोलन**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 80 अमृत सरोवर पर झंडोत्तोलन किया जाएगा। संध्या 6 :30 बजे से 8 :30 बजे तक न्यू टाउन हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

**बैठक में थे मौजूद**

बैठक में उपायुक्त वरुण रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था कमलाकांत गुप्ता, अपर समाहर्ता नंदकिशोर गुप्ता, निदेशक डीआरडीए मुमताज अली अहमद, डीसीएलआर सतीश चंद्रा, अनुमंडल पदाधिकारी प्रेम कुमार तिवारी, जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह, एडीएम सप्लाई योगेन्द्र प्रसाद, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय - 1 अमर कुमार पांडेय, उप समाहर्ता प्रदीप कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप तथा अन्य विभागों के पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# कुसुंडा-गोधर बेरोजगार संघर्ष समिति का जीएम ऑफिस के समक्ष धरना-प्रदर्शन


आउटसोर्सिंग कंपनी में रोजगार की मांग पर धरना देते स्थानीय विस्थापित।

खबर मन्त्र संवाददाता

**केंदुआ।** कुसुंडा-गोधर बेरोजगार संघर्ष समिति द्वारा सोमवार को कुसुण्डा क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन कर विश्वकर्मा परियोजना के पास कार्य कर रही आउटसोर्सिंग कम्पनी मे स्थानिय प्रभावित 75 प्रतिशत बेरोजगारों को रोजगार देने समेत 7 सुत्री मांग पत्र को महाप्रबंधक को सौंपा। इनके मांगों मे सद्भाव आउटसोर्सिंग मे पुर्व मे कार्यरत मजदुरों रोजगार, हाई पावर कमिटी द्वारा निर्धारित वेतनमान,प्रदुषण की रोकथाम, कुसुण्डा के जर्जर पुल का निर्माण,समाप्त परियोजना का समतलीकरण एवं वृक्षारोपण तथा विस्थापित को पुनर्वास ,तथा असंगठित मजदुरों का कुसुण्डा मे मैन्युअल लोडिंग चालु करना शामिल है।इस दौरान महाप्रबंधक ने उनकी मांगो पर सहानुभुतिपुर्वक विचार करने तथा आउटसोर्सिंग प्रबंधक से त्रिपक्षीय वार्ता करने का आश्वसन दिया। इस प्रदर्शन मे शंकर विश्वास, विनय सिंह, नवल सिंह, सूरज सिंह, रमेश रवानी, रंजीत यादव,सुदामा चौहान, राजु पाण्डेय, तरुण मल्लिक, शंभु प्रसाद, सोनु वर्णवाल, सुबोध राय, उपेन्द्र राम, कर्मा भुइयां, लक्ष्मी भुइयां, अरुण चौबे आदि शामिल थे।

## वालीबॉल में सविमं सिंदरी की टीम विजयी

**सिंदरी।** सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल के क्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2023 में सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी की छात्राओं ने मेजबान टीम औरंगाबाद को हराकर फाइनल में जीत दर्ज की। यह प्रतियोगिता 5 और 6 अगस्त को बिहार राज्य के औरंगाबाद जिले में बिहार और झारखंड के सरस्वती विद्या मंदिर के स्कूली छात्र छात्राओं के बीच आयोजित की गई थी। उक्त जानकारी साझा करते हुए सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सिंदरी प्राचार्य सुनील कुमार पाठक ने हर्ष जताते हुए बताया कि किशोर वर्ग की छात्राओं ने स्कूल का नाम रौशन किया है। उनकी टीम ने मेजबान टीम सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल औरंगाबाद को फाइनल मुकाबले में हराकर विजेता बनी है। सिंदरी की टीम ने फाइनल मुकाबले में औरंगाबाद की टीम को 25 / 13 और 25 / 18 से एकतरफा जीत दर्ज की है। उन्होंने होसलाअफजाई करते हुए टीम को बधाई दी है।

**एक नजर में**

## सावन सोमवारी पर शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु



**बेरमो/फुसरो।** सावन मास की पॉचवी सोमवारी के अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में प्रातः से ही श्रद्धालुओं की आपार भीड़ देखने को मिली। भगवान शिव को कोई बेल पत्र अर्पण कर रहा है तो कोई जलाभिषेक कर रहे थे। पांचवीं सोमवारी के अवसर पर शिव मंदिरों के पुजारी क्रमवार श्रद्धालुओं को वैदिक मंत्रोचारण के साथ पूजा-अर्चना करा रहे थे। क्षेत्र के फुसरो के मेन रोड फुसरो, रानी बाग, बेरमो ब्लॉक के समीप, मकोली, शारदा कॉलोनी, सेंट्रल कॉलोनी, करगली बाजार, पुराना वीडियो ऑफिस, करगली गेट, करगली बाजार, सुभाष नगर, जवाहर नगर, अमलो, ढोरी बस्ती के रेहवाघाट, बड़कीटांड़, सोतारडीह, कदमाडीह, बालुबैकर, सिंगारबेडा, पिछरी, चलकरी, अंगवाली आदि में श्रद्धालु प्रातः से दोपहर तक मंदिरो में आते रहे। फुसरो के भुतबंगला स्थित मंदिर के पुजारी अशोक पांडेय ने पूजन कराया।

## मंजूरा में सोलर लिफ्ट इरिगेशन का शिलान्यास


सोलर लिफ्ट इरिगेशन निर्माण का शिलान्यास करते जिप सदस्य।

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के मंजूरा पंचायत के भूताही टोला में 15वें वित्त आयोग जिला परिषद द्वारा अनुशंसित लिफ्ट इरिगेशन कार्य का शिलान्यास जिप सदस्य अमरदीप महाराज व गोमिया विधायक प्रतिनिधि कौशल्या देवी द्वारा किया गया। इस दौरान जिप सदस्य अमरदीप महाराज ने कहा कि भुतही टोला के कृषकों की सिंचाई करने में सहुलियत होंगी। किसानों को सिंचाई के लिए लंबे समय तक पर्याप्त पानी मिलेगा जिससे वे साल भर खेती कर सकेंगे। उन्होंने लोगों से सवार्गीण विकास के प्रति सजग व जागरूक रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में प्रखंड का एक भी गांव व टोला, विकास से अछूता नहीं रहेगा। मौके पर मानिक महतो, धनलाल कपरदार, सुमित कुमार, गंगाधर महतो, सरजू महतो, रास बिहारी महतो, विकास महतो, बैजनाथ महतो, सुरेश महतो, चमेली कुमारी, गायत्री देवी, आशा कुमारी, रेखा कुमारी मौजूद थीं।

## अभाविप के सदस्यता अभियान का उद्घाटन

**कतरास।** सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यता अभियान का प्रारंभ पूरे झारखंड प्रदेश में बड़े जोर शोर से हुआ। इस सत्र के लिए सदस्यता अभियान को चार चरणों में संपन्न किया जाएगा। पहला चरण 07 से 14 अगस्त तक चलेगा । जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं की सदस्यता कराई जाएगी। कतरास नगर में भी सदस्यता अभियान का उद्घाटन बड़े जोर शोर से हुआ। कतरासगढ़ स्थित डीएवी प्लस टू स्कूल में सदस्यता अभियान हेतु उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सदस्यता अभियान के प्रांत सह प्रमुख शिवम रवानी ने छात्र-छात्राओं को विद्यार्थी परिषद के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# राज्य के सर्वांगीण विकास को सरकार प्रतिबद्ध : सीएम

**●लाभुकों के बीच किया परिसंपत्ति का वितरण**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/चंद्रपुरा।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बोकारो के चंद्रपुरा प्रखंड अंतर्गत तारानारी के शनिचर मैदान में पहुंच कर कई महत्वकांक्षी योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किए। समारोह की शुरूआत मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने आयोजित मुख्य समारोह स्थल से 11,186 लाभुकों के बीच 116 करोड़ 90 लाख 66 हजार राशि की परिसंपत्तियों का वितरण किया। उक्त कार्यक्रम में मंत्री, उत्पाद एवं मध निषेध विभाग, झारखंड सरकार बेबी देवी, मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार मिथिलेश ठाकुर, राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त योगेंद्र महतो, बेरमो विधायक जयमंगल उर्फ अनूप सिंह समेत कई गणमान्य शामिल हुए। उनका स्वागत पारम्परिक झारखंड की संस्कृति के अनुसार किया गया। बोकारो उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने गुलदस्ता भेंटकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री सोरेन द्वारा तारानारी में आयोजित समारोह से 292 करोड़ 54 लाख 23 हजार रुपए का विभिन्न विभागों के 25 योजनाओं का शिलान्यास किया गया। श्री सोरेन ने कहा कि झारखण्ड के सर्वांगीण विकास हेतु उनकी सरकार प्रतिबद्ध है। मौके पर जिले के सभी पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों सहित अन्य मौजूद थे।



बोकारो में योजनाओं का शिलान्यास करते सीएम हेमंत सोरेन व अन्य मंत्रीगण।

# आजीविका संसाधन केंद्र फार्मटांड़ में पौधरोपण

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** कसमार आजीविका संसाधन केंद्रए फार्म टांड़ में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत मड़ुआ की खेती को बढ़ावा देने के लिए श्री अन्न योजना के तहत डेढ़ एकड़ भूमि पर मडुआ का बिचड़ा रोपा गया। वहीं परंपरागत खेती के तहत मेडिसिनल पौधा मुनगा के भी लगभग 238 पौधे लगाए गये। कसमार बीडीओ विजय कुमार ने पौधरोपण कर शुरूआत किया। इस दौरान मनरेगा बीपीओ राकेश कुमार ने कहा कि मनरेगा और जेएसएलपीएस संयुक्त रूप से सखी मंडल व महिला समूह सदस्यों के साथ कृषि कार्य को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। मडुआ पारंपरिक अन्न है प्रोटीन से भरपूर है। वहीं मुनगा भी मेडिसिनल प्लांट है। जिसके फलए फूलए पतियां साग भी उपयोगी होता है। जिससे किसानों को मुनाफा होगा। जेएसएलपीएस बीपीएम संजीव कच्छप, आर्गेनिक बीपीएम दिलासाद अंसारी, एफटीसी राजकुमार सिंह, रेखा देवी, बैजंती देवी, उमा देवी, रजत मिश्रा, देवेंद्र महतो आदि मौजूद थे।


कसमार में केंद्र के फार्म में पधरोपण करते सदस्य।

# बिहार कोलेयरी कामगार यूनियन बरमुडी ओसीपी कमेटी का गठन

**कुमारधुबी।** बरमुडी ओसीपी परिसर में सोमवार की सुबह बिहार कोलेयरी कामगार यूनियन बरमुडी ओसीपी कमेटी का गठन यूनियन के महामंत्री सह पूर्व विधायक चटर्जी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। बैठक में सर्व समिति से अध्यक्ष ओम प्रकाश महतो, उपाध्यक्ष योगेंद्र चौहान, एजाज खान, मायावती देवी, सचिव रामानंद राजभर, सह सचिव सोमेश्वर कुमार, विकास मंडल, जोगिंदर चौहान, संगठन सचिव भानु प्रताप सिंह, तरुण राय, कालीचरण मिस्त्री, कोषाध्यक्ष मायावती देवी, कार्यकारी सदस्य राजू मल्लाह,चंदन साव, सुलेमान खान, अजय राम का चयन किया गया। सभी चयनित पदाधिकारियों को पूर्व विधायक अरूप चटर्जी के द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद बीसीकेयू ग्रुप का गठन किया गया। जिसके बाद अध्यक्ष दिलीप सिंह, उपाध्यक्ष कुमार साहब, खोखन रविदास, विनय सिंह, सचिव रामजी यादव,सह सचिव अशोक सिंह, महेंद्र नोनिया,बैजनाथ यादव, रमेश पटेल का चयन किया गया।

# जदयू प्रदेश महासचिव बनने पर दीपनारायण सिंह सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**तोपचांची ।** सोमवार को यूथ फोर्स कार्यालय हीरापुर,तोपचांची में जदयू महिला प्रकोष्ठ द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें दीपनारायण सिंह को पुनः जदयू झारखंड प्रदेश महासचिव बनाये जाने पर जदयू महिला प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव बिंदु देवी के नेतृत्व में महिलाओं ने पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। । स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए दीपनारायण सिंह ने कहा कि जदयू पार्टी ने मुझे झारखंड प्रदेश महासचिव मनोनीत किया है। मैं केन्द्रीय नेतृत्व के साथ साथ क्षेत्रवासियों को आभार व्यक्त करता हूं। साथ ही साथ आशा करता हूं कि जदयू को पुरे गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में मजबूत करने के लिए महिला प्रकोष्ठ के साथ मिलकर काम करुंगा। श्री सिंह ने कहा कि पुरे देश में सिर्फ और सिर्फ जदयू एक पार्टी है जो महिलाओं को उचित सम्मान देने का काम किया है। समारोह का संचालन तोपचांची के अध्यक्ष फूलचंद दास और धन्यवाद ज्ञापन बिंदु देवी ने किया।

# चोरी का ट्रैक्टर जब्त, दो गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बीते रविवार के दिन जगेश्वर बिहार थाना क्षेत्र के मुरपा गांव से चोरी हुए ट्रैक्टर को पुलिस ने अनुसंधान के क्रम में बोकारो से बरामद कर लिया है। बरामद ट्रैक्टर के साथ पुलिस ने हजारीबाग जिला के बरही थाना क्षेत्र के कोंडरा गांव निवासी पिंटू मल्हार और बिहार के गया जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र निवासी रामजी कुमार नाम के दो अप्राथमिकी अभियुक्त को भी गिरफ्तार किया है। दोनों अभियुक्तों को तेनुघाट जेल भेज दिया गया है। ट्रैक्टर चोरी में सम्मिलित चोरों को गठित टीम की ओर से बरही और फतेहपुर से पकड़ कर लाया गया है। साथ ही चोरी हुए ट्रैक्टर को भी बरामद कर लिया गया है। पकड़े गए चोरों को तेनुघाट जेल भेज दिया गयाण वहीं पुलिस ने ये खुलासा किया है कि दोनों अभियुक्त अंतराज्यीय गिरोह के सदस्य हैं। जानकारी के मुताबिक जगेश्वर बिहार थाना प्रभारी संदीप कृष्णा ने बताया कि जगेश्वर बिहार थाना में दर्ज कांड संख्या 16/23 धारा 379 में प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है। इस क्रम में ये खुलासा हुआ है।

## छात्राओं के बीच स्वास्थ्य जांच शिविर

**कतरास।** सोमवार को सीबीएसई के निदेर्शानुसार विद्यालय में स्वास्थ्य और कल्याण विषय पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

# बीआईटी सिंदरी के छात्रों ने लगाये 25 हजार पौधे

**●बीआईटी सिंदरी ने चलाया एक छात्र एक पेड़ अभियान**

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी में मिशन मेरीलाइफ के तहत एआईसीटीई की पहल के रूप में सोमवार को एक छात्र एक पेड़ अभियान के तहत 25 हजार पौधों का रोपण किया गया। इस अभियान के तहत संस्थान के अंदर देशपांडे आडिटोरियम, प्रशासनिक भवन, विभिन्न अभियंत्रण विभागों सहित पुस्तकालय में पौधरोपण किया गया। पौधरोपण अभियान का नेतृत्व बीआईटी सिंदरी के प्रभार निदेशक प्रो घनश्याम द्वारा किया गया। उन्होंने पारिस्थितिकियों की पुनर्स्थापना और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में पेड़ लगाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह अभियान पृथ्वी की पारिस्थितिकियों की संरक्षण और पुनर्स्थापना को बढ़ावा देने के लिए पेड़ लगाने के पहल में भाग लेने की शपथ लेकर शुरू हुई है। विशाल पौधरोपण अभियान में संस्थान के अंदर 25000 पौधों का रोपण किया गया है। अभियान में जेनरल वार्डन प्रो आर. के. वर्मा, प्रो बी डी यादव, प्रो प्रकाश कुमार, प्रो मो अबुल कलाम, मीनाक्षी चौधरी, डॉ स्वाति तोमर, डॉ राजेंद्र मुर्मू, प्रो विश्वरंजन मिश्र और प्रो जितू कुजूर, ईको क्लब के छात्रों योगेश, रणबीर शामिल थे।


पौधरोपण अभियान में शामिल शिक्षक और विद्यार्थीगण।

## खाली पड़ी जमीन पर लगाये गये ढाई लाख पौधे

**चिरकुडा।** ईसीएल मुगमा क्षेत्र व वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान मे कुमारधुबी कोलियरी के खाली पड़े जमीन पर व सड़क किनारे पहली बारिश के बाद पौधरोपण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिसमें मुगमा क्षेत्र के तीन कोलियरियों के खाली पड़े जमीनो पर ढाई लाख पौधों का रोपन किया जाना है जिसको लेकर दोनों विभाग तैयारी पुर्ण कर कार्य प्रारंभ कर दिये है। हड़ियाजाम, कुमारधुबी व लखीमाता कोलियरी में पौधरोपण किया गया। वहीं सीसम, आम, जंगली लकड़ी वाले पौधो के साथ अन्य पौधे लगाये गये।

**कार्यालयः-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. - 8987790115, Pin Code - 835207

पत्रांक ................................/ दिनांक ................................/

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 25.06.2023 को भरनो (मुड़कटी अम्बा), थाना-भरनो के पास से गुप्त सूचना के आधार पर लगभग 08:30 बजे अपराह्न 14 पीस साल बोटा सहित एक ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0- अज्ञात को जप्त कर सिसई अवस्थित नर्सरी वन परिसर में सुरक्षित रखा गया है। 14 पीस साल बोटा सहित एक ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0- अज्ञात के विरुद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 14.08.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे दिन में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल

PR 304167 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)#D

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, कोडरमा**

पत्रांक ................................/ दिनांक ........................../

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 14/2023-24**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :- कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमंडल, कोडरमा ।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :- 17.08.2023 को 1.00 बजे अपराह्न तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- 18.08.2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 18.08.2023 को 3.30 बजे अपराह्न ।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय। ख. अधीक्षण अभियन्ता, भवन अंचल, हजारीबाग का कार्यालय ।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :- क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय।
7. कार्य की विवरणी :-

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | अग्रधन राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | डोमचाँच प्रखण्ड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बच्छेडीह में चाहरदीवारी का निर्माण कार्य। | 12,96,900/- | 2500/- | 26000/- | 2 माह। |

निविदा की शर्तें को www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन प्रमण्डल, कोडरमा

PR 304189 Building (23-24)_D

# पंचायत की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विगत दिनों कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आजादी के चार दशक बाद तक पार्टी को यह समझ नहीं आया कि गांवों में पंचायती राज प्रणाली लागू करना कितना जरूरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने जिला पंचायत प्रणाली को भी भाग्य भरोसे छोड़ दिया था। प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो दिवसीय कार्यक्रम हरियाणा क्षेत्रीय पंचायती राज परिषद का उद्घाटन करने के बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने आरोप लगाया, कांग्रेस के शासन में पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने के कोई ठोस प्रयास नहीं किए गए। देश आज विकासित भारत के लक्ष्य को हासिल करने और अमृत काल के प्रस्तावों को साकार करने की दिशा में एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है। इस अमृत काल की 25 वर्ष की यात्रा के दौरान हमें पिछले दशकों के अनुभवों को भी याद रखना होगा। विकसित भारत का मार्ग टियर-2, टियर-3 शहरों और गांवों से होकर गुजरता है। मुख्य शहरों से दूर के स्थानों और छोटे शहरों में उम्मीद की नयी किरण एवं ऊर्जा दिखाई देती है। पीएम मोदी के भाषण से हटकर यह भी याद करना होगा कि राजीव गांधी ने अपने काल में पंचायतों को अधिकार देने की पहल की थी और कानून बनाया था। विगत एक दशक में इस दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। आज भी न्याय, कानून, प्रशासन, बड़ी योजना का नियंत्रण बड़ें शहरों में रहने वाले गांव को न समझने वालों के हाथ में है। भूमि सुधार अधूरा है। सिचाई 46 प्रतिशत भूमि तक पहुंची है। पंचायत आने वाले समय में देश की सबसे बड़ी ताकत होगी इसके वगैर देश विकसित नहीं होगा। पंचायतो को वित्तीय, कूननी और विकास की अपनी योजना के अधिकार देने के बाद ही देश का समग्र विकास संभव है जिसकी चर्चा महात्मा गांधी किया करते थे।

# संसद पहुंचे राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल हो गयी है। सुप्रीम कोर्ट के 4 अगस्त के आदेश के मद्देनजर लोकसभा सचिवालय ने सोमवार को इसकी अधिसूचना जारी की। अब वह मणिपुर मुद्दे पर विपक्षी दलों द्वारा मंगलवार को सरकार के खिलाफ लाए गए महत्वपूर्ण अविश्वास प्रस्ताव पर बहस में हिस्सा ले सकते हैं। मोदी उपनाम संबंधी टिप्पणी से जुड़े मानहानि मामले में गुजरात के सूरत की एक ट्रायल कोर्ट द्वारा दोषी ठहराये जाने व दो साल जेल की सजा सुनाये जाने के बाद राहुल गांधी को लोकसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। शीर्ष अदालत ने बीते शुक्रवार को एक आदेश में राहुल की दोषसिद्धि पर रोक लगा दी थी, जिससे उनकी लोकसभा में वापसी का रास्ता साफ हो गया था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक ट्वीट में कहा, राहुल गांधी के सांसद के रूप में बहाल होने के बाद, भाजपा को विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के बजाय शासन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय से कांग्रेसियों में उत्साह है। निश्चित तौर पर इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने यह समझा कि चुनावी भाषणों में जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग हो रहा है वह भारतीय लोकतंत्र के लिये अच्छा नहीं है पर देश के बड़ें नेता होने के साथ ही वे केरल के वायनाड से सांसद भी है इस कारण उन्हें इस अपराध की इतनी बड़ी सजा नहीं मिलनी चाहिए। राजनीति में विगत दिनों जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग हो रहा है वह कहीं से भी उचित नहीं कहा जा सकता है। इस मामले में कोई भी राजनीतिक दल पाक साफ नहीं है। इस प्रकरण में न्यायालय के निर्णय पर जिस प्रकार के सवाल उठाये गये वह भी सही नहीं था। यह निर्णय देश में न्याय और लोकतंत्र की जीत के तौर पर देखा जाना चाहिए।

# विश्व आदिवासी दिवस की प्रासंगिकता



**विश्व** आदिवासी दिवस नौ अगस्त को मनाया जाता है। यह दिन विश्व भर के आदिवासियों के हित और अधिकार को अपने में समेटे है। इस अवसर पर पूरे देश में छोटे बड़ें कार्यक्रम भी आयोजित होते हैं। इन कार्यक्रमों का सिलसिला 1993 से जोर पकड़ता गया है। इसी वर्ष से नौ अगस्त को अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस मनाने की घोषणा हुई।

विश्व मूल आदिवासी दिवस मनाने के कारणों पर जाए तो यह एक मर्माहत करने वाला अंदरूनी विषय है जिस पर चर्चा कम ही होती है। लेकिन इस सच को देश ही दुनिया के प्रत्येक व्यक्ति को जानना आवश्यक है। आज से 524 साल पहले 1498 ई में यूरोप के एक छोटे से देश स्पेन निवासी कोलंबस नामक नाविक अपने लाव लश्कर के साथ समुद्री यात्रा पर निकला। उसने भारत की संपन्नता और एश्वर्य के बारे में सुन रखा था। लेकिन समुद्री तुफान के कारण रास्ता भटक कर वह अमेरिका पहुंच गया। तब अमेरिका में गोरे लोग नहीं थे। काले और निर्धन आबादी का वहा जमावड़ा था। लेकिन वे अपनी संस्कृति रीति रिवाज और परम्पराओं के साथ ही जीते थे। कोलंबस भारत की खोज में निकला था लेकिन उसने एक नयी भूमि की खोज कर ली थी जो अमेरिका था। जिस दिन कोलंबस अमेरिका की धरती को छुआ था यानि उस धरती पर पहुंचा था वह तारीख नौ अगस्त 1498 थी। कोलंबस को लगा कि वह इंडिया की खोज करने में सफल हो गया है इसलिये उसने वहां स्थित लोगों को इंडियन कहकर संबोधित किया। वही लोग आगे चलकर रेड इंडियन कहलाये।

कोलंबस के बाद यूरोप के कई देशों के नाविक और समुद्री अभियान में लगे जन समूह भी अमेरिका पहुंचे। धीरे-धीरे यूरोप के गोरों ने अमेरिका पर कब्जा जमा लिया। इन गोरों ने वहां के मूलवासी रेड इंडियन्स पर अंतहीन अमानवीय अत्याचार किये जिसके कारण उनकी स्थिति अत्यंत खराब होती हुई लुप्त प्राय हो गयी। जो थोड़ें बच गये उनके पास सनातन पद्धति रीति रिवाज और धार्मिक समाजिक बोध कराने वाले हरेक तत्व से उन्हें अलग कर दिया। उनके हाथ में बाइबिल थमा दिया गया। उनके नेटिव्स के आस्तित्व को ही समाप्त करने की साजिश रची गयी जिसमें एक हद तक उन्हें सफलता भी मिली।बाद के काल खंड में जो हुआ उसे याद कर दुनिया सिहर उठती है। रंगभेद और नरसंहार का खेल शायद सबसे पहले यही हुआ था। यूरोप के गोरों के द्वारा अमेरिका में यह खेल किया गया ऐसा नहीं था। पूरी दुनिया में जहां-जहां उन्हें अवसर मिला उन्होंने यही खेल किया। अफ्रीका और आस्ट्रेलिया में भी ऐसे ही दुष्कृत्य किये गये। गोरे जहां भी गये एक ही प्रकार से अत्याचार का काम किया और हमारे पूर्वज इसके शिकार हुए। अफ्रीका में हमारे पूर्वजों ने इन गोरों का प्रसन्नता पूर्वक स्वागत किया लेकिन इन लोगों ने कुटिल चालचल कर हमारे धर्म और संस्कृति को समाप्त करने की दिशा में चाल चल दी। हमारे पूर्वजों के हाथ में बाइबिल थमा दी। जब तक हम आंख खोलते तब तक हमारी धरती हमारे आकाश और हमारा सब कुछ उनलोगों ने कब्जा कर लिया था।



-शिवशंकर उरांव

**यूरोपीय देश नये नये नरेटिव पैदा कर उसे पूरी दुनिया में फैलाने के लिये तत्पर है और वे उसमें सफल भी हो जाते हैं। उनके द्वारा पोषित एजेन्सिया भारत में विभिन्न संगठनों के माध्यम से अपने एजेंडा को पूरे देश में लागू कर भ्रम की स्थिति पैदा कर रही है। इनका काम जनजातिय संगठन को तोड़ मरोड़ कर अपने आप को स्थापित करना है। विश्व आदिवासी दिवस के नाम पर ऐसे संगठन विगत चार दशकों से सक्रिय हैं।**

हम प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर पर्वत और पठारों पर सीमित साधनों के साथ निवास कर रहे थे।उनकी कुटिल नजर इस पर भी गयी और हमारे खनिज संपदा को भी जमकर लूट लिया गया। आस्ट्रेलिया के मूल निवासी माबो के साथ ऐसा ही कुछ किया गया। यही कारण था कि यूरोप के मूल निवासी आस्ट्रेलिया के पीएम ने अपने वंशजो के अत्याचार के कार्य पर वर्षो बाद क्षोभ व्यक्त किया। 24 फरवरी को उन्होंने पूरी दुनिया से अपने पूर्वजों द्वारा आदिवासियों पर किये गये अत्याचार के लिये दुनिया से माफी मांगी। अब मीडिया के त्वरित प्रसार के युग में नौ अगस्त का महत्व और उसके पीछे छिपे दर्द का पर्दाफाश हो चुका है और यह सच आदिवासी दिवस पर सभी लोगों को जानना चाहिए।

मेरा मानना है कि यह दिन आक्रोस और दुख प्रकट करने का दिन है। इस पर हम खुशी मनाकर इस दिवस की गरिमा और हमारे समाज की पीड़ा को सही ढंग से याद नहीं करते हैं। इतिहास के पन्नों से सच निकाल कर उसका विश्लेषण कर दिया गया है। हमें इस दिन किसी भी हाल में खुशियां नहीं मनानी चाहिए।

हमारे देश में 15 नवंबर जो हमारे स्वाभिमानी मूलवासी के आदर्श भगवान बिरसा मुंडा का जन्म दिन और वर्तमान मादी सरकार ने जिसे आदिवासी स्वाभिमान दिवस घोषित किया है उस दिन हमें गर्व और खुशी मनाना चाहिए।

यूरोप के गोरों के लिये नौ अगस्त का दिन खुशी का दिन हो सकता है क्योंकि इसी दिन उन्होंने अमेरिका की धरती पर पैर रखा था लेकिन विश्व भर के मूलवासियों के लिये यह पीड़ा का दिन है।

यूरोपीय देश नये नये नरेटिव पैदा कर उसे पूरी दुनिया में फैलाने के लिये तत्पर है और वे उसमें सफल भी हो जाते हैं। उनके द्वारा पोषित एजेन्सिया भारत में विभिन्न संगठनों के माध्यम से अपने एजेंडा को पूरे देश में लागू कर भ्रम की स्थिति पैदा कर रही है। इनका काम जनजातिय संगठन को तोड़ मरोड़ कर अपने आप को स्थापित करना है। विश्व आदिवासी दिवस के नाम पर ऐसे संगठन विगत चार दशकों से सक्रिय हैं। यूरोप और दुनिया के विभिन्न देशों से धन प्राप्त कर अपनी कुत्सित दुकानदारी चलाने वाले इन संगठनोंने ही आदिवासी दिवस को प्रायोजित किया है। आखिर आदिवासी यातना के इस बुरे दिन नौ अगस्त को आदिवासी दिवस मनाने के पीछे क्या तर्क है?

देश के भोले और सरल आदिवासी समुदाय और समाज इनके गलत चालों का अनजाने में शिकार हो गया है और कथित आदिवासी दिवस के नाम पर इतराता, इठलाता, झूमता अपने सभ्यता की बर्बादी के दिवस की तारीख नौ अगस्त में अपना अस्तित्व और पहचान तलाश रहा है। यह गंभीर चिंतन का विषय है।

**(लेखक भाजपा जनजातिय मोर्चा के प्रांतीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हैं।)**

## खास बात

# पाक पर शक


**आर.के. सिन्हा**

**सोशल** मीडिया पर सीमा और अंजू की मोहब्बत से जुड़ी कहानियों को चटकारे लगाकर पेश किया जा रहा है। पर इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है कि कहीं इन दोनों के कथित इश्क में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों का कोई रोल तो नहीं है। ये आप सभी जानते हैं कि सीमा एक पाकिस्तानी महिला है। उसका ग्रेटर नोएडा के सचिन नाम के नौजवान से सोशल मीडिया पर इश्क का परवान चढ़ा तो वो अपना वतन और शौहर को छोड़कर नेपाल होते हुए अपने प्रेमी के पास आ गई। वो अपने साथ अपने बच्चों को भी ले आई। उधर, राजस्थान के भिवाड़ी में रहने वाली दो बच्चों की मां अंजू पाकिस्तान चली गई अपने प्रेमी से मिलने। वहां उसने निकाह के बाद इस्लाम धर्म को कुबूल भी कर लिया । अब अंजू हो गई है फातिमा। अंजू की फेसबुक के जरिये पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वाह प्रान्त में रहने वाले 29 साल के नसरूल्लाह से दोस्ती हुई थी, यह बताया जा रहा है । एक दुश्मन देश की नागरिक का अपने चार छोटे बच्चों के साथ नेपाल से बिना किसी अवरोध या मदद के या गतिरोध ग्रेटर नोएडा तक आसानी से पहुंचना गंभीर सवाल तो खड़े करता ही है। इसी तरह से नेपाल के रास्ते पाकिस्तान के आतंकवादियों को भारत में कत्लेआम मचाने के लिए भी तो भेजा जा सकता है। पाकिस्तान ने 2008 में मुंबई में यही तो किया था। उसके बाद मुंबई हमेशा-हमेशा के लिए बदल गई।

26 नवंबर 2008 को पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकवादियों ने समुद्री मार्ग से मुंबई में प्रवेश किया और अचानक मुंबई के बाजार और चौराहों पर हमला कर दिया। उस आतंकी हमले में सैकड़ों लोगों की जान चली गई और हजारों करोड़ रुपये की संपत्ति तबाह हो गई। इसके बावजूद पाकिस्तान में उस हमले के मास्टर माइंड खुलेआम घूम रहे हैं। अगर कोई सोच रहा है कि मुंबई हमलों के बाद सब कुछ शांत हो गया था, तो वे फिर पठानकोट और उसके बाद उरी की घटनाओं को भी जरा याद कर लें। पाकिस्तान किसी भी रास्ते से भारत की पीठ पर वार कर सकता है। क्या यह संभव नहीं है कि पाकिस्तान की ही खुफिया एजेंसियों ने ही सीमा को भारत में भेजा हो ताकि टोह ली जा सके।

# व्यक्ति का भाव

## धर्म-प्रवाह



**श्रीराम शर्मा आचार्य**

**आवेश** प्रधान व्यक्ति का हर काम उतावली से भरा होता है। वह अपने कामों में आवश्यक धैर्य तथा संतुलन नहीं रख पाता। समय से पूर्व फल की आकांक्षा करने पर जब वह पूरी नहीं होती, तब उत्तेजित होकर खीझ उठता है। तब वह या तो अपने कर्त्तव्य कर्म से चिढ़ने लगता है अथवा समाज को दोषी मान कर द्वेष करने लगता है और बदले में अपने विरोधी पैदा कर लेता है ।आवेश प्रधान व्यक्ति की बेल कभी सिरे नहीं चढ़ती। उसकी अस्त-व्यस्त गति उसके पैरों को उलझाती रहती है। उसके काम बिगड़ते अथवा कुरूप होते रहते हैं, जिससे उसे एक दिन स्वयं अपने से अरुचि हो सकती है और तब किसी ऊँचे लक्ष्य को पाना तो क्या सामान्य जीवन भी खिन्नता से भर जाता है। आवेश निश्चय ही एक मानसिक रोग है। जिसका उपचार धैर्य, संतुलन तथा स्थिरता ही है। यदि आप में आवेश की दुर्बलता है तो पहले अभ्यास एवं प्रयत्नपूर्वक उसे धैर्य, संतुलन तथा स्वयं से स्थानापन्न कर लीजिए, तब शांतिपूर्वक अपना लक्ष्य निर्धारित करिए। दिशा का निर्णय करिए और सोचे हुए सुनियोजित कार्यक्रम के अनुसार गंतव्य की ओर कदम बढाइए ।

असहनशील व्यक्ति मार्ग की उन बाधाओं तथा विरोधों से उस प्रकार नहीं निपट सकता जिस प्रकार प्रगति के महत्वाकांक्षी के लिए संभव है। विरोधों का विरोध करना होता है। अवरोधों को धकेलना होता है।

## कार्टून वर्ल्ड

**कैसा विकास?**



साभार कॉटूनमूवमेंट डॉट काम

## लेटर टू एडिटर

### सर्च इंजन का भरोसा

**जब** भी आप सर्च इंजन में कोई शब्द या वाक्य टाइप कर उससे संबंधित जानकारी चाहते हैं तो सर्च इंजन उस शब्द या वाक्य से संबंधित पृष्ठों की एक विस्तृत सूची बनाकर आपके सामने लाकर रख देता है, जिसमें से आप अपनी जरूरत की जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं। इंटरनेट पर उपलब्ध सभी वेबसाइटों के लाखों-करोड़ों पृष्ठों को अपने अंदर समेटे रहता है। **- अनिकेत, रांची**

### कृषि से उम्मीद

**कृषि** क्षेत्र की विकास दर बढ़ाने में रबी फसलों की पैदावार, खासतौर से गेहूं की भारी पैदावार ने प्रभावी भूमिका निभाई है। पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में कृषि क्षेत्र की वृद्धि तीन फीसद ही थी। इस वर्ष कृषि विकास दर में वृद्धि के साथ कृषि निर्यात की बढ़ने की भी संभावनाएं प्रबल हुई हैं। कोरोना के संकट में कृषि क्षेत्र ने देश में अनाज की कमी नहीं होने दी। **- विवेक, हजारीबाग**

**जम्मू-कश्मीर** में धारा 370 ने यहाँ के गरीब और वंचित को उनके अधिकार से दूर रखा। धारा 370 की समाप्ति के साथ ही यहाँ के लोगों को उनके अधिकार मिलने शुरू हुए।
**- अमित शाह, गृह मंत्री**

## रोचक ट्वीट

**आपकी** सरकार ने हजारों की संख्या में नियुक्ति निकाली है। आने वाले समय में और भी नियुक्ति निकालेंगे। पहले क्वेश्चन पेपर लीक कर दिया जाता था। जिससे परीक्षा लिखने वाले युवाओं का भविष्य अधर में चला जाता था।
**-हेमंत सोरेन, सीएम**





**आज** के दिन 'स्वदेशी आंदोलन' की शुरूआत हुई थी। स्वदेशी का ये भाव सिर्फ विदेशी कपड़े के बहिष्कार तक ही सीमित नहीं था, बल्कि ये हमारी आर्थिक आजादी का बहुत बड़ा प्रेरक था।
**- नरेन्द्र मोदी,पीएम**

# डिजिटल युग में पुस्तक पढ़ने की आदत पर जोर

**अनुष्का चौधरी**

**उर्सुलाइन** इंटर कॉलेज रांची में राष्ट्रीय लाइब्रेरी दिवस 12 अगस्त के तत्वावधान में एक पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। सात अगस्त से 12 अगस्त तक चलने वाले इस पुस्तक प्रदर्शनी में छात्रों में पुस्तक पढ़ने को लेकर उनकी रूचि को बढ़ाने की दिशा में ठोस कार्य किया जाएगा। इस दिशा में उर्सूलाइन इंटर कॉलेज रांची के पुरूलिया रोड स्थित परिसर के सभागार में एक विविध विषयों जैसे मोटिवेशन, ज्ञान विज्ञान, धर्म साहित्य और विविध जानकारियों से भरे पुस्तको की पद्रर्शनी लगायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुरी उर्सूलाइन की प्रिंसिपल मीनाकी और सिस्टर सुशीला ने किया। देश के प्रथम लाइब्रेरीयन एस रंगनाथन की तस्वीर पर माल्यार्पण किया।





वर्तमान समय में डिजलाइजेशन के कारण छात्रों में पुस्तक पढ़ने की रूचि कम होती जा रही है। कार्यक्रम में देश के पहले लाइब्रेरीयन एस रंगनाथनकी तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। देश के पहले लाइब्रेरीय एस रंगनाथन ने 1924 में मद्रास यूनिवर्सिटी में देश के पहले लाइब्रेरीयन के तौर पर काम किया था। वे गणित विषय से पीजी थे।

वे बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में 21 वर्षो तक बतौर लाइब्रेरीयन काम किया। 1947 में उन्होंने देश में लाइब्रेरी के विकास के 30 वर्षो के कार्यक्रम का निमार्ण किया। 27 सितंबर 1972 में बंगलूरू में उनका निधन हो गया।

रीडिंग वीक के इस कार्यक्रम में छात्रों को किसी पुस्तक के बारे में लिखने, पेंटिग बनाने, क्राफ्ट बनाने सहित पुस्तक से जोड़ने के लिये कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें हैं। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में इंटर कॉलेज की प्रिसिंपल डॉ मेरी ग्रेस ने छात्रों को अधिक से अधिक पढ़ने के लिये प्रेरित किया और कहा कि मोबाइल सहित डिजिटल सामग्री से मन और मस्तिष्क पर बुरा प्रभाव पड़ता है प्रतिभा कुंठित होती है।

पुस्तक के महत्व पर सरोज मेम ने कविता पाठ किया। मिस वनीता ने बुक रीडिंग वीक के महत्व को रेखाकिंत किया। कार्यक्रम में आये अतिथियों को मेघा मेम ने धन्यवाद दिया।

# मौलिक अधिकार से वंचित आदिवासी समाज

**शैलेन्द्र पाठक और चुनुलाल सोरेन**

**कल** 9अगस्त हैं, कई राजनैतिक सामाजिक संगठन विश्व आदिवासी दिवस मनाने की तैयारी को लेकर सक्रिय हो गए हैं, आदिवासियों की उत्थान, उनकी सुरक्षा लिए वादे होंगे, कसमें होंगें। और यह दिन पार हो जायेगा , फिर सालों भर इनकी सुधि लेने वाला कोई नही होगा, आदिवासी समुदाय सीधा सदा एवं स्वाभिमानी होते है अगर कोई समस्या होती है तो किसी भी अधिकारी के पास एक या दो बार आग्रह करते हैं। अगर समाधान नहीं हुआ तो वापस अपनी पारंपरिक व्यवस्था में लग जाते हैं। ऐसा नही है कि इनके पास लड़ने भिड़ने की ताकत नही है, प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर अलग झारखंड राज्य की स्थापना तक अपनी सब कुछ न्यौछावर कर देने वाले आदिवासी समाज आज हसिए पर खड़ी है, इनके साथ सम्मान जनक व्यवहार तक नही होते, ऊपर से इनके हिस्से की सैक्षणिक, सामाजिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक, जमीन में विभिन्न समुदायों द्वारा अतिक्रमण सुरु हो गया है, इसमें भी अपनी स्वार्थ के लिए सरकारें भी घी में आग लगाने का काम समय समय पर करते रहे हैं,चाहे सता पक्ष हो या विपक्ष, जिस डबल इंजन पर थोड़ी बहुत आदिवासियो को भरोसा था, वो भी मध्यप्रदेश पेसाब कांड, एवं मणिपुर की श्रमसार कर देने वाली घटना ने पानी फेर दिया। कहीं न्याय नही,जंगल महल में निवासरत आदिवासी समाज को तब उम्मीद जगी थी जब वढअ सरकार ने आदिवासियों के साथ हुवे ऐतिहासिक अन्याय को समाप्त करने के लिए अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी वन अधिकार (मान्यता अधिनियम 2006) नियम 2008 का संशोधित नियम 2012 अस्तित्व में आया, उसमे 13 दिसंबर 2005 के पहले तक वन भूमि में जोत आबाद कर रहे समुदायों को उनके व्यक्तिगत अधिकार देने का प्रावधान है, वहीं। सामुदायिक वन एवं गौण वन संसाधनों पर उसका उपयोग, बिक्री, एवं पहुंच का अधिकार के तहत ग्राम सभा को पट्टा देने का प्रावधान है, पर आज तक यह कानून झारखंड में धूल फांक रहा है, जबकि हेमंत सोरेन सरकार की चुनावी घोषणा पत्र में इसे लागू करने के लिए वायदे किए गए, राज्य सरकार का हीं आंकड़ा है जो झारखण्ड में अब तक 1 लाख से अधिक आवेदन। लंबित है, अब 2024 चुनाव सामने है, हेमंत सोरेन सरकार अब कह रहे हैं कि लागू करेंगे, जो काम पिछले 4 सालों में नहीं हो पाया वो क्या एक साल में संभव है ? जबकि ये आदिवासी समाज का मौलिक अधिकार है, कोई भीख नहीं!

## विश्व आदिवासी दिवस



**(लेखक द्वय एकता परिषद व बुद्धि जीवी आदिवासी नेता राष्ट्रीय सचिव )**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## डॉ अरुण के हाथों मां तारा डायग्नोस्टिक सेंटर का उद्घाटन आज

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के हॉस्पिटल चौक स्थित झारखंड ग्रामीण बैंक के समीप मां तारा डायग्नोस्टिक सेंटर का उद्घाटन आज होगा` उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी व समारोह के मुख्य अथिति अरुण कुमार के द्वारा किया जायगा` सेंटर के संचालक उमेश पाण्डेय ने बताया की डायग्नोस्टिक सेंटर में जाने-माने और सुप्रसिद्ध डॉक्टर सोनो लोजिस्ट डॉक्टर बी एन उपाध्याय द्वारा रोगियों का इलाज किया जाएगा` वही डायग्नोस्टिक सेंटर में मरीजों के लिए अनेक सुविधायें भी मुहैया करवाई जाएगी` जो इलाज और जांच के लिए लोगों को 50 किलोमीटर दूर जाना पड़ता था उसकी सुविधा अब विष्णुगढ़ मे होगी` श्री पांडेय ने बताया कि 3ऊ 4ऊअल्ट्रासाउंड, कलर डॉपलर, गाइनी, थायराइड, सोनोग्राफी, स्मॉल पार्ट सोनोग्राफी, लेवल टू, एवोल्यूशन स्टडी, एनामली स्कैन, टीवीएस, स्क्रोटम, टू डी ईको,इत्यादि की सुविधाएं होगी

## भराजो पंचायत सचिवालय मे किया गया संगोष्ठी का आयोजन

**टाटीझरिया।** प्रखंड के भराजो सचिवालय प्रांगण मे टाटीझरिया बीडीओ साइनी तिग्गा के निदेर्शानुसार ज्ञापांक 831 दिनांक 5/8/23 के आलोक मे मेरा माटी मेरा देश 9अगस्त से 15अगस्त तक कार्यक्रम अभियान चलाये जाने को लेकर भराजो पंचायत की मुखिया स्वस्तिका कुमारी के अध्यक्षता मे संगोष्ठी का आयोजन किया गयोकार्यक्रम का उद्देश्य देश के प्रति बलिदान हुए वीर सहिदों को नमन पूजा राष्ट्रीय गान करते हुए तिरंगा झंडात्तोलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है बैठक मे भराजो पंचायत रोजगार सेवक निरंजन कुमार,मुखिया पति उपेंद्र पाण्डेय गीता देवी,सोनी देवी,सुनीता देवी,समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में उपचालक गंभीर रूप से घायल

**चरही।** सोमवार को चरही थाना क्षेत्र के यूपी मोड़ स्थित घाटी एनएच-33 पर एक कंटेनर अनियंत्रित होकर हुए दूसरे लेन के सड़क पर जाकर पलट गई।चरही की ओर से आ रही एक खाली पिकअप वाहन में जा टकराई।चरही पुलिस को घटना की जानकारी मिलते ही चरही थाना प्रभारी विक्रम कुमार दल-बल के घटना स्थल पर पहुंचे। इन्होंने बताया कि कंटेनर नंबर आरजे14 जीएच/ 9485 कोडरमा से रांची जा रही थी। घाटी में कंटेनर का संतुलन बिगड़ गया और दूसरे लेन हुए जाकर पलट गई। उसी समय चरही से हजारीबाग जा रही पिकअप वाहन नंबर जेएच01ई के/ 48 96 को अपने चपेट में ले लिया। इस वाहन पर बैठे लोग बाल-बाल बच गए।

## ठगी करने वाले दो लोग गिरफ्तार

**हजारीबाग।** लोहसिंघना थाना क्षेत्रअन्तर्गत न्यु मुन्ना इलेक्ट्रोनिक्स दुकान से दिनांक 20.05.2023 को एक ग्राहक फोन करके चार(4) ए0सी0 का ऑडर किया और दिये गये पत्ते पर भेजने के लिए बोला गया ।इसी क्रम मे विश्वास मे आकर दुकानदार के द्वारा ग्राहक के दिये हुए पत्ते पर चार (4) ए0सी0 भेजवा दिये ।इसके बाद ग्राहक के द्वारा फर्जी पेमेन्ट दुकानदार को किया गया जब तक दुकानदार समझ पाता ग्राहक सभी ए0सी0 को लेकर भाग गया। इस संबंध मे न्यु मुन्ना इलेक्ट्रोनिक के मालिक के आवेदन पर लोहसिंघना थाना काण्ड संख्या 139/23 दिनांक ०२.06.2 धारा 406/ 420/467/ 468/471/ 34 भा0द0वि0 दर्ज किया तथा उक्त ए०सी० की बरामदगी हेतू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर के नेतृत्व मे एक छापामारी टीम का गठन किया। इस टीम मे अनु०पु०पदा० श्री महेश प्रजापति, पु०अ०नि० थाना प्रभारी बिपिन कुमार यादव, पु०अ०नि० सुनिल कुमार, आ0 128 आशुतोष कुमार साहु एंव सशस्त्र बल के द्वारा तकनीकी शाखा की मदद से छापामारी किया जा रहा था। दिनांक 06.08.2023 को ठगी करने वाले अभियुक्त मो0 एयाज अहमद व मो0 रेहान अहमद को रांची से गिरफ्तार किया गया तथा ठगी किया गया तीन ए०सी० को बरामद किया गया तथा दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

# वन विभाग ने चौपारण से हटाया अतिक्रमण
# बुलडोजर से तोड़े गये कई लाइन होटल

### विभागीय कार्यवाई के बाद कई लोगों का छीना आशियाना, सैकड़ो हुए बेरोजगार


हटाया गया अतिक्रमण

**अवैध रूप से निर्मित होटलों को गिराना प्रशासन की मजबूरी :** प्रथम दृश्या होटलों को गिराना दुखद तो लग रहा है पर सच्चाई ये है कि वन विभाग की भूमि पर अतिक्रमण कर अवैध तरीके से बनाये गया होटल व मकान गिरना प्रशासन व विभाग के लिये मजबूरी भी था क्योंकि अगर ऐसा नही किया जाता तो विभाग पर सवालिया निशान उठता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चौपारण।** प्रखंड के सिकरकोणी जो मिनी ओरमांझी भी कहलाता था में सोमवार को वन विभाग का बुलडोजर चला और दर्जनों होटल गिरा दिया गया। यह क्षेत्र में लाइन होटल चला कर सैकड़ों लोग अपनी जीविका चलाते थे। एक ओर जहां प्रशासन की मजबूरी थी कि विभागीय आदेश का पालन किया गया वहीं दूसरे ओर सैकड़ो परिवार बेरोजगार हो गए। इस बाबत कल ही होटल संचालकों की एक टीम विधायक उमा शंकर अकेला से मिल कर मदद मांगी थी पर दूसरे दिन ही सुबह से प्रशासन का बुलडोजर होटलों को ढहाने लग गए। कहा जाता है कि अवैध रूप से बनाये गए होटलों के हटने से अवैध कारोबार रुकेगा साथ ही आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगेगी।

## समय मिलना चाहिए, पुनर्वास की व्यवस्था हो: पूर्व विधायक मनोज यादव

सियरकोनी में लाईन होटल, गुमटी, टायर दुकान से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लोग रोजगार से जुड़े हैं। लगभग चालीस साल से लोग वहां व्यवसाय कर रहे थे। ऐसे में बारिश में होटल व अन्य दुकान तोडने से पहले मानवता के नाते समय देना चाहिए था। अब इन्हें विस्थापित किया गया है तो इनके पूनर्वास के लिए व्यवस्था करना चाहिए। कई लोग बेरोजगार हो गए उनके लिए रोजगार की व्यवस्था होनी चाहिए। समाजेवी अशोक सिंह ने भी उठाया सवाल कहा, अब बेरोजगारों का क्या होगा?

बरही विधानसभा की जनता पुछती है क्षेत्र के विधायक से आखिर जब नली गली का मामला विधानसभा में गुंज सकता है, वनों में पट्टा देकर लोगों को बसाया जा सकता है तो सियरकोनी के दर्जनों होटल को तोड़ने से नहीं बचाया जा सकता है क्या? आज बारिश में भी दर्जनों होटल को तोड दिया गया,कल सभी ने विधायक से मिलकर बात की थी, समय मांग रहे थे होटल वाले तो ऐसे में सैकड़ों लोगों को रोजगार देने वाले, सैकड़ों घरों को चलाने वाले सियरकोनी से सभी होटल को हटा दिया गया। इसका जवाब विधायक को देना चाहिये।

## दिनदहाड़े गोली कांड के बाद दिन में ही चोरी

### पीटीसी चौक स्थित विनायक रेसिडेंसी की घटना


जांच करने पहुंची पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** आजकल जिला में दिन दहाड़े बहुत कुछ हो रहा है, दिन दहाड़े छिनतई, दिन दहाड़े गोली कांड के बाद दिन दहाड़े चोरो ने चोरी की घटना को बेखौफ अंजाम दिया है । सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत पीटीसी चौक स्थित बंशीधर कॉलोनी स्थित विनायक रेजीडेंसी के फ्लैट नंबर 402 में तकरीबन चार लाख से ऊपर की कैश चोर लेके रफूचक्कर हो गए। चोरो ने इस घटना को अंजाम सुबह के 10:30 बजे से लेकर दोपहर के 1:30 बजे के बीच दिया। बताया जाता है कि इस दौरान चोरो ने फ्लैट की दरवाजे के लॉक को काटा और घर के अंदर प्रवेश कर गए । भुक्तभोगी सुरजीत सिंह पिता कृष्ण कुमार सिंह कांट्रेक्टर का कार्य करते हैं । उन्होंने बताया कि सीसीटीवी कैमरा तो लगा हुआ है मगर इस कैमरे का हार्ड डिस्क गायब बताया जा रहा है। फिलहाल घटना स्तर पर सदर थाना पुलिस समेत फॉरेंसिक टीम मामले की जांच कर रही है। अब देखना लाजमी होगा इस मामले में प्रशासन तह तक पहुंच पाता है या और मामले की तरह यह मामला भी जांच तक ही सीमित रह जायेगा।

### एआईएमआईएम का प्रतिनिधिमंडल ने मृतक असफाक के परिजनों से मिला

## न्याय दिलाने का दिया गया आश्वासन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी साहब निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष शाकिर साहब और प्रदेश संगठन महासचिव जनाब समीर अली मृतक असफाक के आश्रित परिजनों से मिलकर स्थिति से अवगत हुए।इस बाबत बरही विधानसभा प्रभारी सूरज दास ने अपने टीम के साथ प्रदेश से आए अतिथियों का कोनरा पंचायत भवन में जोरदार स्वागत किया। सभी लोगों ने बरही के महत्वपूर्ण मुद्दों एवं समस्याओं पर विचार विमर्श कर असफाक के घर मिलने गए, जहां घर पर पीड़ित परिवार में असफाक की मां रोती-बिलखती की स्थिति में है। उन्होनें बताया कि थाना द्वारा यूडी केश किया गया हैं। और मेरा केश नहीं कर रहे है। एआईएमआईएम झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष जनाब शाकिर साहब ने असफाक खान के परिजनों को ढाढस बंधाते हुए कहा कि आपलोगों को हिम्मत नहीं हारना है, आपको न्याय जरूर मिलेगा। इस केश को हमारे बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब देख रहे हैं। पीड़ित परिवार हिम्मत नहीं हारे, इस केश को लड़ने के लिए हम और हमारी पार्टी अपने खर्च से लड़ेगी। चाहे उच्च न्यायालय जाना पड़े या सुप्रीम कोर्ट जाना पड़े।किसी भी हालत में हत्यारों को छोड़ा नहीं जाएगा। प्रदेश संगठन महासचिव जनाब समीर अली साहब ने कहा कि पूर्व दिन हुए राँची के विधानसभा घेराव में असफाक के मामले पर सरकार से मुआवजे और नौकरी की बात कही गई है।उन्होंने कहा कि हम और हमारी पार्टी आपके साथ है न्याय के लिए लड़ेंगे और जीतेंगे। विधानसभा प्रभारी सूरज दास ने कहा कि असफाक की हत्या हुए आज करीब 20 दिन हो गये और पीड़ित परिवार को बरही पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर मात्र सांत्वना देते रहे लेकिन अब पीड़ित परिवार को यूडी केश (अप्राकृतिक मौत) बताया जा रहा है। इससे साफ होता है कि सच्चाई पर पर्दा दिया जा रहा है और पुलिस हत्यारे को संरक्षण दे रही है।

उन्होंने कहा की एफआईआर दर्ज नहीं होना चिंता का बिषय है। मौके पर झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष मो शाकिर, प्रदेश संगठन महासचिव समीर अली, बरही विधानसभा प्रभारी सूरज दास, बरही प्रखण्ड अध्यक्ष नसीम अंसारी उर्फ चांद, बरही प्रखण्ड उपाध्यक्ष उमेश कुमार यादव, प्रखण्ड सचिव गुलाम कादिर, महासचिव रफीक अंसारी, जुनैद अंसारी, मेराज अंसारी, राजू भाई, सराज अंसारी, मिनहाज अंसारी, नसीम अंसारी आदि उपस्थित रहे।


मृतक के परिजनों से मिलते

एक नजर में

## विष्णुपूरी में जल्द बनेगा विशाल सामूदायिक भवन: मनीष जायसवाल


सदर विधायक व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 24 स्थित विष्णुपूरी का दौरा कर स्थानीय समस्याओं से रूबरू हुए। यहां शुभकामना शादी घर में स्थानीय लोगों के साथ चौपाल लगाकर उनकी समस्या जानी और निदान का भरोसा जताया। विधायक मनीष जायसवाल ने लोगों के बीच यह घोषणा भी किया कि जल्द ही विष्णुपूरी में एक विशाल सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाएगा ताकि लोगों को सामाजिक कार्य प्रयोजन में सहूलियत हो सके। स्थानीय लोगों के आग्रह पर उन्होंने विष्णुपूरी शिव मंदिर जिर्णोद्धार एवं नव दुर्गा मंदिर के निर्माण कार्य की प्रगति का भी जायजा लिया और निर्माण कार्य हेतु कई सुझाव भी दिए । मौके पर स्थानीय समाजसेवी संजय सिंह, कटकमदाग विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, विधायक प्रतिनिधि इन्द्रनारायण कुशवाहा, दीपक कुमार, विकी, आलोक रंजन, मुकेश सोनी, विकास वर्मा, भैया अजय, छोटन कुमार, अरविंद कर्ण, संतोष कुमार, विश्वनाथ, नीरज कुमार, रामाशंकर अम्बाष्ठा, निर्मला देवी, राजू वर्मा, विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहें।

## झामुमो ने सदस्यता अभियान चलाया 50000 सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित



खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पतरातू, बड़कागांव एवं केरेडारी प्रखंड में सदस्यता अभियान कार्य का शुभारंभ किया गया है। बतौर मुख्य अतिथि झामुमो केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य व हजारीबाग जिले के मुख्य संयोजक संजीव कुमार बेदिया ने उरीमारी जराजरा से सदस्यता अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया।वही नए सदस्यों को पर्ची भरकर झामुमो का सदस्य बनाने का कार्य किया गया। इस दौरान संजीव बेदिया ने सभी वरिष्ठ झामुमो कार्यकताओं को गांव मोहल्ला टोला चौक चौराहे में घूम घूम कर झामुमो पार्टी में नए सदस्यों को जोड़ने का निर्देश दिया है। श्री बेदिया ने कहा की बड़कागांव विधानसभा में 50,000 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित है। 2024की लोकसभा और विधानसभा की तैयारी चल रही है। सदस्यता अभियान में राजेंद्र बेदिया, शंकर साव, संजय भुईयां, नंदकिशोर भुइयां के अलावा कई झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कौशल विकास प्रशिक्षण की हुई शुरूआत



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** संप्रेक्षण गृह में अध्ययनरत बच्चे अब हुनरमंद बन सकेंगे। इस कड़ी में जेएसएलपीएस के सहयोग से कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत मोबाइल रिपेयरिंग व सर्विसेज प्रशिक्षण की शुरूआत की गई है। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन के द्वारा केंद्रीय सहायता मद से किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत जेएसएलपीएस हजारीबाग के कुशल प्रशिक्षक द्वारा गृह में आवासित विधि विवादित किशोरों को मोबाइल रिपेयरिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौरव खुराना के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर गृह की अधीक्षक सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो, जेएसएलपीएस हजारीबाग की जिला कार्यक्रम पदाधिकारी शान्ति मार्डी, किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य विनिता जैन, विधि सह परिवीक्षा पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी संजय प्रसाद व गृह के सभी कर्मी मौजूद थे।बच्चों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि गौरव खुराना ने कहा कि आज मोबाइल रिपेयरिंग के क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं। बच्चे इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएं। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो ने आश्वस्त किया कि संप्रेक्षण गृह के बच्चों के कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम इसी प्रकार आगे भी चलाने की योजना है।

जिसके तहत बच्चों को घरेलू उपकरण जैसे फ्रीज, वाशिंग मशीन, एयरकंडीशनर, मिक्सी, ओवन आदि के रिपेयरिंग का प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिससे कि बच्चे जब छूट कर घर जाएं तो उनमें इतनी कुशलता हो कि वे इसे जीविका के रूप में अपना सकें। कार्यक्रम में मंच संचालन शिक्षक नवीन कुमार ने किया।

## 'बडी स्पीक्स डिकोडिंग वाइटल साइन्स' नामक व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जयनगर पंचायत भवन में सोमवार को पीवीयूएनएल द्वारा आयोजित 'बडी स्पीक्स डिकोडिंग वाइटल साइन्स' नामक व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जयनगर और बलकुदरा गांवों के आशा कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, एएनएम और पीआरआई सदस्यों सहित लगभग 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कहा गया कि कर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और पुनर्वास (सीएसआरफ/आरएंडआर) समूह के नेतृत्व में इस पहल का उद्देश्य प्राथमिक स्वास्थ्य कर्मियों को बेहतर स्वास्थ्य देखभाल के लिए महत्वपूर्ण संकेतों की जानकारी देना था। प्रशिक्षण सत्र में पीवीयूएनएल स्वास्थ्य केंद्र की मेडिकल टीम ने महत्वपूर्ण संकेतों के महत्व और किसी व्यक्ति के समग्र स्वास्थ्य का आकलन करने में उनकी भूमिका को समझाया। साथ ही आकर्षक प्रदर्शनों के माध्यम से प्रतिभागियों को दिखाया गया कि आधुनिक उपकरणों की एक श्रृंखला का उपयोग करके महत्वपूर्ण संकेतों को सटीक रूप से समझा जा सकता है। प्राथमिक स्वास्थ्य कर्मियों ने विचारोत्तेजक प्रश्न पूछे। इस पर चिकित्सा टीम की ओर से विशेषज्ञ प्रतिक्रियाएं आई। जिससे एक सहयोगात्मक शिक्षण वातावरण को बढ़ावा मिला।


कार्यक्रम में मौजूद मुखिया विजय मुंडा, कंपनी के अधिकारी व अन्य

## प्रखंड के किसानों की पीड़ा असहनीय : शैलेश कुशवाहा


भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री शैलेश कुशवाहा

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू प्रखंड में चार धान अधिप्राप्ति केंद्रों पर किसानों ने अपना मेहनत से कमाई धान फसल को बेचा। लेकिन 8 माह बीत जाने के बाद भी उन्हें राशि का भुगतान नहीं हुआ। इससे किसानों में काफी उदसी छाई हुई है। उक्त जानकारी देते हुए बिरसा चौक भुरकुंडा निवासी सह किसान मोर्चा के भाजपा भुरकुंडा मंडल महामंत्री शैलेश कुशवाहा ने बताया कि किसानों ने हरिहरपुर, देवरिया, पालू व बरकाकाना पैक्स में धान खरीद केंद्र में अपनी मेहनत से उगाई धान के फसल को सरकारी दर पर बेचा था। परंतु 8 माह बाद भी उन किसानों को दूसरी किस्त और बोनस की राशि अब तक नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि धान का विहीन लगाने के वक्त उन्हें पैसे प्राप्त नहीं हुए। अल्प बारिश के कारण किसी तरह वह अपने फसल लग रहे हैं। ऐसे समय में भी किसानों को झारखंड सरकार से पैसे नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण प्रखंड के हजारों किसानों का आर्थिक स्थिति काफी खराब हो गई है। श्री कुशवाहा ने बताया कि किसानों का कहना है कुछ रुपया कम ही सही बिचौलिए नगद पैसे दे देते थें। लेकिन झारखंड सरकार 8 माह बाद भी पैसा नहीं दे पा रही है। मुख्यमंत्री सूखा राहत के लिए भी अगले वर्ष आवेदन दिया गया था। लेकिन उसका भुगतान भी आज तक नहीं हुआ।

## आप सभी खिलाड़ी हजारीबाग के गौरव हो : चौथे

### एथलेटिक्स चैंपियनशिप के सफल खिलाड़ियों को पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित


पुलिस अधीक्षक, हर्ष अजमेरा व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** प्रथम झारखंड स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप अंडर 18 एवं 20 बालक बालिका प्रतियोगिता 15 एवं 16 जुलाई को चंदनक्यारी बोकारो में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में हजारीबाग जिला के एथलीट के कई खिलाड़ी भाग लिए थे। खिलाड़ियों की जीत की सफलताओं के बाद सोमवार को पुलिस अधीक्षक के आवासीय कार्यालय में पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

संघ के द्वारा सभी खिलाड़ियों को पुलिस अधीक्षक के हाथों टी-शर्ट प्रदान कराया गया। प्रतियोगिता के दौरान हजारीबाग के खिलाड़ी अंडर 20 बालक वर्ग में प्रदीप कुमार 800 मीटर में तृतीय स्थान एवं 1500 मीटर में भी तृतीय स्थान प्राप्त किए हैं।अंडर 18 बालक वर्ग में दीपक कुमार महतो तीन हजार मीटर में प्रथम एवं 1500 मीटर में तृतीय स्थान अब्दुल लतीफ 110 मीटर बाधा दौड़ मे तृतीय स्थान प्राप्त किए, अंडर 20 बालिका वर्ग में धानु कुमारी 400 मीटर में प्रथम स्थान एवं 200 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त किए 18 वर्ष के बालिका इसमें नेहा कुमारी 800 मीटर में द्वितीय स्थान एवं 1500 मीटर में द्वितीय स्थान सिम्मी कुमारी एवं टीम ने मिडले रिले में तृतीय स्थान एवं प्रीति लाकड़ा ट्रिपल जंप प्रथम स्थान एवं लॉन्ग जंप में द्वितीय स्थान प्राप्त किए प्रीति लकड़ा को व्यक्तिगत अंडर-18 बालिका वर्ग में बेस्ट एथलीट से सम्मानित किया गया था।मौके पर पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी खिलाड़ी हजारीबाग के गौरव हो। हम सब आपके साथ सदैव खड़े हैं आप अपने लक्ष्य की और हमेशा अग्रेषित रहे। युवा समाजसेवी सह ओलंपिक संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने कहा की आपकी सफलता के साथ हजारीबाग भी सफल हो रहा है। जिस तरह आप खिलाड़ी हजारीबाग का नाम रौशन कर रहे हैं। हम सब सदैव आपके साथ खड़े हैं। मौके पर हजारीबाग एथलेटिक्स संघ के सचिव अजीत कुमार, साबिर हुसैन, प्रभात रंजन तिवारी, अनुकंपा रूंडा, अनवर हुसैन , प्रियरंजन कुमार सिंह, रवि कुमार, राहुल कुमार ,मिथिलेश कुमार सिंह, मुकेश कुमार मुदस्सिर खान, सी दास, भैया मुरारी सिन्हा सहित कई लोग मौजूद थे।

## निलांचन आयरन पॉवर लिमिटेड की कार्यशैली पर मुखिया ने उठाये सवाल

**केरेडारी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पाण्डु की मुखिया सकीबा खातून ने सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग की है कि आयरन पॉवर लिमिटेड डुमरी कोल ब्लॉक द्वारा अधिग्रित जमीन रैयतों को वापस कर दी जाए। मुख्य मंत्री को सौंपे मांग पत्र में मुखिया ने कहा है कि केरेडारी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पाण्डु बलिया में निलांचन आयरन पॉवर लिमिटेड को डुमरी कोल माइंस के नाम से भारत सरकार द्वारा जमीन अधिग्रहण कर कोयला खनन कार्य के लिए वर्ष 2009-10 में उक्त क्षेत्र अधिग्रहित किया गया था। परंतु निर्धारित समय सीमा के गुजर जाने के बाद भी कोयला खनन का कार्य निलांचन आयरन पॉवर लिमिटेड द्वारा नहीं किया जा सका। भू रैयतों का बड़ी मात्रा में जमीन निलांचन पॉवर लिमिटेड के पास है। उक्त गांव की जमीन पर कंपनी द्वारा किसी प्रकार का कोई कार्य नहीं किया गया है। इसलिए कंपनी द्वारा अधिगृहीत जमीन भू-रैयतों को वापस कर दिया जाय। उक्त मांग पत्र की प्रतिलिपि अल्पसंख्यक कल्याण निबंधन और पर्यटन मंत्री हफीजुल हसन एवं उपायुक्त हजारीबाग को भी दी गई है। इसकी जानकारी मुखिया सकिबा खातून ने दी।

## स्पीड न्यूज

### शिव मंदिर में उमड़ी शिव भक्तों की भीड़



**भंडरा।** पवित्र सावन महीने की पांचवीं सोमवारी को क्षेत्र के शिव मंदिरों में शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। खराब मौसम के बावजूद शिव भक्त भोले बाबा को जल अर्पित करने पहुंचे। सुबह 5 बजे से ही बोल बम, हर-हर महादेव का नारा लगाते हुए शिव भक्त शिव मंदिरों की तरफ आने लगे थे। अखिलेश्वर धाम सहित मसमानो में बुढ़वा महादेव, भौरो शिव मंदिर, कुम्हारिया, चट्टी सहित अन्य शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ दिनभर लगी रही। शिवभक्त सोमवारी पर विशेष पूजा अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे थे। अखिलेश्वर धाम मंदिर सहित अन्य मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया था।

### अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार



**चैनपुर।** चैनपुर पुलिस ने कांड संख्या 42/10 के प्राथमिकी अभियुक्त गोपी लोहरा ग्राम सदन बुकमा थाना चैनपुर के घर में ग्रामीणों की उपस्थिति में इश्तेहार चिपकाया और उनके परिजनों से उसे पुलिस या कोर्ट के समक्ष एक महीना के अंदर सरेंडर करने की अपील की। चैनपुर थाने के एस आई राजेश कुमार ने बताया कि न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सिविल कोर्ट गुमला से निर्गत इश्तेहार को घर में चिपकाया गया है। अगर तय समय पर सरेंडर नहीं किया, तो कुर्की जब्ती की जायेगी।

### हक-अधिकार के लिए एकजुट हों कुम्हार



**गुमला।** पालकोट रोड स्थित यूनिक फर्नीचर हाउस में जिला कुम्हार संघ की मासिक बैठक हुई। जिसमें सामाजिक कार्य का संचालन करने पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर अध्यक्ष राजीव रंजन महतो ने कहा कि समाज के लोगों को अपने हक व अधिकार के लिए एकजुट रहना होगा। उन्होंने कहा कि जिले में समाज को आर्थिक, राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र में विकसित करने की जरूरत है। समाज के लोग बैठकों में जरूर आयें ताकि समाज की सांगठनिक व्यवस्था मजबूत बनें। बैठक में संरक्षक चतुर्गुण महतो, राजेंद्र पंडित, प्रमोद प्रजापति, उदित राम, सियाराम प्रजापति, बजरंग प्रजापति, अशवनी कुमार, बसंत प्रजापति, आनंद प्रजापति, श्रीकांत प्रजापति, शंभु प्रजापति, देवकुमार प्रजापति आदि थे।

### बच्चों को दिलायें सरकारी लाभ : बीपीओ



**घाघरा।** प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में सोमवार को शिक्षा विभाग घाघरा सरकारी विद्यालयों के पांच संकुल के शिक्षकों के साथ समीक्षा बैठक बीपीओ पुष्पा टोप्पो ने की। बैठक में एमडीएम, पोषण वाटिका, प्रयास कार्यक्रम हेतु ज्ञानसेतु समूह निर्माण करने, नवोदय विद्यालय में अधिक से अधिक फॉर्म भरने, ई कल्याण में छात्रवृत्ति फॉर्म एंट्री करने, नजदीकी पोस्ट ऑफिस में खाता बच्चों का खोलने, सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के तहत फॉर्म भरने, जन्म प्रमाण पत्र बनाने वह प्रशस्त ऐप में 6 वर्ष से 12 वर्ष के आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों का नाम जोड़ने सहित कई बिंदुओं पर चर्चा किया गया। बीपीओ ने शिक्षकों को लापरवाही नहीं करने की बात कही। कहा कि उक्त सभी कार्यों को जल्द पूरा करें। मौके पर शिक्षक विजय साहू, राजकुमार भगत, राम गोपाल कृष्ण साहू, इब्राहिम अंसारी, अमित कुमार, अशोक कुमार, अंजू कुमारी, विमला देवी, रेशमी कुमारी आदि उपस्थित थे।

### टांगीनाथ धाम में किया जलाभिषेक



**गुमला।** सावन सोमवारी पर जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने डुमरी प्रखंड के प्रसिद्ध बाबा टांगीनाथ धाम में जलाभिषेक कर जिले के लोगों की सुख समृद्धि की कामना की। जलाभिषेक करने वालों में जिलाध्यक्ष चैतु उरांव, उनकी धर्मपत्नी मुनी संगीता लकड़ा, विष्णु राम, राजीव रंजन महतो, तरुण गोप, बेलसाजर मिंज, फिरासत अली भोला, नारायण रजक के नाम शामिल हैं। प्राकृतिक सुंदरता से घिरा ऊंचे ऊंचे पहाड़ों के बीच बाबा महादेव के प्राचीन शिव मंदिर बाबा टांगीनाथ धाम में सामूहिक जलाभिषेक भगवान को अर्पित कर जिला, राज्य और देश में सुखी जीवन की कामना की।

### नौ सितंबर को लगेगी लोक अदालत

**गुमला।** 9 सितंबर को लगने वाले नेशनल लोक अदालत को लेकर गुमला सिविल कोर्ट में तैयारी शुरू हो गयी है। इस निमित्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला संजय चांधरियावी ने सभी न्यायिक पदाधिकारियों संग बैठक कर दिशा निर्देश दिये हैं। संबंधित कोर्ट में लंबित सुलहनीय मामलों को चिन्हित करनै का निर्देश दिया ताकि ज्यादा से ज्यादा मामलों का निष्पादन नेशनल लोक अदालत में किया जा सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव पार्थसारथी घोष ने बताया कि आगामी 9 सितंबर 2023 में लगने वाले नेशनल लोक अदालत के पहले पक्षकार अपने अपने मामले को निष्पादित कराने के लिए कोर्ट एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार में संपर्क कर सकते हैं। नेशनल लोक अदालत में कंपाउंडेबल प्रकृति के सभी मामले, बैंक, बिजली मामले, पारिवारिक मामले, भरण पोषण, श्रम विभाग आदि से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, मनी रिकवरी से संबंधित मामले पानी, वन विभाग, उत्पाद विभाग से संबंधित मामले, मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम के मामले के साथ-साथ अन्य मामले से संबंधित वादों का भी लोक अदालत में निष्पादन किया जायेगा। बैठक में सभी न्यायिक पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# विकास योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ पूरा करें : डीसी

**जिला समन्वय समिति की बैठक**

- 9 से 15 अगस्त के तक वीर शहीदों की याद में जिले के अमृत सरोवर के पास शीला लगायें : डीडीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में सोमवार को जिला समन्वय समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना मेरी माटी, मेरा देश के विषय में उप विकास आयुक्त द्वारा जानकारी दी गई। जिसमें 9 अगस्त से 15 अगस्त के बीच एक अभियान चलाते हुए वीर शहीदों की याद में जिले के सभी अमृत सरोवर के पास शीला पट की स्थापना एवं जिन स्थानों में अमृत सरोवर नही हैं वहां के पंचायत भवनों के पास शीला पट लगाये जायेंगे।

15 अगस्त के दिन वीर शहीदों की याद में लगे शिलापट्ट के पास भी संबंधित प्रखंड अथवा पंचायत स्तर के पदाधिकारी ध्वजारोहण करेंगे। इस पूरे प्रक्रिया के लिए सभी बीडीओ को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके पश्चात उपायुक्त द्वारा क्रमवार सभी विभागों के योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए दिये गये लक्ष्य के विरूद्ध क्या उपलब्धि रही इसकी जानकारी ली गयी। उन्होंने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ सभी सुयोग्य लाभुकों तक ससमय पहुंचे इसे सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उपायुक्त ने सभी विभागों के बीच आपसी सहभागिता को लेकर भी चर्चा की उन्होंने सभी विभागों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए सभी योजनाओं को सफल रूप देने का निर्देश दिया।

## सभी पंचायतों को सशक्त एवं क्रियाशील करने की हिदायत

उपायुक्त ने सभी बीडीओ एवं सीओ को सभी पंचायतों को सशक्त एवं क्रियाशील करने को कहा है। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में उन्होंने जिले के शत प्रतिशत लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाने का टारगेट दिया। जिसके तहत स्वास्थ्य विभाग को अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने को कहा। गुमला जिला आयुष्मान कार्ड बनाने की दिशा में जिले भर में 8.5 लाख से अधिक कार्ड बनाते हुए झारखंड में छठे स्थान पर है।



बैठक में निर्देश देते उपायुक्त व उपस्थित अधिकारी।

जिसपर उपायुक्त ने संतोष व्यक्त करते हुए टीम को शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। जिला समाज कल्याण विभाग की समीक्षा में उन्होंने मातृ वंदना योजना का वृहद रूप से प्रचार प्रसार करने की हिदायत दी। वहीं सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत शिक्षा विभाग को सभी छात्राओं की सूची समाज कल्याण विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया ताकि विभाग द्वारा शत प्रतिशत बच्चों को उक्त योजना से लाभान्वित किया जा सके। कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कल्याण विभाग अंतर्गत निर्माणाधीन हॉस्पिटल, हॉस्टल एवं विद्यालयों की गुणवत्ता जांच संबंधित अधिकारी को करने का निर्देश दिया एवं जांच रिपोर्ट की भी मांग की।

**खास बातें**

इसके अलावा बैठक में शिक्षा, कृषि, सहकारिता एवं संबद्ध विभाग, पंचायती राज, ग्रामीण विकास, पीएचडी, योजना तथा अन्य सभी विभागीय योजनाओं में प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी विभागीय पदाधिकारियों से तेजी लाने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, एसडीओ सदर, एसडीओ बसिया अपर समाहर्ता, परियोजना निदेशक आईटीडीए समेत सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं विभागीय पदाधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

एसपी ने पुलिस लाइन गुमला में की क्राइम मीटिंग, उत्कृष्ट कार्य करनेवाले 16 पुलिस पदाधिकारी-कर्मी सम्मानित

# तीन माह से अधिक लंबित न रखें पोस्को एक्ट के मामले : एसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** पुलिस लाइन गुमला में सोमवार को एसपी ऐहतेशाम वकारिव की अध्यक्षता में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में लंबित कांड, वारंट, कुर्की जब्ती का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।

साथ ही अवैध खनन, पशु तस्करी सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए इसकी रोकथाम के लिए अभियान चलाने का एसपी ने निर्देश दिया। बैठक में एसपी ने डायन-बिसाही, ओझा गुणी, महिला उत्पीड़न, नशापान, साइबर फ्रॉड के खिलाफ विशेष जागरूकता अभियान चलाने का सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिये। हत्या, बालात्कार, अप्राकृतिक मृत्यु के मामलों में त्वरित गति से अनुसंधान करने पर चचर्चा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिया गया।

थाना प्रभारियों को एंटी वाहन चेंकिंग अभियान चलाने व सामुदायिक पुलिसंग के तहत लोगों के बीच समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया गया।



बैठक में शामिल एसपी व अन्य पुलिस पदाधिकारी।

**खास बातें :** वहीं बैठक में पोस्को एक्ट से संबंधित मामले को किसी भी परिस्थिति में तीन माह से अधिक लंबित नहीं रखने हेतु विशेष निर्देश दिया गया। एसपी ने कहा कि गुमला जिला में अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए क्राईम एंड क्रिमिनल रिचर्स विंग का गठन किया गया है। बैठक में सभी थानों को अपने क्षेत्र के भू माफियाओं को चिह्नित कर उसके विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। वहीं बैठक में 15 अगस्त को लेकर विशेष सर्तकता बरतने की बात कही गई। बैठक के बाद उत्कृष्ट कार्य करने वाले 16 पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को सम्मानित किया गया। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक अभियान, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी, यातायात प्रभारी आदि मौजूद थे।

# पेशरार में चार दिनों से बंद बिजली सप्लाई को शीघ्र चालू करे विभाग : आलोक साहू

- जीएम रांची से वार्ता कर पेशरार में जल्द बिजली बहाली को लेकर किट उपलब्ध कराने की कही बात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने कहा है कि लोहरदगा जिला के सुदूरवर्ती क्षेत्र पेशरार प्रखंड के पेशरार और रोरद पंचायत क्षेत्र में पिछले 4 दिनों से बिजली सप्लाई नहीं होने से जनता परेशान हैं। श्री साहू ने कहा कि रोरद और पेशरार पंचायत के ग्रामीण उनसे आकर मुलाकात कर बतायें कि 4 दिनों से बिजली नहीं रहने से करीब 20 गांव की जनता अंधेरे में रहने को मजबूर हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। इलेक्ट्रिक कार्य प्रभावित हैं। जंगली क्षेत्र होने से जंगली जानवरों का आवागमन ग्रामीण क्षेत्र में लगा रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग के अधिकारियों को सूचना देने के बावजूद अभी तक दोनों पंचायत में बिजली बहाल नहीं हुई है।

## पंचर केबल के लिए किट की जरूरत



ग्रामीणों ने श्री साहू से जल्द बिजली बहाल कराने की मांग की। श्री साहू ने ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निदान के लिए मौके पर सही लोहरदगा विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता से वार्ता कर यहां शीघ्र बिजली बहाल करने की बात कही। कार्यपालक अभियंता ने श्री साहू को बताया कि पहाड़ी क्षेत्र होने से अंडरग्राउंड बिजली का कनेक्शन किया हुआ है। केबल कहीं कटा हुआ रहता है तो बारिश होने से केबल पंचर हो जाता है जिसमें किट की आवश्यकता होती है। कीट उपलब्ध होते ही शीघ्र बिजली बहाल कर दी जायेगी। श्री साहू ने मौके पर से ही बिजली विभाग के जीएम रांची से वार्ता कर पेशरार एवं रोरद पंचायत में बिजली उपलब्ध कराने हेतु शीघ्र किट उपलब्ध कराने का आग्रह किये। जीएम ने आश्वासन दिया कि शीघ्र किट उपलब्ध करा दिया जायेगा। मुलाकात करने वालों में दिनेश महली, मोहन उरांव, करमदयाल उरांव, परदेसिया मुंडा, महादेव उरांव आदि उपस्थित थे।

### दो दिनों की बारिश से किसानों को मिली राहत

**कैरो।** इस बार खरीब की फसल में अंत भला तो सब भला वाली कहावत चरितार्थ होती दिखायी दे रही है। वैसे तो किसानों के खेत में डाला गया बिचड़ा खेत में ही खराब हो चुका है। बावजूद हल्की बारिश होने से किसानों में एक भरोसा जगा और थोड़ा बहुत धान की बुआई हो रही है। किसानों से बात करने पर बताते हैं कि धान के पैदा होने की उम्मीद तो जा चुकी है किंतु धान बीज की खरीदारी में बहुत पूंजी लगती है, जिससे जितना हो पायेगा खेतों में इसकी बुआई कर दे रहे हैं। कम से कम मवेशी को खिलाने के लिए अगर पुआल भी हो जाये, तो बहुत अच्छा रहेगा। पिछले दो तीन दिनों से हो रही बारिश के कारण किसान अपनी खेतो में बुआई प्रारंभ कर रहे हैं।

### छत से गिरकर मजदूर घायल

**गुमला।** गुमला थाना अंतर्गत लक्ष्मण नगर में घर निर्माण कार्य कर रहे मजदूर कोलदा निवासी खोरस लकड़ा (52) छत से गिरकर घायल हो गया। जहां उसके पैर पर गंभीर चोट लगी है। साथी मजदूर सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराये। खोरस ने बताया कि लक्ष्मण नगर में घर निर्माण चल रहा है। जिसमें छत पर काम कर रहा था। तभी पैर फिसलने से नीचे गिर गया।

### दुष्कर्मी को 15 साल की सजा, 50 हजार जुर्माना

**गुमला।** एडीजे वन दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत ने सोमवार को दुष्कर्मी कुनवीर पालकोट के सुधीर सिंह को धारा 376 के तहत 15 साल की सजा सुनायी। साथ ही 50 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर दो साल अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सरकारी पक्ष के अपर लोक अभियोजक मो जावेद हुसैन ने पैरवी की। घटना 20 मई 2018 की है। घटना के दिन पीड़िता अपने गांव लौट रही थी। उसी दौरान आरोपी उसे पीछे से आकर पकड़ लिया। उसे पहाड़ की ओर ले जाकर जबरन दुष्कर्म किया।

### बोल बम के नारों से गूंज उठा कैरो


**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय सहित मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर खरता, महादेव मंडा गजनी, सढ़ाबे शिव मंदिर, हनहट शिवायल सहित नरौली, गुड़ी, चाल्हो, बकसी इत्यादि शिवायल में श्रावण सोमवारी पर सुबह से ही शिव भक्तों ने फूल, बेलपत्र, धतूरा, दुग्ध व जल से भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर हर-हर महादेव, बम-बम भोले, ॐ नमः शिवाय के महामंत्रों से आशीर्वाद मांगा। मौके पर विभिन्न शिवालय में पुरोहितों ने तो ज्यादातर स्थानों में भक्तों ने स्वयं पूजा अर्चना की। श्रावण के पावन महीने में हर दिन भक्तों की टोली भी राज्य व देश के विभिन्न हिस्सों में तीर्थ स्नान व पूजा के लिए हर दिन जा रहे हैं। क्षेत्र से जहां सबसे ज्यादा बिहार के सुल्तानगंज से जलभर कर बाबा देवनगरी देवघर जा रहे हैं, तो वहीं, अमरनाथ, वैष्णो देवी, रामेश्वरम, तिरुपति सहित पूरे भारत के अलग-अलग धार्मिक स्थल जाते दिख रहे हैं। पूरा सावन का महीना धर्म का महीना के रूप में देखा जा रहा है और इसी कारण पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में बदल सा गया है।

## दशावतार पुस्तक लिखने के लिए आरोही खंडेलवाल को बेस्ट ऑथर ऑफ द ईयर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** नोट्रे डैम स्कूल की तीसरी कक्षा की छात्रा आरोही खंडेलवाल ने दशावतार पुस्तक लिखी है। जिसमें भगवान विष्णु के दसों अवतारों का वर्णन है। आरोही की पुस्तक दशावतार को ग्लोबल मैनेजमेंट कॉउन्सिल ने ए पी जे अब्दुल कलाम आजाद राष्ट्रीय पुरस्कार (लाइफ टाइम नेशनल अवार्ड ऑफ एक्सिलेंस) बेस्ट ऑथर ऑफ द ईयर 2023 से सम्मानित किया है। आरोही की इस उपलब्धि पर उसके पिता रूपेश खंडेलवाल व माता सीमा खंडेलवाल ने हर्ष व्यक्त किया है। पिता ने बताया कि कम उम्र में बिना रूके हनुमान चालीसा बोलने पर आरोही को लिमका बुक ऑफ अवार्ड से पूर्व में सम्मानित किया गया था। आरोही की प्रतिभा दिनोंदिन निखर रही है। उसकी पुस्तक ऑनलाइन उपलब्ध भी है।

- पूर्व में हनुमान चालीसा बोलने पर आरोही को मिल चुका है लिमका बुक ऑफ का अवार्ड
- दशावतार पुस्तक में भगवान विष्णु के दसों अवतार का है वर्णन



## अंडर-17 क्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का चैंपियन बना सरस्वती विद्या मंदिर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा 34वां क्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर बोकारो, 2अ को हराकर चैंपियन बना। यह दो दिवसीय प्रतियोगिता बिहार के औरंगाबाद में आयोजित हुई थी। विद्यालय के खेल प्रशिक्षक आचार्य जोधन सिंह के मार्गदर्शन में विद्या मंदिर के टीम ने यह गौरव प्राप्त किया। यह जीत विद्या मंदिर के साथ लोहरदगा जिला एवं विद्या विकास समिति झारखंड का गौरव बढ़ाया। इसमें बिहार एवं झारखंड के विद्या मंदिरों के प्रतिभागी भाग लिये थे। इस टीम में मोहित प्रजापति (कप्तान), संजीत उरांव, अनीश उरांव, मनीष उरांव, अमन उरांव, सुजल उरांव, पियूष भगत, विनय उरांव एवं कार्तिक पाहन शामिल थे। विद्या मंदिर के इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर टीम की सफलता के लिए शुभकामना लोगों ने दी।

## सेवाभाव से काम करनेवाले युवाओं को लीडर के रूप में करें प्रोजेक्ट : पवन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**डुमरी।** प्रखंड के राजा डेरा मैदान में प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश्वर एक्का की अध्यक्षता में लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के तहत बैठक हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष चैतु उरांव, विधानसभा को-ऑर्डिनेटर पवन गौतम शामिल हुए। बैठक की शुरुआत सभी कांग्रेसी के द्वारा नोवल पुरस्कार से सम्मानित कवि, उपन्यासकार, नाटककार, चित्रकार रविंद्र नाथ टैगोर को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी पुण्यतिथि मनाई गई एवं लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के बारे में चर्चा किया गया। लोगों को लीडर डेवलपमेंट मिशन के तहत चयन कर पदभार दिया गया। मौके पर गुमला विधानसभा को-ऑर्डिनेटर पवन गौतम भी उपस्थित थे।

### दोस्तों संग मिलकर बड़े भाई की पिटाई

**गुमला।** घर पर प्रवेश पर रोकने पर छोटे भाई के दोस्तों ने मिलकर चेटर निवासी 31 वर्षीय राहुल शर्मा के साथ जमकर मारपीट की। इस घटना में राहुल शर्मा का सर फट गया। घटना के संबंध में घायल राहुल शर्मा ने बताया कि उसका छोटा भाई घर पर नहीं था तो उसके तीन दोस्त घर आये औा बिना कुछ कहे घर पर प्रवेश करने लगा। पूछा तो कहने लगे नशा करने आये हैं। जिसपर मैंन मना किया तो छोटे भाई के दोस्त मिलकर मुझसे मारपीट करने लगे। इस दौरान सर पर गंभीर चोट लग गयी।

## यूपी से भटकी महिला पहुंची लोहरदगा, पति को सौंपा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** सखी वन स्टॉप सेंटर से महिला को उनके पति व साथ आये रिश्तेदारों को सकुशल सौंपा गया। इससे पूर्व 27 जुलाई को सेन्हा थाना ने भटकती हुई इस महिला को सखी वन स्टॉप सेंटर में आवासित किया था। महिला ने अपना नाम गीता देवी बताया था। परंतु पता नहीं बता पा रही थी। कई चरणों की काउंसेलिंग के बाद पता चल पाया कि महिला गोंडा जिला उत्तर प्रदेश की है। तत्पश्चात जिला समाज कल्याण पदाधिकारी पूजा कुमारी के निर्देशानुसार संरक्षण पदाधिकारी अनुरंजन कुमार जिला बाल संरक्षण इकाई लोहरदगा और इम्तियाज खान आईटी इंजीनियर, सखी वन स्टॉप सेंटर लोहरदगा ने अथक प्रयास करते हुए जिला गोंडा, उत्तर प्रदेश के संरक्षण पदाधिकारी से समन्वय किया और महिला का फोटो और उससे प्राप्त अन्य जानकारी उनके साथ साझा की गयी। तब संरक्षण पदाधिकारी गोंडा उत्तर प्रदेश ने अपने जिले में महिला का विवरणी शेयर किया।

# 23 साल बाद भी झारखंडियों का सपना नहीं हुआ साकार: दिलीप

- आजसू पार्टी सिसई प्रखंड की बैठक, सिसई प्रखंड कमेटी विस्तार पर चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिसई।** कुदरा में प्रखंड आजसू की बैठक प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत गिरि की अध्यक्षता में सोमवार को हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष दिलीप नाथ साहू और केंद्रीय सचिव सह सिमडेगा जिला प्रभारी गोपीनाथ सिंह, केंद्रीय सदस्य दुर्गा साहू, जिला महासचिव आनंद गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह खरवार शामिल हुए। बैठक में 2024 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सिसई विस क्षेत्र में अपना प्रतिनिधित्व के लिए संगठन का विस्तार और जनसंपर्क अभियान की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया।

मौके पर जिलाध्यक्ष दिलीप नाथ साहू ने कहा कि आजसू संघर्ष और बलिदान की उपज पार्टी है। झारखंड राज्य के बने 23 साल हो गये लेकिन राज्य के परिकल्पना का उद्देश्य पूरा होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। आज यहां युवा बेरोजगार हैं उच्च शिक्षा हेतु तकनीकी संस्थान की कमी है, उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवा की परिकल्पना अधूरा है। किसानों के खेतों तक पानी और बिजली का पहुंचाना एक कोरा परिकल्पना हो गया है।



बैठक के बाद एकजुट आजसू कार्यकर्ता।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मना विश्व स्तनपान सप्ताह

# नवजात शिशुओं के लिए मां का दूध अमृत के समान : डॉ संजय कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा के सभागार में सोमवार को विश्व स्तनपान सप्ताह कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा एव पीरामल टीम ने आयोजित की। कार्यक्रम की विधिवत उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, डॉ आकाश कुमार, सुपरवाइजर नीलम मिंज, मुखिया परमेश्वर महली ने किया। डॉ संजय ने कहा कि हर साल अगस्त के पहले हफ्ते में विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है। पूरे सप्ताह मनाये जाने वाले इस इवेंट का मकसद स्तनपान के महत्व को उजागर करना और नवजात शिशु के वृद्धि और विकास पर बात करना है। वैश्विक रूप से इस सप्ताह को मनाया जाता है और विशिष्ट थीम चुनकर उसपर काम होता है। इस साल का थीम है, 'लेट्स मेक ब्रेस्टीफीडिंग एंड वर्क, वर्क'। यह थीम कामकाजी महिलाओं के अपने बच्चों को स्तनपान कराने और कामकाजी जिंदगी के बीच तालमेल बिठाने से जुड़ा है। इस साल यही कोशिश है कि महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा जागरूक, प्रेरित और उनकी मदद की जा सके।



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि व उपस्थित अन्य।

स्पीड न्यूज

## विभिन्न मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मामले में दो अभियुक्त को सोमवार को गिरफ्तार कर गिरफ्तार अभियुक्त कांड संख्या 198/14 कुर्की एसटी 39/15 के अभियुक्त 38 वर्षीय मनोज यादव पिता झूमक यादव ग्राम पंडियाडीह थाना जयनगर को न्यायालय उपस्थापन हेतु भेजा गया एवं सी 832/13 के वारंटी अभियुक्त अख्तर अंसारी पिता अकबर अली ग्राम महुआ गढ़ा थाना जयनगर को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेजा गया।

## अश्लील वीडियो भेजकर ब्लैकमेल करने का आरोप

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बगरीडीह निवासी विवाहिता के व्हाट्सएप पर अश्लील वीडियो भेजकर ब्लैकमेल करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर पीड़िता ने डोमचांच थाने में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। आगे बताया है कि नीमाडीह निवासी दीवान राम व लक्षणडीह निवासी शहजाद अंसारी लगातार उसके मोबाइल के व्हाट्सएप पर अश्लील वीडियो व फोटो भेज कर ब्लैकमेल करता है। उसने यह भी बताया है कि उसकी वैवाहिक जिंद्गी बर्बाद करने की कोशिश की जा रही है। मामले को लेकर डोमचांच थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने कहा कि मामले की छानबीन की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## हाथियों ने गोपाल बिरहोर के घर को किया क्षति ग्रस्त

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बेरहवा जंगल स्थित दक्षिणी पंचायत मरकच्चो स्थित बिरहोर टोला में हाथियों ने गोपाल बिरहोर के घर को क्षति ग्रस्त कर दिया, जिससे उसमे रखे सामान व खाना बनाने का अलमुनियम का बर्तन व थाली दब कर क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलने पर बीडीओ तेलियामारन के बिरहोर टोला पहुंच कर गोपाल बिरहोर से मिलकर यथा सम्भव मदद करने की बात कही। वहीं दूसरी ओर हाथीयों का झुंड ने पपलो पंचायत के ग्राम अम्बाडीह में तुलसी पासवान आदि के द्वारा लगाये गए आम बागवानी को भी क्षति पहुंचाया। बीडीओ पप्पु रजक ने अम्बाडीह पहुंच कर हाथयो द्वारा क्षतिग्रस्त किये गए बागवानी का जायजा भी लिया।

## डराकर 70 हजार नगद व 2 लाख के गहने लिए

**कोडरमा।** शहर के एक स्कूल के दसवीं कक्षा के अपने ही दोस्त का आपत्तिजनक वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने के मामले में पुलिस ने चार किशोरों को हिरासत में लिया है। मामले में पीड़ित के पिता की ओर से थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया गया है। जिसमें बताया गया है कि पिछले कई दिनों से उनके पुत्र का आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए उसके तीन अन्य दोस्त उसे डरा रहे थे। गत दिनों घर में रखे करीब 70 हजार रुपए नगद व 2 लाख रुपए के जेवरात गायब मिलने के बाद जब अपने पुत्र से इसकी पूछताछ की। उसने बताया कि उसके साथ पढ़ने वाले तीन अन्य दोस्त उसका आपत्तिजनक वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर रहा है। उसने बताया कि वह कई किस्तों में अब तक 70 हजार रुपए व गहने उसे दे चुका है। बावजूद इसके लगातार उसका भयादोहन किया जा रहा है।

## बाल मेला का आयोजन

**कोडरमा।** लक्खीबागी स्थित वसुंधरा गार्डन सृजन महिला विकास मंच द्वारा सामुदायिक सशक्तिकरण परियोजना के अंतर्गत बाल मेला का आयोजन किया गया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता मौजूद थीं। जहां उन्होंने कहा कि सृजन महिला विकास मंच किसी पहचान का मोजताज नहीं है। संस्था की सचिव का जीवन संघर्ष से प्रतिपक्ष हैं और अपने क्षेत्र में बच्चों और बच्चियों के जीवन में जो रौशनी लाने का कार्य किया हैं, वो एक जौहरी एक है, जो बालिकाओं को तराशने का काम कर रही है। इस कार्यक्रम में कोडरमा एवं डोमचांच बाल मंच के 220 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जहां क्लस्टर लेवल में कक्षा वार प्रतियोगिता आयोजन किया गया।

### डीसी ने कोडरमा में किया मिशन इंद्रधनुष का शुभारंभ, कहा

# गर्भवती महिलाओं और शून्य से 5 वर्ष के छूटे बच्चों का टीकाकरण लक्ष्य के अनुरूप पूरा करें

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में तीन चरणों में चलने वाले मिशन इंद्रधनुष 50 सोमवार से शुरू हो गयी है। वहीं सदर अस्पताल में कार्यक्रम आयोजित कर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने इसकी विधिवत शुरुआत की। उदघाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि मिशन इंद्रधनुष के सफल संचालन के लिए इस अभियान को चुनौती के रूप में लें, ताकि तीन चरणों में चलने वाले इस अभियान




के दौरान टीकाकरण से वंचित छूटे हुए गर्भवती महिलाएं और शून्य से 5 वर्ष आयु वाले बच्चों का शतप्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित हो। उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि अभियान के दौरान अपने बच्चों का टीकाकरण अवश्य कराएं, जिससे बच्चों के समेकित विकास के साथ साथ उनका इम्युनिटी सिस्टम में वृद्धि हो, इस दौरान उपायुक्त ने बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाते हुए कहा कि टीकाकरण बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए बहुत जरूरी है, इससे कई बीमारियों से बचाव होता है। वहीं सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले में यह अभियान तीन चरणों में पूरा किया जाना है, प्रथम चरण 7 से 12 अगस्त, दूसरा 11 से 16 सितंबर और तीसरे चरण की शुरुआत 9 से 14 अक्टूबर तक चलाया जाएगा, इसमे नियमित टीकाकरण भी शामिल है। अभियान को पूरी तरह सफल बनाने के लिए जिला और प्रखण्ड स्तर पर मोनेटरिंग टीम का गठन किया गया है। मौके पर डीएसडब्ल्यूओ आरती कुमारी, डीएस डॉ. मनोज कुमार, डीएलओ डॉ.रमण कुमार, डॉ.शरद कुमार, पवन कुमार आदि मौजूद थे।

## सातवीं जिला ताइक्कांडो चौंपियनशिप का आयोजन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** जिला ताइक्कांडो संघ के द्वारा रविवार को मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्रांगण में सातवीं जिला ताइक्कांडो चौंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि दिलीप कुमार सिंह, एचओपी, पावर प्लांट केटीपीएस, विशिष्ट अतिथि संगीता शर्मा संरक्षक ऑर्गेनाइजिंग कमिटी, डायरेक्टर मॉडर्न पब्लिक स्कूल, कृष्ण कुमार सिंह विशिष्ट अतिथि, शैलेंद्र कुमार प्रिंसिपल, मॉडर्न पब्लिक स्कूल ओरगनाईजिंग चेयरमैन, प्रवीण कुमार बर्णवाल डायरेक्टर द-आरवीएस स्कूल, रश्मि वर्णवाल प्रिंसिपल आरब्रीएस स्कूल के अलावे अमित कुमार डेवलपमेंट ऑफिसर, एलआईसी आदि अतिथि मौजूद थे। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में राज्य से लगभग 15 रेफरी की भूमिका में आए थे।

## दोमुहानी बैकुंठ धाम में पूर्व विधायक ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ किया जलाभिषेक

**चंदवारा (कोडरमा)।** प्रखंड स्थित आस्था का प्रतीक दोमुहानी बैकुण्ठ धाम जो धरना स्थली के रूप में जाना जाता है। आज सावन की सोमवारी पर शिव भक्त पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव अपने कार्यकर्ताओं के साथ भोलेनाथ की शिव लिंग पर पूरी आस्था के साथ जलाभिषेक किया, जहां प्रखंड के सभी शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही। वहीं चंदवारा के पूतो स्थित दुमुहानी नदी के तट पर बने शिव मंदिर, दुमुहानी धाम जो बैकुंठ धाम के नाम से भी काफी विख्यात है। सावन के पहले दिन से लेकर यहां अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। जो सावन के अंतिम दिन तक जारी रहेगा। जिसमें पूर्व विधायक अपने




कार्यकर्ताओं के साथ अखण्ड हरि कीर्तन में भाग लिया। वहीं मन्दिर के मुख्य पुजारी सुगेश्वर पण्डित जो लगभग डेढ़ दसक से अन्न त्याग कर केवल दूध पीकर जीवीत हैं। वहीं मंदिर परिसर में भक्तों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध है। दुमुहनी धाम पहुंचने वाले लोगों के लिए रांची-पटना मुख्य मार्ग व कोडरमा रेलवे स्टेशन से महज 10 किलोमीटर महतो अहरा होते हुए धाम परिसर तक बेहतर सड़क की व्यवस्था है। वहीं तिलैया डैम ओपी व चंदवारा थाना पुलिस अतिरिक्तपुलिस बल के साथ शिव भक्तों की सुरक्षा में मुस्तैद रहते हैं।

## प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को दी गई विदाई

**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में सोमवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश कुमार सिंह व डॉ प्रियंका कुमारी को समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। इस दौरान कर्मियों ने दोनों को पुष्प गुच्छ व शॉल देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात डॉ दिनेश सिंह ने प्रभारी का प्रभार डॉ रंजन दास को देते हुए कहा कि भवनाथपुर के सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र के कर्मी बहुत ही मेहनती व कर्मठ है। साथ ही यहां की जनता लोगों को अधिक सम्मान देती है। नौकरी में स्थानांतरण एक प्रक्रिया है जो सबके साथ एक दिन होना है। मौके पर डॉ नितेश भारती, डॉ जेपी ठाकुर, डॉ निशंक निश्रम, डॉ अभिनीत विश्वास, प्रदीप पाठक, अरुण लकड़ा, अनूप गुप्ता, सीपी रावत आदि कर्मी उपस्थित थे।

## नये वोटरों के नाम सूची में दर्ज करने का डीसी ने दिया निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में निर्वाचन शाखा की समीक्षा बैठक हुई। बैठक के दौरान मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बीएलओ के माध्यम से डोर टू डोर सर्वे कराने और छूटे हुए नए मतदाताओं का नाम सूची में दर्ज करने, साथ ही प्राप्त फर्म 6, 7 और 8 को बीएलओ के साथ बैठक कर दो दिनों के अंदर एप में एंट्री करने तथा मतदाता सूची का मिलान करते हुए उप निर्वाचन पदाधिकारी को रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में डीसी ने सहायक निर्वाची पदाधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों का भ्रमण कर केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं पर प्रतिवेदन देने, शतप्रतिशत केंद्रों का सत्यापन करने का निर्देश दिया। बैठक में उन्होंने कहा कि जिन मतदान केंद्रों में फॉर्म 6, 7, और 8 प्राप्त नही हो रहा है, ऐसे केंद्रों पर बीएलओ से फॉर्म एकत्रित करवाएं। उपायुक्त ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि जिन लोगों का नाम वोटर लिस्ट में दर्ज नही है अथवा 18 वर्ष या इससे अधिक उम्र के हैं और लिस्ट में नाम नही है तो सम्बंधित बीएलओ से सम्पर्क करें अथवा ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बैठक के दौरान डाक अधीक्षक अशोक मण्डल के द्वारा हर घर तिरंगा मुहिम के तहत उपायुक्त को तिरंगा भेंट किया।

### उपायुक्त ने किया सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज सोमवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने स्वास्थ्य सहायता केंद्र, आयुषमान केंद्र, डॉक्टर रूम, ओपीडी, अल्ट्रासाउंड, एक्सरे, रजिस्ट्रेशन काउंटर, हेल्प डेस्क, ओटी समेत विभिन्न वार्डो का औचक निरीक्षण किया। साथ हीं भर्ती मरीजों से मिलकर उन्हें दी जाने वाली सुविधाओं का भी जानकारी ली और महिला मरीजों के बीच आयुष्मान कीट का वितरण किया।

## कान्यकुब्ज ज्योतिष ब्राह्मण समाज की जिला स्तरीय बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिला मुख्यालय स्थित विवेकानंद उच्च विद्यालय चतरा के प्रांगण में चतरा जिला कान्यकुब्ज ज्योतिष ब्राह्मण समाज की बैठक की गई।बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजय पांडेय व संचालन जिला सचिव राजन पांडेय ने किया। कार्यक्रम के सुरवात भगवान परशुराम जी के चित्र पर विधिवत पूजन गणेश वंदना शांति पाठ शंख ध्वनि के साथ की गई।बैठक में मुख्य अतिथि झारखंड कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण महासमिति के प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश पांडेय प्रदेश प्रवक्ता नंद किशोर पांडेय वरिष्ठ गणेश पांडेय परमानंद शर्मा उपस्थित थे। जिन्हें माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। उपस्थित चतरा जिला कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज के सभी प्रखंडों से आए हुए जिला कार्यकारिणी सदस्यों तथा नवनिर्वाचित प्रखंड पदाधिकारी गणों का भी स्वागत किया गया। जिला स्तरीय बैठक में संगठन की मजबूती पर बल देते हुए निर्णय लिया गया।

इस कमेटी का दिन दीर्घ समय तक चलाया जाना चाहिए। इस पर सभी विर्पजनों ने संकल्प लिया है। और प्रत्येक प्रखंडों में मासिक बैठक की जाएगी। तथा समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का



भी संकल्प लिया गया। जिला स्तरीय कोष संग्रहण हेतु निर्णय लिया गया।

बैठक में यह भी निर्णय ली गई कि प्रखंड स्तरीय बैठक में प्रखंड के सभी प्रबुद्ध जनों तथा प्रखंड कार्यकारिणी सदस्य गणों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। इस बीच चतरा जिला अंतर्गत प्रखंड चतरा, कन्हाचट्टी, इटखोरी, मयूरहंड, पत्थलगड़ा, सिमरिया, गिद्धौर, टंडवा, लावालोंग से आए हुए नवनिर्वाचित प्रखंड पदाधिकारीओं को प्रमाण पत्र दिया गया एवं सभी उपस्थित विप्र बंधुओं ने अपने अपने विचार को रखा। जिसमें निर्णय लिया गया कि आगामी 13 अगस्त को हजारीबाग स्थित कोरमाल चौक निकट पैराडाइज होटल के प्रांगण में झारखंड कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण महासमिति के होने वाली प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन में जिला के विभिन्न प्रखंडों से भारी संख्या में विप्र बंधु शामिल होंगे। प्रदेश अध्यक्ष संबोधन में कहा कि झारखंड प्रदेश में विप्र ब्राह्मण बंधुओं की एकता को बनाए रखने में हम सभी को एक सूत्र में रहना होगा। बैठक में जिला मीडिया प्रभारी भूपेंद्र पांडेय जिला कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र नाथ शर्मा दिलीप कुमार मिश्रा अक्षवट दयाल शर्मा अयोध्या पांडेय सुरेश पांडेय गौतम पांडेय किशोर पांडेय भरत पांडेय नकुल पांडेय रामप्रताप पांडेय गोविंद शर्मा भैरव दत्त शास्त्री बसंत पांडेय दुलारचंद पांडेय सुबोध पांडेय यदुनंदन पांडे राम विनय पाठक महादेव पांडेय विनोद कुमार शर्मा मुरारी पांडेय मयूरहंड प्रखंड अध्यक्ष धनंजय शर्मा इटखोरी प्रखंड अध्यक्ष रविकांत शर्मा गिद्धौर प्रखंड उपाध्यक्ष रंजीत पांडेय पत्थलगड़ा अध्यक्ष मुकेश पांडेय टंडवा प्रखंड अध्यक्ष मोहन पांडेय सिमरिया प्रखंड कोषाध्यक्ष महेंद्र पांडेय लावालॉगं प्रखंड अध्यक्ष संतोष पांडेय कन्हाचट्टी प्रखंड अध्यक्ष सच्चिदानंद पांडेय सहित सैकड़ो से अधिक विप्र बंधु उपस्थित हुए।

### मिशन इंद्रधनुष 5.0' के प्रथम चरण की शुरूआत, गर्भवती महिलाओं एवं जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों का होगा टीकाकरण

# उप विकास आयुक्त ने किया 'मिशन इंद्रधनुष 5.0 का विधिवत शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान के प्रथम चरण की शुरूआत सोमवार को हो गई है। उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता सदर अस्पताल चतरा पहुँच ₹मिशन इंद्रधनुष 5.0₹ का विधिवत रूप से उद्घाटन किया। इस दौरान सिविल सर्जन चतरा डॉ जगदीश प्रसाद ने उप विकास आयुक्त के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया कि मिशन इंद्रधनुष के बेहतर संचालन हेतु कुल 445 सेशन साइट बनाए गए है। जिनके माध्यम से गर्भवती महिलाओं एवं जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों को छूटे हुए टीके लगाए जाएंगे। मिशन इंद्रधनुष' अभियान तीन चरणों में चलेगा। प्रथम चरण



7 से 12 अगस्त, दूसरा चरण 11 से 16 सितंबर व तीसरा चरण 9-14 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा। इस दौरान ऐसी गर्भवती महिलाओं एवं जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा, जो किसी कारणवश टीका नहीं लगवा पाए थे। टीकाकरण से पूर्व लाभार्थी का पंजीकरण यू-विन पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। पंजीकरण एवं रिपोटिंग यू-विन पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। मौके पर उप विकास आयुक्त ने संबोधित करते हुए ₹मिशन इंद्रधनुष 5.0₹ के सफल संचालन एवं शत प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को हासिल करने को लेकर स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य संबंधित विभागों को आपस में समन्वय बनाकर मुहिम के तहत कार्य करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने जिले के गर्भवती महिलाओं एवं जन्म से 5 वर्ष तक के छूटे हुए बच्चों के अभिभावकों से भी अपील किया कि वह अपने बच्चों का टीकाकरण अवश्य करवाएं, जिससे बच्चों के समेकित विकास के साथ-साथ उनका इम्यूनिटी सिस्टम में भी वृद्धि हो। टीकाकरण बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के लिए कितना महत्वपूर्ण है इस संबंध में भी उप विकास आयुक्त ने कई प्रमुख बातें कहीं। उन्होंने सभी संबंधित को उत्तरदायित्व पूर्ण एवं प्राथमिकता के आधार पर सभी चरणों में शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने को कहा। साथ हीं ससमय समीक्षा एवं प्रतिदिन होने वाले टीकाकरण का रिपोर्ट भी साझा करने को कहा। कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त एवं सिविल सर्जन द्वारा वहां उपस्थित बच्चों को पोलियो ड्रॉप भी पिलाया गया। ₹मिशन इंद्रधनुष 5.0₹ के उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से सिविल सर्जन चतरा डॉ जागीदिश प्रसाद, विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉक्टर दीपक कुमार समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

एक नजर में

## केतार में झंडोतोलन का समय निर्धारित



बैठक करते बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** 15 अगस्त को झंडोतोलन को लेकर सोमवार को प्रखंड मुख्यालय के सभागार कक्ष में बीडीओ मुकेश मछुआ की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें आपसी विचार विमर्श कर झंडोतोलन का समय निर्धारित किया गया। प्रखंड कार्यालय में प्रातः 8 बजे, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में 8:35, अम्बेडकर चौक केतार बाजार 8:50, मध्य विद्यालय केतार में 9:00, झारखंड ग्रामीण बैंक में 9:10, आरके सिंह पब्लिक स्कूल में 9:20, लोहिया समता उच्च विद्यालय में 9:40, बीआरसी भवन में 9:50, कोल्ह मोड़ अंबेडकर चौक पर 10:10, स्वास्थ्य उप केंद्र 10:25 एवं केतार थाना परिसर में 10:45 बजे झंडोतोलन किया जायेगा। इस दौरान सभी पंचायत मुख्यालय में झंडोतोलन को लेकर कर्मी प्रतिनियुक्त किए गए। जिसमें बलीगढ़ पंचायत मुख्यालयों में बीपीओ मनोज कुमार, केतार में पंचायत सेवक अशोक कुमार, लोहरगाड़ा में रोजगार सेवक रामकुमार प्रजापति, मुकुंदपुर में जनसेवक राजीव कुमार, पचाडुमर में रोजगार सेवक पंकज सिंह, परसोडीह में दीपक जायसवाल, परती कुशवानी पंचायत में बीएफटी छोटन पासवान को झंडोतोलन की जिम्मेवारी दी गई। मौके पर प्रमुख चंद्रावती देवी, उप प्रमुख शंभू सिंह, जेई अमर भारती, सीआई नागेंद्र पाठक, सीआरपी रमेश रजक, मनोज पाठक, रामभजन गुप्ता, मनोज फौजी, कुंदन प्रसाद सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## प्रतिभा सम्मान समारोह में छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत संचालित प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय गिद्धौर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया। जहां मुख्य अतिथि राज्य के माननीय मंत्री सत्यानन्द भोगता पहुंचे। जिनका स्वागत विद्यालय परिवार ने अंगवस्त्र, गुलदस्ता देकर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। जहां छात्रों ने डांडिया प्रस्तुति संगीत नाच नृत्य जोहार झारखंड जैसे कई प्रस्तुतियां पेश की गई। जिसके लिए बच्चियों को मंत्री ने खूब प्रशंसा कीए माननीय मंत्री ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेघावी छात्र छात्राओं को +2 गंगा स्मारक उच्च विद्यालय स्मृति चिन्ह, मेडल देकर सम्मानित किया। सम्मानित छात्रों का नाम अंशु कुशवाहा शशि कुमार नेहा कुमारी पवन कुमार यादव रेणु कुमारी रूप रानी कुमारी मधु कुमारी रोहित राज औचित्य कुमार गगन कुमार गुप्ता मो समशाद सौरभ कुमार दांगी दुर्गेश कुमार लकी कुमार आफरीन परवीन का नाम शामिल है।

मौके पर उपस्थित जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, प्रमुख अनीता यादव, मंत्री प्रतिनिधि अजय राम, प्रदेश महासचिव भोली साहू, प्रदेश सचिव दीपक साहू ,20सूत्री अध्यक्ष विनोद पासवान, 20 सूत्री उपाध्यक्ष रामदेव यादव, समाजसेवी बालेश्वर यादव, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा प्रधानाध्यापक ब्रजेश सिंह, रामलखन दांगी, देव चरण दांगी, अंचल पदाधिकारी जयशंकर पाठक, थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव, सतेन्द्र कुशवाहा, राजेश कुशवाहा, राजेंद्र प्रसाद सिंह, शिक्षक प्रधानाध्यापक बृजेश सिंह, सरोज कुमार, गुन्दो रविदास रमजान अली अंसारी, कृष्णा कुमार टिंकू,सरोज कुमार, राजीव नयन प्रसाद राजीव रंजन दास संतोष सेठ ब्यूटी कुमारी विधीन कुमार नरेंद्र सिंह शारदा शैलबाला लिना कुमारी मीनाक्षी कुमारी किरण कुमारी उमेश राज बसंत मिश्रा गौरव मिश्रा निर्मल गाना पंकज कुमार एवं सैकड़ों, छात्र छात्राओं व गणमान्य लोग मौजूद थे।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर मेरी माटी मेरा देश अभियान के तैयारियों को लेकर बीडीओ बैद्यनाथ उरांव ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में सोमवार को जनप्रतिनिधियों व प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि 09 अगस्त से 15 अगस्त तक प्रखंड के सभी ग्राम पंचायतों में चयनित अमृत सरोवर एवं अमृत जलाशय स्थल पर उक्त कार्यक्रम किये जायेंगे। वहीं उन्होंने 13 अगस्त से 15 अगस्त तक मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किये जाने जानकारी दी। वहीं उन्होंने प्रत्येक ग्राम पंचायत में चिन्हित स्थल पर 75 पौधरोपण करते हुए उक्त स्थल को अमृत वाटिका का रूप दिए जाने की बात कही। चयन स्थल पर शिला पट्टिका भी लगाए जाएंगे। अभियान के तहत 13 से 15 अगस्त तक प्रत्येक ग्राम पंचायत के पवित्र स्थल से एकत्रित की गई मिट्टी को कलश में लेकर पंचायत मुख्यालय इकठ्ठा किये जायेंगे। इकठ्ठा गए मिट्टी कलशों को तय समय पर भव्य तरीके से प्रखंड मुख्यालय में संग्रहित कर रखा जाएगा। बाद में उक्त मिट्टी कलशों को दिल्ली पहुचाया जाएगा। वहीं कार्यक्रम स्थल पर सभी को मुठी में मिट्टी लेकर पंच प्राण जिसमें देश की रक्षा करने वालों को सम्मान करने, भारत को विकसित देश बनाने आदि की शपथ लेगें तथा सेल्फी लेकर वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

## चंद्रवंशी विकाश मंच की मासिक बैठक सम्पन्न

**कोडरमा।** चंद्रवंशी विकाश मंच की मासिक बैठक नगरखारा स्थित उमेश राम के आवास पर संपन्न हुई। जहां मुख्य रूप से समाज में शैक्षणिक, धार्मिक विषय के साथ साथ समाज के लोगों को जोड़ने पर जोर दिया गया। बैठक में समाज में सदस्यता अभियान चलाने व हर मंगलवार को मंगला आरती में शामिल होने को लेकर निर्णय लिया गया।

# 13 से 15 अगस्त तक जिले में मनेगा हर घर तिरंगा कार्यक्रम : हिमांशु मोहन

स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर समाहरणालय सभागार में उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है। स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह की रुपरेखा तैयार करते हुये पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को पूर्वाभ्यास एवं स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह जिला खेल स्टेडियम लातेहार में आयोजित किया जाएगा। जिसमें झंडोतोलन-राष्ट्रगान, परेड का आयोजन किया जाएगा। परेड का पूर्वाभ्यास मुख्य समारोह स्थल पर होगा। बैठक में उपायुक्त ने जिला खेल स्टेडियम की साफ-सफाई, रंग रोगन, लाउडस्पीकर की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, लोगों के बैठने की व्यवस्था, अग्निशमन दस्ता, स्वतंत्रता सेनानियों को आमंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था, परेड समेत अन्य के लिए संबंधित पदाधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी एवं विधि व्यवस्था संधारण को लेकर निर्देशित किया।



बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि।

### साफ- सफाई कराने का दिया गया निर्देश

उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर शहर के सभी चौक-चैराहों एवं सभी प्रतिमा, मूर्तियों की साफ-सफाई आदि कार्य का निष्पादन ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करने का निदेश कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत लातेहार को दिया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहर पूर्ण रूप से स्वच्छ एवं सुंदर रहे, इसे सुनिश्चित करेंगे।

**09 अगस्त से 15 अगस्त तक मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम सभी ग्राम पंचायतों में किये जायेंगे आयोजित :** इसके अलाव बैठक में उपायुक्त ने मेरी माटी, मेरा देश अभियान अंतर्गत किए जाने वाले कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 09 अगस्त से 15 अगस्त तक मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित किये जायेंगे। आगे उन्होने कहा कि जन भागीदारी से ही सभी कार्यक्रमों को सफल बनाया जाएगा। वहीं जिला में 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजित किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरूण कुमार दुबे, लातेहार विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य गण, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य व्यक्तियों समेत अन्य उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### टमाटर लोगों की थाली से हुआ दूर, 200 से 250 रू किलो बिक रहा है टमाटर

**महुआडांड़।** दिन-ब-दिन टमाटर का रेट आसमान छूते जा रहा है कम होने का नाम ही नहीं ले रहा। सोमवार को महुआडांड़ में सप्ताहिक हाट बाजार लगता है बाजार में दुर दराज गांव से भी लोग सब्जी बेचने आते हैं। इस दौरान देखा गया कि टमाटर सारे व्यापारी के पास ना रहकर कुछ ही लोगों के पास था। जब टमाटर के रेट के बारे में पूछा क्या तो 200 से 250 रू किलो तक बताया गया। जिसके कारण जहां लोग 1 किलो टमाटर की खरीदारी करते थें वहीं पर अब लोग 250 ग्राम टमाटर की खरीदारी कर रहे हैं। वही कई लोगों की थाली से तो टमाटर ही गायब हो चुका है।

### चंदवा में स्वतंत्रता दिवस को लेकर बैठक आज

**चंदवा।** आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को धूमधाम से मनाने को लेकर चंदवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर सभागार में मंगलवार को 3 बजे से बैठक आयोजित की गई है। उक्त जानकारी देते हूए बीडीओ सह सीओ विजय कुमार ने सभी जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्ध नागरिकों, सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय के शिक्षकों एवं अन्य सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों के प्रधानों से बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### जमीन विवाद में मारपीट एक घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के हेमपुर ग्राम में जमीन विवाद को लेकर हुए मारपीट में एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दिलेश्वर गंझु 30 वर्ष पिता कुलेश्वर गंझु ग्राम हेमपुर थाना बालूमाथ निवासी का अपने गोतिया के साथ वर्षों पुराना भूमि विवाद है। उसी विवादित भूमि में खेती करने को लेकर उसके गोतिया ने उसके साथ मारपीट की। जिससे दिलेश्वर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों के सहयोग से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेश कुमार राम की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया।

### लातेहार विधायक को केन्द्रीय उपाध्यक्ष बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी



मिठाई खिलाकर खुशी मनाते कार्यकर्ता।

**बारियातू।** लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम को पार्टी द्वारा झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर बारियातू जेएमएम प्रखंड उपाध्यक्ष भुनेश्वर यादव ने सोमवार को प्रखंड के कई जेएमएम समर्थकों को मिठाई खिलाकर बधाई दिया। वहीं प्रखंड उपाध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि जेएमएम पार्टी गरीब, मजदूर, किसान, दलित की पार्टी है। यह पार्टी हर क्षेत्र में सभी वर्गों के साथ मिलकर विकास की एक नई लकीर खिंच रही है। यही कारण है कि इसका हर क्षेत्र में जनाधार बढ़ता चला जा रहा है। बधाई देने वाले में साल्वे पंचायत के मुखिया राजीव भगत, टोंटी पंचायत के पंसस मो. होजैफा, बारियातू जेएमएम पंचायत अध्यक्ष पवन यादव, टोंटी पंचायत अध्यक्ष प्रमोद यादव, लवकुश कुमार, राकेश कुमार, मुंशी लाल पाल, सुनील कुमार, मुकेश गंझु, मो शमीम, मो. साजिद, बलराम कुमार, शंभु यादव सहित कई समर्थक शामिल रहे।

### फरार उग्रवादी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस के सहयोग से चतरा जिले के टंडवा पुलिस ने जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के लवलेश गंझु के घर इश्तेहार चिपकाया। इस संबंध में जानकारी देते हुए टंडवा थाना एसआई रोहित कुमार यादव ने बताया की टंडवा थाना कांड संख्या 31/17 धारा147,148,149,341,323,379,385,387,427,437 भा०द०वी एवं 27आर्म्स एक्ट एवं 17 सी०एल०ए एक्ट के आरोपी लवलेश गंझु पिता प्रधान गंझु ग्राम बरटोला थाना बालूमाथ निवासी के घर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर इश्तिहार चिपकाया है। लवलेश गंझु पिछले कई वर्षों से मामले में फरार चल रहा है। अगर इस्तेहार चिपकाए जाने के बाद भी लवलेश गंझु सरेंडर नहीं करता है। तो न्यायालय के आदेश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हरैया आंगनबाड़ी केंद्र में गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन



**चंदवा।** प्रखण्ड के अलौदिया पंचायत अंतर्गत हरैया आंगनबाड़ी केंद्र में सोमवार को कलस्टर स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मासिक टीकाकरण के दौरान गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गई। उन्हें बेहतर पोषण के साथ प्रसवपूर्व जांच की जानकारी दी गई। कलस्टर हेड सृकृता मिजं ने कहा कि गोदभराई दिवस मनाने का उद्देश्य महिलाओं को पोषण के प्रति जागरूक करना है। एएनएम प्रीति मुर्मू ने गर्भावस्था के दौरान खान-पान के साथ बेहतर पोषण की जानकारी दी। कहा कि जिन महिलाओं में खून की कमी हो उन गर्भवती महिलाओं को बच्चों को जन्म देने से पहले और जन्म के बाद आयरन के साथ कैलसिय की गोलियों का सेवन उचित मात्रा में करना चाहिए। विद्या रानी और अंजु देवी ने स्तनपान के फायदे बताने के साथ सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारियां उपस्थित महिलाओं को दी। मौके पर सुधा पाठक, मंजरी देवी, रीता, मालती देवी, संजु देवी व अन्य मौजूद थें।

**बरवाडीह : मणिपुर हिंसा के विरोध में बिरसा मुंडा एकता मंच ने किया विरोध प्रदर्शन**

# इस घटना की जिम्मेदार है मणिपुर सरकार : शशि भूषण तिवारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** मणिपुर में महिलाओं के साथ हुए हिंसक घटना के विरोध की आंच पूरे देश के साथ-साथ अब लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखण्ड तक पहुंच गई है। जहां सोमवार को घटना के विरोध में बिरसा मुंडा एकता मंच के बैनर तले आदिवासी नेता विक्टर केरकेट्टा और आयोजक शशि भूषण तिवारी के नेतृत्व में आदिवासी समाज के लोगों के द्वारा बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय में जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर हाई स्कूल के प्रांगण से विशाल जुलूस निकाला गया। सुबह से हो रही मूसलाधार बारिश के बीच हजारों की संख्या में महिलाओं और लोगों ने जुलूस में शामिल होकर दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की। जुलूस में शामिल महिलाओं ने विभिन्न नारों से सुसज्जित तख्तियां ली हुई थी। जिसमें मणिपुर में शांति बहाल करो, मणिपुर सरकार को अविलंब बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू करो, देश के सभी धार्मिक स्थलों पर हमला करना बंद करो, भारतीय नारियों का शोषण बंद करो, प्रभावित व्यक्तियों को अविलंब मुआवजा दो, प्रभावित परिवारों को पुनर्वास दो आदि कई मांगे शामिल थी। जुलूस बरवाडीह के बस स्टेंड, अंबेडकर चौक, बाजार, रेलवे कॉलोनी, सुभाष चौक और विवेकानंद चौक समेत विभिन्न चौक-चौराहों से होते हुए बस स्टेंड स्थित रैन बसेरा में पहुंच सभा में तब्दील हो गई। जहां कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ट नेता शशि भूषण तिवारी ने कहा कि मणिपुर की घटना बेहद निंदनीय है। महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार और उसकी इज्जत बचाने की कौशिश करने वाले भाई की निर्मम हत्या ने पूरे देश व समाज को स्तब्ध और अपमानित किया है। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आदिवासी नेता विक्टर केरकेट्टा, संचालक सिप्रियन मिंज के साथ उज्वल मिश्रा, डीएन राम, पूर्व मुखिया सुनीता टोप्पो, छिपादोहर मुखिया वेरोनिका कुजूर और मोनिका कुजूर सहित अन्य वक्ताओं ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। मौके पर हजारों की संख्या में महिलाएं, पुरुष, युवक और युवतियां शामिल थी।




जुलूस में शामिल लोग।

### अधिक दवा खाने से बच्चा हुआ बीमार रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** सोमवार को बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के रहने वाले मो. तौफीक के तीन वर्षीय पुत्र मो. हसनैन ने घर में रखा हुआ शुगर का अत्यधिक दवा का खा लिया। जिससे वह अचेत हो गया। घटना के बाद परिजनों के द्वारा बच्चे को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेश राम के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

### ओमनी कार में लगा आग

**बालूमाथ।** बालूमाथ रांची एनएच 22 मुख्य पथ पर सोमवार को पहले सुबह लगभग 7:00 बजे एक ओमनी कार में आग लग गई और वह धु-धु कर जलकर खाक हो गया। ओमनी कार के संचालक बिना पुलिस को सूचना दिए हुए ही कार को लेकर फरार हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि इस कार में अभिजीत ग्रुप द्वारा चोरी किया गया लोहा ढोया जाता था और आग लगने के समय भी उक्त कार में चोरी का लोहा लदा हुआ था।

### बरवाडीह, छिपादोहर और लातेहार में आज से पूर्व की भांति यात्री ट्रेनों का होगा ठहराव

**बरवाडीह।** धनबाद रेल मंडल के बरवाडीह, छिपादोहर और लातेहार रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का ख्याल और यात्रियों को होने वाली परेशानी को देखते हुए ईस्ट सेंट्रल रेलवे हाजीपुर ने पूर्व की भांति यात्री ट्रेनों का ट्रेनों का ठहराव करने को लेकर सूचना जारी कर दी है। धनबाद रेल मंडल के बरकाकाना - डालटनगंज सीआईसी सेक्शन अंतर्गत इन प्रमुख स्टेशनों पर आज दिन मंगलवार से गाड़ी संख्या 18311/12 संबलपुर - वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस, 18611/12 रांची -वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस एवं 18635/36 रांची -सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस आदि ट्रेनों का ठहराव शुरू कर दिया गया है। बता दें की कोविड -19 के दौरान इन प्रमुख स्टेशनों पर रुकने वाली कई यात्री ट्रेनों का ठहराव बंद कर दिया गया था। जिसे पुनः प्रारंभ कराने के लिए लातेहार जिले की जनता आंदोलन करने को विवश हो गई थी। वहीं जिले के लोग विगत पांच-छह वर्षों से बरवाडीह स्टेशन में गरीबरथ एक्सप्रेस का ठहराव कराने की मांग कर रहें है, जो कि उनके लिए सपना बनकर रह गया है। इधर इन प्रमुख स्टेशनों पर यात्री ट्रेनों का ठहराव पुनः शुरू होने से लोगों में हर्ष देखा जा रहा है। कन्हाई, अजय सोनी, दिलीप, नीरज, आशुतोष, अजय प्रसाद सहित कई भाजपा नेताओं ने प्रधान मंत्री और रेल मंत्री के साथ सांसद सुनील सिंह का आभार जताया हैं।

# विद्यालय बंद होने के बाद बन जाता है शराबियों का अड्डा

श्रीश्री माँ उग्रतारा विद्यालय में चहारदीवारी नही होने से विद्यार्थियों को हो रही है परेशानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड के चकला पंचायत अंतर्गत नगर ग्राम स्थित सरकार द्वारा अनुदानित श्रीश्री मां उग्रतारा उच्च विद्यालय परिसर में चहारदीवारी नहीं होने के कारण शिक्षकों व विद्यार्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय के प्राचार्य रंजन शर्मा, शिक्षक गौतम कुमार, नाजिश खान समेत अन्य लोगों ने बताया कि विद्यालय में 450 विद्यार्थी नामांकित है। पूरे विद्यालय परिसर में चहारदीवारी नहीं है। वर्ष 1985 से विद्यालय संचालित हो रहा है, लेकिन मूलभूत सुविधाओं की कमी है। चारदीवारी के अभाव में विद्यालय बंद होने के बाद भी यहां असामाजिक तत्वों का अड्डा जमा रहता है। विद्यालय के कमरे भी असुरक्षित है। उन्होंने शिक्षा विभाग के अलावा जिला प्रशासन से विद्यालय की चहारदीवारी निर्माण करवाने की मांग की है। बताते चले कि करीब 2 वर्ष पूर्व भी यहां चहारदीवारी के अभाव में असामाजिक तत्वो द्वारा शौचालय व कमरों में तोड़फोड़ की गई थी। ताश खेलते कुछ लोगों का वीडियो भी वायरल हुआ था। इस संबंध में उपप्रमुख अश्विनी कुमार मिश्र ने कहा कि विद्यालय परिसर पूरी तरह खुला है। असामाजिक तत्वों का जमावड़ा भी रहता है। उन्होंने इस संबंध में जिला प्रशासन व मुख्यमंत्री को पत्राचार करने की बात कही है।



श्रीश्री माँ उग्रतारा विद्यालय।

## महुआमिलान में फुटबॉल टूनार्मेंट संपन्न

जामुन गढ़ा मांडर को पराजित कर एसटी दामोदर बना चैंपियन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखण्ड के जमीरा पंचायत अंतर्गत महुआमिलान देवी मंडप खेल मैदान में चल रहे फुटबॉल टूनार्मेंट का समापन को हुआ। फाइनल मुकाबला का उद्घाटन बतौर मुख्य मुखिया दुर्गावती देवी, अतिथि झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के उपरांत टूनार्मेंट का फाइनल जामुनगढ़ा बनाम एसटी दामोदर के बीच खेला गया। निर्धारित समय तक दोनों ही टीम कोई गोल नहीं कर पायी, जिसके बाद फाइनल मुकाबले का परिणाम पेनाल्टी शूटआउट के जरिए तय हुआ। शूटआउट में दामोदर की टीम विजय रही। टूनार्मेंट के विजेता टीम को 15 हजार नकद, खस्सी व ट्रॉफी वहीं उपविजेता टीम को 10 हजार नकद, खस्सी व ट्रॉफी प्रदान किया गया। समापन के मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए हुए मुखिया दुर्गावती देवी ने कहा कि फाइनल मुकाबले में दोनो टीमो का प्रर्दशन शानदार रहा है। वहीं जेएमएम जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा ने आयोजन समिति के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक वर्ष इस प्रकार का टूनार्मेंट आयोजित कर आयोजन समिति युवाओं के प्रतिभा को अवसर प्रदान कर रही है। समापन के मौके पर मौके पर समाजसेवी सह युवा नेता ब्रह्मदेव प्रजापति, मणिलाल, संतोष प्रजापति, राजेश यादव, सुनील मुंडा, गंगेश्वर राम, डब्लू प्रजापति, शिबू मुंडा, रामकिशुन राम, सुनील ठाकुर समेत सैकड़ो खेल प्रेमी मौजूद थे।



मौके पर मौजूद अतिथि व अन्य ।

### बारिश के कारण क्षति हुए पीड़ित परिवार को मिला बीस हजार



**महुआडांड़।** प्रखंड के पंचायत ओरसा अंतर्गत मेढ़ारी ग्राम में सोमवार को कांग्रेसी अदिवासी नेता अजित पाल कुजूर के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन ग्राम प्रधान केशवर महतो के अध्यक्षता में कि गई, बैठक में भारी बारिश से सीताराम महतो के हुए नुकसान का आकलन उपस्थित ग्रामीणों ने लगाया, वही 5 क्विंटल धान एवं 4 साउंड बॉक्स जो घर पर रखे थे उसमें पानी घुस गया, वही बैठक में सीताराम महतो के पुत्र संजय महतो एवं मां कमली देवी के द्वारा नुकसान के रूप में 20 हजार रूपए की मांग की। सड़क निर्माण कार्य कर रहे पूजा कंट्रक्शन के प्रतिनिधि द्वारा बैठक में उपस्थित ग्रामीण रौशन राम, सत्येंद्र प्रसाद, मंदीप कुमार, उदय यादव, संदीप प्रसाद के समक्ष 20 हजार रूपए और दो बोरी चावल सिताराम महतो के परिवार को दिया गया। इस संबंध में आदिवासी नेता अजीत पाल हुजूर ने बताया कि, इससे पूर्व दो हजार तत्काल मदद के रूप में कंट्रक्शन द्वारा दिया गया था। यह भी कहा सीताराम महतो के घर के बगल में मिट्टी नहीं कोड़े देने की वजह से बारिश का पानी घर में घुसा, चुकी सिताराम के घर से 7 फीट पूरब एवं 7 फीट पक्षिम की ओर रोड चौड़ीकरण करना है, इस बैठक में सर्वसम्मति से रोड चौड़ीकरण करने का निर्णय लिया गया।

## एक नजर में

### मनिका प्रखंड के जेरुवा में फुटबॉल टूनार्मेंट का किया गया आयोजन



टूनार्मेंट का उद्घाटन करते लोग।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के कोपे पंचायत अंतर्गत स्थित जेरुवा गांव में फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। जहां पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित मनिका विधानसभा क्षेत्र के राजद के भावी प्रत्याशी गिरजानंदन सिंह चेरो उर्फ गिरी जी ने टूनार्मेंट में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और फीता काटकर व बॉल को किक मारकर फुटबॉल टूनार्मेंट का शुभारंभ किया। मौके पर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए गिरजानंदन सिंह ने कहा कि सभी खिलाड़ी पूरे लगन और मेहनत के साथ खेल को खेलें,खेल में हार और जीत लगा रहता है,एक टीम हारता है तो दूसरा टीम विजय होता है इसलिए कभी भी किसी खिलाड़ी को हार से घबराना नहीं चाहिए हारे हुए खिलाड़ियों को और भी मेहनत करने की जरूरत है ताकि आप सभी अगले मैच में विजय प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी खेल को हमेशा खेल के हीं भावना से खेले और अपने प्रखंड क्षेत्र के साथ-साथ पूरे जिले का नाम रौशन करें,खेल से मानसिक और शारीरिक दोनों विकास होता है इसलिए समय-समय पर खेलते रहना चाहिए। वहीं इस टूनार्मेंट के शुरूआती मैच जेरुवा नदी टोला बनाम जालिम इचाक के बीच खेला गया। टूनार्मेंट में टोटल 25 टीम भाग ले रहे हैं जिसमें पहले स्थान से लेकर पांचवे स्थान के विजेता टीमों के लिए विभिन्न प्रकार के पुरस्कार रखे गए हैं। वहीं टूनार्मेंट कमेटी के लोगों ने बताया कि टूनार्मेंट का समय 15 अगस्त तक रखा गया है लेकिन अगर टूनार्मेंट में और भी टीमों की संख्या बढ़ती है तो समय को बढ़ा दिया जाएगा। मौके पर युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष रूपेश कुमार यादव,प्रेम कुमार सिंह,जितेंद्र सिंह,संजय सिंह,कर्मदेव सिंह,इनुश मियां,राकेश कुमार तिवारी,धनेश्वर सिंह,बबलू सिंह,समेत कई लोग उपस्थित थे।

### युवा कांग्रेस कमिटी महुआडांड के प्रखंड अध्यक्ष बने अमीर सोहेल



अमीर सोहेल

**महुआडांड़।** युवा कांग्रेस कमिटी महुआडांड के प्रखंड अध्यक्ष अमीर सोहेल को बनाया गया है। इसकी विधिवत रूप से घोषणा युवा कांग्रेस प्रदेश कमिटी के प्रदेश प्रभारी दिनबन्धु शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष अभजीत राज एवं जिला प्रभारी रमन सिंह के निदेर्शानुसार लातेहार युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित कुमार बरूआ ने की। वहीं प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष बनाये जाने पर अमीर सोहेल ने कहा कि जिस विश्वास के साथ मुझे यह प्रभार सौंपा गया है उसपर मैं खरा उतरने का प्रयास करूँगा एवं सबके सहयोग से कांग्रेस पार्टी को एक नये ऊंचाई पर ले जाने का कार्य करूंगा। वहीं युवा कांग्रेस कमिटी महुआडांड के प्रखंड अध्यक्ष बनने पर अमीर सोहेल को बधाई देने वालों का तांता लग गया है। बधाई देने वालों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मो. इफ्तेखार अहमद, 20सूत्री अध्यक्ष सह प्रखंड उपप्रमुख अभय मिंज, मुखिया सुषमा कुजूर, उषा खलखो, प्रमिला मिंज, रेणु तिग्गा, राजेश टोप्पो, रोशनी कुजूर, रामनरेश ठाकुर, अजीत पाल कुजूर, रानू खान, बसारत अली, तनवीर अहमद उर्फ रिंकु, नुरूल अंसारी, शकील अहमद (पप्पू), सद्दाम, अजय कुमार शर्मा, नितिन टोप्पो, नवल कुजूर, अलिका एक्का, संजू किसान आदि का नाम शामिल है।

### महुआडांड़: युवा कांग्रेस कमिटी लातेहार के जिला महासचिव बने मजहर खान



मजहर खान ।

**महुआडांड़।** युवा कांग्रेस कमिटी लातेहार के जिला महासचिव मजहर खान को बनाया गया है। इसकी विधिवत रूप से घोषणा युवा कांग्रेस प्रदेश कमिटी के प्रदेश प्रभारी दिनबन्धु शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष अभजीत राज एवं जिला प्रभारी रमन सिंह के निदेर्शानुसार लातेहार युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित कुमार बरूआ ने की। वहीं जिला महासचिव बनाये जाने पर मजहर खान ने कहा कि जिस विश्वास के साथ मुझे यह प्रभार सौंपा गया है उसपर मैं खरा उतरने का प्रयास करूँगा एवं सबके सहयोग से कांग्रेस पार्टी को एक नये ऊंचाई पर ले जाने का कार्य करूंगा। वहीं युवा कांग्रेस कमिटी लातेहार के जिला महासचिव बनने पर मजहर खान को बधाई देने वालों का तांता लग गया है। बधाई देने वालों में सहजाद आलम, लक्ष्मण जायसवाल, यहिया अंसारी, अब्दुल मतीन, विनोद सिंह, पवन उरांव, विनोद उरांव आदि का नाम शामिल है।

# आलोक मोहन स्मृति सेवा संस्थान का कांवरिया सेवा जत्था देवघर रवाना

20 दिनों तक सेवा शिविर लगाकर की जाएगी कांवरियों की सेवा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** आलोक मोहन स्मृति सेवा संस्थान के तत्वावधान में कांवरिया सेवा जत्था सोमवार को लातेहार से देवघर के लिए रवाना हो गयी। लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम, पूर्व विधायक प्रकाश राम, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी और संस्था के संयोजक रामनाथ अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बोल बम के नारे के साथ सेवा जत्था को रवाना किया। मौके पर संस्था के संयोजक रामनाथ अग्रवाल ने बताया कि उनकी संस्था के द्वारा पिछले 10 वर्षों से सुल्तानगंज- देवघर पथ पर स्थित खिजुरिया के पास सेवा शिविर लगाई जाती है। उन्होंने बताया कि सेवा शिविर में कांवरियों के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं पूरी तरह मुफ्त उपलब्ध रहती है। उन्होंने कहा कि शिविर में चिकित्सा सुविधा के अलावे अल्पाहार और भंडारा की भी व्यवस्था रहती है। इसके अलावा कांवरियों को ठहरने की भी यहां पूरी तरह मुफ्त व्यवस्था रहती है। उन्होंने बताया कि आगामी 20 दिनों तक सेवा शिविर लगाकर कांवरियों की सेवा की जाएगी। इस दौरान सेवा शिविर के संयोजक श्याम किशोर अग्रवाल, अमित किशोर अग्रवाल, भाजपा नेता राजधानी यादव, निवर्तमान नगर पंचायत उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, रामदेव सिंह, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, समाजसेवी मुरली अग्रवाल, पंकज तिवारी, संजय तिवारी, ध्रुव कुमार पांडेय समेत अनेक लोग उपस्थित थे।




देवघर के लिए रवाना होता जत्था ।

# इसरो ने जारी की चंद्रयान-3 से भेजी गयी चंद्रमा की पहली तस्वीर

एजेंसी

**बेंगलुरु।** चंद्रयान-3 के चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश करने के एक दिन बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रयान द्वारा देखे गये चंद्रमा का एक वीडियो ट्विटर पर जारी किया। इसमें चंद्रमा को नीले-हरे रंग में कई गड्ढों के साथ दिखाया गया है।

अंतरिक्ष यान अपने प्रक्षेप पथ को और अधिक समायोजित करने और चंद्रमा की सतह के करीब पहुंचने के लिए कुछ दिनों तक चंद्रमा की सतह से 100 किमी ऊपर की गोलाकार कक्षा में परिक्रमा करता रहेगा। इस दौरान यह चंद्रमा की सतह पर चंद्रयान-3 के उतरने के लिए एक सही जगह सुनिश्चित किया जायेगा। इसरो 17 अगस्त को लैंडिंग मॉड्यूल को प्रोपल्शन मॉड्यूल से अलग करेगा। लैंडिंग मॉड्यूल का नाम विक्रम है, जो रोवर प्रज्ञान को ले गया है। इसके बाद लैंडिंग मॉड्यूल को 23 अगस्त को चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंडिंग कराया जायेगा। सफल सॉफ्ट लैंडिंग के लगभग चार घंटे बाद, रोवर प्रज्ञान को लैंडर विक्रम से अलग किया जायेगा। इसके बाद विक्रम और प्रज्ञान दोनों चंद्रमा की सतह पर प्रयोग करेंगे। इस प्रयोग से चंद्र पर्यावरण, संरचना और अन्य वैज्ञानिक मापों के संबंध में मूल्यवान डाटा मिलेगा, जिससे चंद्रमा के बारे में हमारी समझ और भविष्य की खोज के लिए इसकी क्षमता का विस्तार करने में मदद मिलेगी। दूसरी ओर, प्रणोदन मॉड्यूल, अपने वैज्ञानिक उपकरणों की श्रृंखला के साथ, चंद्रमा की परिक्रमा जारी रखेगा। चंद्रमा की कक्षा में रहकर प्रणोदन मॉड्यूल मूल्यवान डाटा एकत्र करना और वैज्ञानिक परीक्षण करना जारी रखेगा।



भारतीय अंतरिक्षयान चंद्रयान-3 से भजी गयी चंद्रमा की तस्वीर।

# मणिपुर हिंसा की जांच को सुप्रीम कोर्ट ने बनायी तीन पूर्व न्यायाधीशों की कमेटी

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर में महिलाओं के साथ बर्बरता से जुड़े मामलों की जांच के लिए हाइकोर्ट की तीन रिटायर्ड महिला जजों की एक कमेटी गठित की है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने जम्मू-कश्मीर हाइकोर्ट की पूर्व चीफ जस्टिस गीता मित्तल की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया, जिसमें बांबे हाइकोर्ट की रिटायर जज जस्टिस शालिनी जोशी और दिल्ली हाइकोर्ट की पूर्व जज जस्टिस आशा मेनन शामिल होंगी। कोर्ट ने सीबीआइ जांच की निगरानी के लिए पूर्व आइपीएस अधिकारी दत्तात्रेय पडसालगिकर को नियुक्त किया है।



सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद कहा कि वह तीन हाइकोर्ट के रिटायर जजों की कमेटी नियुक्त करेगा। हमारा प्रयास कानून के शासन में विश्वास की भावना बहाल करना है। यह कमेटी जांच के अलावा अन्य चीजों पर भी गौर करेगी, जिसमें राहत और उपचारात्मक उपाय आदि शामिल हैं। कोर्ट ने कहा कि महिलाओं से जुड़े अपराध वाली 11 एफआइआर की जांच सीबीआइ करेगी, लेकिन इनमें अलग-अलग राज्यों से 5 डीएसपी स्तर के अधिकारियों को शामिल किया जायेगा। सीजेआइ ने कहा कि 11 एफआइआर की जांच की निगरानी के लिए 5 डीसीपी लेवल के अधिकारियों को सीबीआइ में प्रतिनियुक्ति पर लाया जायेगा। ये अधिकारी सीबीआइ के प्रशासनिक ढांचे के चारों कोनों में भी काम करेंगे और इनकी निगरानी सीबीआइ के संयुक्त निदेशक करेंगे। चीफ जस्टिस ने कहा कि हमने अधिकारियों की पहचान कर ली है, जिन्हें तीन सदस्यीय न्यायिक जांच कमेटी में शामिल किया गया है।

## स्पीड न्यूज

### धूमधाम से निकली भगवान महाकाल की सवारी

**उज्जैन।** श्रावण-भादौ मास में निकाली जाने वाली सवारियों के क्रम में आज श्रावण मास के पांचवें सोमवार पर भगवान महाकालेश्वर की सवारी धूमधाम से निकाली गई। इस दौरान बाबा महाकाल ने पांच स्वरूपों में श्रद्धालुओं को दर्शन दिए। पालकी में श्री चन्द्रमौलेश्वर, हाथी पर श्री मनमहेश, गरूड़ रथ पर शिवतांडव और नन्दी रथ पर उमा-महेश, डोल रथ पर होल्कर स्टेट के मुखारविंद विराजित होकर अवंतिकानाथ ने नगर भ्रमण किया।

### पाक ने ईरान के साथ गैस पाइपलाइन समझौते पर लगायी रोक

**इस्लामाबाद।** ईरान के साथ पाकिस्तान के रिश्तों में अमेरिकी दबाव का असर दिखने लगा है। पाकिस्तान ने ईरान के साथ गैस पाइपलाइन समझौते पर रोक लगा दी है। अरबों डॉलर की इस परियोजना से पाकिस्तान को सस्ती गैस मिलनी थी, लेकिन ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिकी प्रतिबंधों के चलते पाकिस्तान इस परियोजना से फिलहाल पीछे हट गया है।

### संजय अग्रवाल ने संभाला सीबीआइसी के अध्यक्ष का पदभार

**नयी दिल्ली।** भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी संजय कुमार अग्रवाल ने केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआइसी) के अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया है। अग्रवाल ने विवेक जौहरी की जगह ली है, जो 31 मई को सेवानिवृत्त हो गये थे।

### ट्रंप को निष्पक्ष सुनवाई की उम्मीद नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को वर्ष 2020 के चुनाव धोखाधड़ी मामले में निष्पक्ष सुनवाई की उम्मीद नहीं है। उन्होंने कहा कि कि वह अपने ऊपर लगाये गये आपराधिक मुकदमे की निगरानी एक अलग न्यायाधीश से कराने और मामले को वाशिंगटन से बाहर स्थानांतरित करने के लिए याचिका दायर करेंगे।

# स्वदेशी के उपयोग से नयी क्रांति का गवाह बन रहा भारत : मोदी

## पीएम ने भारतीय वस्त्र एवं शिल्प कोष पोर्टल किया लांच

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भारत मंडपम में नौंवे राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत स्वदेशी के उपयोग से नयी क्रांति का गवाह बन रहा है। उन्होंने कहा कि आज का भारत सिर्फ 'वोकल फॉर लोकल' तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसे ग्लोबल प्लेटफॉर्म भी प्रदान कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने इस मौके पर भारतीय वस्त्र एवं शिल्प कोष का ई-पोर्टल भी लांच किया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हम भारत मंडपम में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मना रहे हैं, जिसका हाल ही में उद्घाटन किया गया था। प्राचीन से आधुनिक का यह संगम आज के भारत को परिभाषित करता है। उन्होंने कहा कि भारत के जीवंत हथकरघा देश की विविधता के उदाहरण हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वदेशी आंदोलन आज ही के दिन 1905 में शुरू हुआ था। यह एक बड़ा कारण था कि हमारी सरकार ने आज के दिन को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया। उल्लेखनीय है कि 2015 में पहला राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया गया था।

प्रधानमंत्री ने इस मौके पर देशवासियों से आगामी त्योहारों में स्वदेशी उत्पादों की खरीद को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा, आने वाले दिनों में रक्षाबंधन का पर्व आने वाला हैं, गणेश उत्सव आ रहा है, दशहरा, दीपावली, दुगार्पूजा इन पर्वों पर हमें अपने स्वदेशी के संकल्प को दोहराना ही है। प्रधानमंत्री ने एक बार फिर भ्रष्टाचार, वंशवाद और तुष्टीकरण को देश से बाहर खदेड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, देश कह रहा है भ्रष्टाचार भारत छोड़ो, वंशवाद भारत छोड़ो, तुष्टीकरण भारत छोड़ो।

उन्होंने कहा, 9 अगस्त को महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन शुरू हुआ था। बापू ने अंग्रेजों को साफ-साफ कह दिया था कि भारत छोड़ो और अंग्रेजों को इंडिया छोड़ना ही पड़ा था। जो मंत्र अंग्रेजों को खदेड़ सकता था, वह मंत्र हमारे यहां भी ऐसे तत्वों को खदेड़ने का कारण बन सकता है।


राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह को संबोधित करते पीएम मोदी।

### पंचायती राज व्यवस्था भारतीय लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ : पीएम

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि पंचायती राज व्यवस्था भारतीय लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ है। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत के पास किसी भी क्षेत्र में बड़े बदलाव लाने की अपार शक्ति है। प्रधानमंत्री आज हरियाणा में आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय पंचायती राज परिषद को वर्चुअल माध्यम से संबोधित कर रहे थे।

# पुंछ के दिगवार सेक्टर में मारा गया खूंखार हिज्ब कमांडर मुनेसर

**जम्मू।** जम्मू संभाग के पुंछ जिले के दिगवार सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास सुरक्षा बलों ने सोमवार की सुबह घुसपैठ को नाकाम करके दो घुसपैठिये आतंकवादियों को मार गिराया। दोनों आतंकवादियों में से एक खूंखार हिज्ब कमांडर था, जिसे राजौरी और पुंछ जिलों में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने का काम सौंपा गया था। पीआरओ (रक्षा) जम्मू लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने एक बयान कहा कि मारे गये आतंकी की पहचान हिज्ब-उल-मुजाहिदीन कमांडर मुनेसर हुसैन के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस रिकॉर्ड के आधार पर मारे गये आतंकवादी की पहचान मुनेसर हुसैन पुत्र सत्तार मोहम्मद निवासी बग्यालद्रा पुंछ के रूप में की गई है। उन्होंने कहा कि 1993 में हुसैन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर गया था और 1996 में वापस भारत आया। इसके बाद वह 1998 में एक बार फिर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर लौट गया। उसने सुरक्षा बलों पर कई हमलों की साजिश रची है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार उसके परिवार में दो पत्नियां और बच्चे सुरनकोट, पुंछ के निवासी हैं।

# ज्ञानवापी परिसर में चौथे दिन एएसआइ टीम का सर्वे पूरा

**वाराणसी (हि.स.)।** ज्ञानवापी परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) टीम ने कड़ी सुरक्षा के बीच लगातार चौथे दिन सोमवार शाम को सर्वे की प्रक्रिया पूरी की। सर्वे के बाद एएसआइ टीम के साथ वादी और प्रतिवादी पक्ष के अधिवक्ता भी परिसर से कड़ी सुरक्षा के बीच लौट गये। मंगलवार सुबह से फिर एएसआइ की टीम सर्वेक्षण करेगी।

चौथे दिन सर्वे प्रक्रिया पूरी होने के बाद वादी हिंदू पक्ष के अधिवक्ता सुधीर त्रिपाठी ने मीडिया कर्मियों को बताया कि एएसआइ टीम मेहनत से काम कर रही है, कुछ भी नहीं छिपेगा। मसाजिद कमेटी भी सहयोग कर रही है। परिसर में हर जगह मशीन लगाकर काम हो रहा है। सारे साक्ष्य रिपोर्ट से मिलेंगे।

उन्होंने बताया कि परिसर के गुंबद पर सर्वे का कार्य आज भी जारी रहा। गुंबद के ऊपर सीढ़ियां हैं, कलश रखे हैं। पश्चिमी द्वार पर मशीन लगाकर टीम लेखा-जोखा कागज पर तैयार कर रही है। उधर, एएसआइ टीम के सर्वे को लेकर हो रहे बयानबाजी पर मुस्लिम पक्ष ने नाराजगी जतायी है। वहीं, एएसआइ टीम के अफसरों ने भी इस मामले में संयम बरतने की सलाह दी है। टीम के अफसरों ने प्रशासनिक अधिकारियों से सर्वे की गोपनीयता बनाये रखने के लिए सख्ती बरतने की मांग की है। टीम का मानना है कि सर्वे की गोपनीयता के लिए शपथ पत्र अदालत में दिया गया है। ऐसे में बयानबाजी से परेशानी बढ़ेगी।

### मथुरा शाही ईदगाह मामले में याचिका की सुनवाई 23 को

**प्रयागराज।** मथुरा श्री कृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह मस्जिद सहित पूरी भूमि का अधिग्रहण कर ट्रस्ट बनाकर हिंदुओं को पूजा का अधिकार देने की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई हाइकोर्ट में 23 अगस्त को होगी। याची सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता महक महेश्वरी का कहना है कि एक समझौते के तहत कृष्ण जन्मभूमि की 13.37 एकड़ जमीन में से 11.37 एकड जन्मभूमि मंदिर तथा शेष 2.37 एकड भूमि शाही ईदगाह को सौंपा जाना गलत है। याचिका में एएसआइ से साइंटिफिक सर्वे कराने की भी मांग की गयी है। याचिका की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर तथा न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की खंडपीठ ने की।

# राष्ट्र विरोधी गर्भनाल से जुड़े हुए हैं कांग्रेस, चीन व न्यूज क्लिक : अनुराग

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस, चीन और न्यूज क्लिक राष्ट्रविरोधी गर्भनाल से जुड़े हुए हैं। राहुल गांधी की नफरत की दुकान में चीनी सामान साफ देखा जा सकता है। चीन के प्रति उनका प्रेम देखा जा सकता है। वे भारत विरोधी अभियान के साथ खड़े हैं।

सोमवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया कि न्यूज क्लिक चाइना के नैरेटिव को बनाने में लगा हुआ है और इसके समर्थन में कांग्रेस पार्टी खड़ी हुई है। न्यूज क्लिक फ्री न्यूज के नाम पर फेक न्यूज बांटने का काम कर रही है। देश में झूठ फैलाने का काम कर रही थी, इसको चीन सहित कई माओवादी संगठन से फंडिंग मिल रही थी। अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस से सवाल पूछा कि पार्टी को देश को बताना चाहिए कि न्यूज क्लिक जैसे मीडिया संस्थान से जुड़ने की क्या मंशा थी, क्यों वे टुकड़े- टुकड़े गैंग के साथ खड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि साल 2021 में केंद्र सरकार ने न्यूज क्लिक को बेनकाब किया कि कैसे विदेशी दुष्प्रचार भारत के खिलाफ है। भारत विरोधी इस अभियान में कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल उनके समर्थन में आये। चीनी कंपनियां मुगल नेविल रॉय सिंघम के माध्यम से न्यूज क्लिक को फंडिंग कर रही थीं, लेकिन उनके सेल्समैन भारत के कुछ लोग थे, जो उनके खिलाफ कार्रवाई होने पर उनके समर्थन में आ गये। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि न्यूज क्लिक जैसे मंचों और संयुक्त रूप से संचालित होने वाले अन्य मंचों पर वो ही नैरेटिव दोहराई जाती है, जो कांग्रेस नेता राहुल गांधी विदेशी मंचों पर बोलते हैं।

### न्यूज क्लिक फ्री न्यूज के नाम पर फेक न्यूज बांटने का काम कर रहा

# एलजीबीटी समुदाय के लिए खुले हैं कैथोलिक चर्च : पोप फ्रांसिस

**रोम।** ईसाइयों के सबसे बड़े धर्मगुरु पोप फ्रांसिस ने कहा है कि समलैंगिकों समेत पूरे एलजीबीटी (लेस्बियन, गे, बाइसेक्सुअल और ट्रांसजेंडर) समुदाय के लिए कैथोलिक चर्च खुले हैं। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता के मार्ग पर उनका साथ देना हमारा कर्तव्य है, लेकिन यह नियमों के दायरे में रहकर ही हो सकता है। महिलाओं और समलैंगिकों को अन्य लोगों के मुकाबले अधिकार न मिलने संबंधी सवाल के जवाब में पोप फ्रांसिस ने कहा कि चर्च सभी के लिए खुले हैं। लेकिन, चर्च के अंदर के जीवन को नियंत्रित करने के लिए कुछ नियम हैं और इनका पालन करना जरूरी है। नियमों के मुताबिक ये लोग चर्च के कुछ संस्कारों में भाग नहीं ले सकते। इसका मतलब यह नहीं है कि उन पर प्रतिबंध है। चर्च के भीतर हर व्यक्ति को अपने तरीके से भगवान का सामना करना होता है।

# दिल्ली सेवा विधेयक राज्यसभा से पास

## संसद का मानसून सत्र

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली सेवा विधेयक सोमवार को राज्यसभा से भी बहुमत के साथ पास हो गया। यह विधेयक लोकसभा में पहले ही पास कर दिया गया था। दिल्ली सेवा विधेयक को लेकर पक्ष और विपक्ष के बीच जोरदार बहस हुई। लेकिन, मतदान होने पर 131 के भारी बहुमत से यह विधेयक राज्यसभा में पास हो गया। इस विधेयक के विरोध में विपक्ष के द्वारा 102 वोट पड़े।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार दोपहर में राज्यसभा में 'राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक' पेश किया। इस विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह विधेयक लाने का उद्देश्य केवल और केवल दिल्ली में सुचारू रूप से भ्रष्टाचार विहीन शासन देना है। गृह मंत्री ने कहा कि इस बिल के एक भी प्रावधान से, पहले जो व्यवस्था थी, उसमें कोई बदलाव नहीं होगा। यह विधेयक सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का किसी भी तरह से उल्लंघन नहीं करता है।

उन्होंने कहा कि इस विधेयक से ट्रांसफर-पोस्टिंग की सेवाओं के अधिकारों का जो वर्णन किया गया है, प्रैक्टिस में यह सारे अधिकार ही चलते थे। उन्होंने कहा कि मदन लाल खुराना दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे. साहिब सिंह वर्मा मुख्यमंत्री और थोड़े समय के लिए सुषमा स्वराज मुख्यमंत्री बनीं। शीला दीक्षित मुख्यमंत्री बनीं, लेकिन, किसी का केंद्र सरकार से झगड़ा नहीं हुआ।

### रास सभापति ने टीएमसी सांसद के व्यवहार पर आपत्ति जतायी

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति सोमवार को दिल्ली सर्विस बिल पर चर्चा के दौरान सदस्य डेरेक ओ ब्रायन के व्यवहार से नाराज हुए और उन्होंने उनका नाम लेकर उन्हें सदन से बाहर जाने को कहा। दिल्ली सर्विस बिल के दौरान अपनी बात रखते हुए डेरेक ओ ब्रायन सदन के बीचों-बीच आ गये। उनके इस व्यवहार से सभापति नाराज हुए और उन्होंने उन्हें चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि आपका आचरण खुद को नीचा दिखाने वाला है।

### रंजन गोगोई ने दिल्ली सर्विस बिल का किया समर्थन

**नयी दिल्ली।** देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई ने भी सोमवार को दिल्ली सर्विस बिल पर अपना मत सदन में रखा। उन्होंने कहा कि सदस्य अपनी पार्टी के अनुसार अपना मत रख रहे हैं, लेकिन वे अपने मत से विधेयक का समर्थन कर रहे हैं। विधेयक संविधान सम्मत है और इसे किसी आधार पर चुनौती नहीं दी जा सकती।

# जी सैट-24 उपग्रह ने शुरू किया काम करना

**नयी दिल्ली।** न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड ने जी सैट-24 को चालू करने के लिए टाटा प्ले के साथ साझेदारी की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' दृष्टिकोण के अनुरूप जून, 2022 में जी सैट-24 उपग्रह लांच किया गया था। सोमवार को न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड ने टाटा प्ले के साथ साझेदारी करके इस उपग्रह के काम करने की शुरुआत की। नयी दिल्ली में टाटा प्ले के ब्रॉडकास्ट सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद सूचना एवं प्रसारण सचिव अपूर्व चंद्रा ने जीसैट-24 को सफलतापूर्वक चालू करने के लिए अंतरिक्ष विभाग (डीओएस) और टाटा प्ले को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष, संचार के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और कदम है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में टाटा प्ले के 600 चैनल हैं। इसरो उपग्रह के शामिल होने के साथ, यह आम जनता को लाभान्वित करने वाले 900 चैनलों को प्रसारित करने में सक्षम होगा।

## वाणिज्य की खबरें

# मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार निवेशकों को 1.19 लाख करोड़ का फायदा

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई। बीच में कुछ देर के लिए बिकवाली का दबाव भी बनता नजर आया, लेकिन खरीदारी के सपोर्ट से बाजार ने अपनी तेजी बनाये रखी। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.35 प्रतिशत और निफ्टी 0.41 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज के कारोबार से शेयर बाजार के निवेशकों को करीब 1.19 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया।

बीएसइ का सेंसेक्स आज 90.15 अंक की तेजी के साथ 65,811.40 अंक के स्तर पर खुला। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 232.23 अंक की मजबूती के साथ 65,953.48 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसइ के निफ्टी ने आज 59.85 अंक की मजबूती के साथ 19,576.85 अंक के स्तर पर कारोबार की शुरुआत की। दिन भर के कारोबार के बाद निफ्टी 80.30 अंक की तेजी के साथ 19,597.30 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

आज के कारोबार में आइटी और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह ऑटोमोबाइल और रियल्टी इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। दूसरी ओर, मेटल, पावर और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों पर दबाव नजर आया। ब्रॉडर मार्केट में भी आज खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसइ का मिडकैप इंडेक्स 0.56 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह, स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.26 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज के कारोबार में आयी तेजी के कारण बीएसइ में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 1.19 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद बीएसइ में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपीटलाइजेशन 305.35 लाख करोड़ रुपये हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को इन कंपनियों का मार्केट कैपीटलाइजेशन 304.16 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह, आज के कारोबार से शेयर बाजार के निवेशकों को करीब 1.19 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया।

### एंटफिन से पेटीएम की 10.3 फीसदी हिस्सेदारी खरीदेंगे विजय शर्मा

**नयी दिल्ली।** डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीइओ) विजय शेखर शर्मा एंटफिन (नीदरलैंड) होल्डिंग बीवी से पेटीएम में 10.30 फीसदी हिस्सेदारी हासिल करेंगे। इस सौदे के बाद उनकी कंपनी में हिस्सेदारी बढ़ कर 19.42 फीसदी हो जायेगी। पेटीएम ने सोमवार को शेयर बाजार को बताया कि विजय शेखर शर्मा अपनी 100 फीसदी स्वामित्व वाली विदेशी इकाई रेजिलिएंट एसेट मैनेजमेंट बीवी के जरिए एंटफिन से पेटीएम में 10.3 फीसदी हिस्सेदारी खरीदेंगे। इस सौदे की वैल्यू करीब 62.8 करोड़ डॉलर है। अधिग्रहण के लिए कोई नकद भुगतान नहीं किया जायेगा।

# सावन में रिलीज हुआ अक्षरा सिंह का एक और गाना 'हमार जान महादेव'



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** भोजपुरी अभिनेत्री और गायिका अक्षरा सिंह का जलवा सावन में सिर चढ़ कर बोल रहा है। अक्षरा एक के बाद एक सावन गीत लेकर आ रही हैं, जिसकी धुन पर उनके फैंस के साथ-साथ सावन मास में श्रद्धालु भी झूमते नजर आ जाते हैं। इस बीच, सोमवार (7 अगस्त) को अक्षरा सिंह ने एक और धमाकेदार गाना रिलीज कर दिया है। गाने के बोल हैं 'हमार जान महादेव', जो स्वर ओरिजनल भोजपुरी से रिलीज हुआ है। गाने को लोग पसंद कर रहे हैं। गाने के म्यूजिक वीडियो में अक्षरा सिंह शिवभक्ति में लीन नजर आयीं। अक्षरा सिंह के गाने के साथ उनकी भाव भंगिमा इस गाने को और भी आकर्षक बनाने वाला है। गाने को लेकर अक्षरा सिंह ने कहा कि सावन को लेकर मैं हर साल उत्साहित रहती हूं। भोले बाबा की पूजा-अर्चना तो मैं करती ही हूं, उनके लिए गाना गाना मेरे लिए प्रेरणा का काम करती है। उनकी श्रद्धा में गाने दिल की गहराइयों से निकलते हैं।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

# आज भी विकास की बात पर क्यों सहम जाता हैं देश का आदिवासी समाज



आज भी जब भी और जहां भी विकास की बात होती है, आदिवासी सहम और डर जाते हैं, सरकार पर विश्वास नहीं होता। पहले ही आदिवासी इतना भुगत चुके हैं कि इससे उबर तक नहीं पाये। विकास होना चाहिए, लेकिन आदिवासियों को उजाड़ने की कीमत पर नहीं। आदिवासी का एक वर्ग पढ़-लिख कर नौकरियों में भी आया है, लेकिन ये पूरे आदिवासी समाज का चेहरा नहीं हैं बहुसंख्यक आदिवासी आज भी बदहाल हैं सरकार इनके लिए जो भी कानून या अधिकार देने की बात करती है, वह ग्रास रूट तक नहीं पहुंच पाता। वन अधिकार का कानून आया।

**राजेन्द्र विजय**

अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस सिर्फ उत्सव मनाने के लिए नहीं, बल्कि आदिवासी अस्तित्व, संघर्ष, हक-अधिकारों और इतिहास को याद करने के साथ-साथ जिम्मेदारियों और कर्तव्यों की समीक्षा करने का भी दिन है। आदिवासियों को उनके अधिकार दिलाने और उनकी समस्याओं का निराकरण, भाषा संस्कृति, इतिहास आदि के संरक्षण के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा द्वारा 9 अगस्त 1994 में जेनेवा शहर में विश्व के आदिवासी प्रतिनिधियों का विशाल एवं विश्व का प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय आदिवासी सम्मेलन आयोजित किया। इसके बाद विश्व के सभी देशों में अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस को मनाया जाने लगा, पर अफसोस भारत के आदिवासी समुदाय आज भी उपेक्षित है।



आदिवासी बहुल क्षेत्र में आदिवासी समाज का अपनी धरोहर, अपने पारंपरिक सामाजिक मूल्यों और अधिकारों के साथ ही विकास हो, इसके लिए भारतीय संविधान ने प्रावधान किये गये हैं। आदिवासी समाज को जल-जंगल-जमीन विहीन होने से बचाने के लिए कानून भी बनाये गये। ये कानून न तो अंग्रेजों का उपहार है और न ही भारत के शासकों की आदिवासी हित-चिंता के प्रमाण है। बल्कि यह आदिवासी नायकों जैसे बिरसा मुंडा, तात्या टोपे के संघर्ष की देन है। आजाद भारत में आदिवासी समुदाय को वोट बैंक मानते हुए सरकारें उनके कल्याण की योजनाएं एवं कानून तो बनाती रही है, लेकिन हर बार आदिवासी समाज ठगा ही गया है, उसके प्रतिकूल ही हुआ है।

जल, जंगल और जमीन के मालिक आदिवासी हैं, इससे इनका अस्तित्व जुड़ा है। यूएनओ ने भी माना है कि इस पर आदिवासियों का हक है। यही नहीं, जमीन के अंदर के खनिज के मालिक भी आदिवासी हैं। भारत सरकार एवं प्रांतों की सरकारें आदिवासियों के हितों की बात तो बहुत करती हैं, लेकिन इनके भविष्य को बचाने के लिए गंभीरता नहीं दिखाती। आदिवासी समुदाय की जमीनों पर ही सरकारों की नजरें टिकी रहती है।

जंगल के जंगल उजड़ रहे हैं। आदिवासी अपनी जमीन से बेदखल हो रहे हैं सरकार मानने के लिए तैयार ही नहीं है कि आदिवासियों का भविष्य जमीन से जुड़ा है। आजादी के बाद देश का विकास हुआ, विकास होना भी चाहिए, लेकिन इसकी सबसे ज्यादा कीमत आदिवासियों ने चुकायी, बोकारो स्टील हो, एचइसी हो, राउरकेला स्टील प्लांट हो, सभी जगह उस क्षेत्र के आदिवासी विस्थापित हुए, आज इनकी हालत कोई इन गांवों में जाकर देखे, जमीन से बेदखल होने के बाद आदिवासी कहीं के नहीं रहे, विस्थापन का ख्याल सरकारों ने नहीं किया। बल्कि सरकारें इसके विपरीत रणनीतियां बना रही है। ऐसी ही कुचेष्ठा गुजरात में होती रही है। असंवैधाानिक एवं गलत आधार पर गैर-आदिवासी को आदिवासी सूची में शामिल किये जाने एवं उन्हें लाभ पहुंचाने की गुजरात की वर्तमान एवं पूर्व सरकारों की नीतियों का विरोध इनदिनों गुजरात में आन्दोलन का रूप ले रहा है। सौराष्ट्र के गिर, वरड़ा, आलेच के जंगलों में रहने वाले भरवाड़, चारण, रबारी एवं सिद्धि मुस्लिमों को इनके संगठनों के दवाब में आकर गलत तरीकों से आदिवासी बनाकर उन्हें आदिवासी जाति के प्रमाण-पत्र दिये गये, इस ज्वलंत एवं आदिवासी अस्तित्व एवं अस्मिता के मुद्दे पर सत्याग्रह हो रहा हैं। अनेक कांग्रेसी एवं भाजपा के आदिवासी नेता भी उसमें शामिल हैं। गुजरात के आदिवासी जनजाति से जुड़े राठवा समुदाय में उनको आदिवासी न मानने को लेकर गहरा आक्रोश है। इन विकराल होती संघर्ष की स्थितियों पर नियंत्रण नहीं किया गया तो यह न केवल गुजरात सरकार बल्कि केन्द्र सरकार एवं अन्य प्रांतों की सरकारों के लिये एक बड़ी चुनौती बन सकता है। हाल ही में सम्पन्न गुजरात विधानसभा के चुनाव में आदिवासी समाज की नाराजगी का साफ असर दिखाई दिया। अन्यथा भाजपा जिस शानदार जीत का दावा कर रही थी, वह संभव हो सकता था। हर बार चुनाव के समय आदिवासी समुदाय को बहला-फुसलाकर उन्हें अपने पक्ष में करने की तथाकथित राजनीति इस बार असरकारक नहीं रही। क्योंकि गुजरात का आदिवासी समाज बार-बार ठगे जाने के लिए तैयार नहीं है। इस प्रांत की लगभग 23 प्रतिशत आबादी आदिवासियों की हैं। देश के अन्य हिस्सों की तरह गुजरात के आदिवासी दोयम दर्जे के नागरिक जैसा जीवन-यापन करने को विवश हैं। यह तो नींव के बिना महल बनाने वाली बात हो गई। आदिवासी समुदाय को बांटने और तोड़ने के व्यापक उपक्रम चल रहे हैं जिनमें अनेक राजनीतिक दल अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिए तरह-तरह के घिनौने एवं देश को तोड़ने वाले प्रयास कर रहे हैं। आदिवासी के उज्ज्वल एवं समृद्ध चरित्र को धुंधलाकर राजनीतिक रोटियां सेंकने वालों के खिलाफ हो रहे आन्दोलन को राजनीतिक नजरिये से नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से देखा जाना चाहिए। तेजी से बढ़ते आदिवासी समुदाय को विखण्डित करने का यह बिखरावमूलक दौर देश के लिये गंभीर समस्या बन सकता है। एक समाज और संस्कृति को बचाने की मुहीम के साथ कोई अभिनव योजना या घोषणा अन्तर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस पर केन्द्र सरकार करें जिससे आदिवासी समुदाय के लिये कोई सकारात्मक जमीन तैयार हो सके, ऐसी अपेक्षा है।आजादी के सात दशक बाद भी देश के आदिवासी उपेक्षित, शोषित और पीड़ित नजर आते हैं। राजनीतिक पार्टियाँ और नेता आदिवासियों के उत्थान की बात करते हैं, लेकिन उस पर अमल नहीं करते। आज इन क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार एवं विकास का जो वातावरण निर्मित होना चाहिए, वैसा नहीं हो पा रहा है।

इस पर कोई ठोस आश्वासन इन निर्वाचित सरकारों से मिलना चाहिए, वह भी मिलता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है।

# संभव है मुख्यधारा में लाना

**डॉ. पुरुषोत्तम मीणा 'निरंकुश'**

आजादी के तत्काल बाद संविधान में सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक रूप से सर्वाधिक कमजोर जिन दो वर्गों या समूहों को चिह्नत किया गया था, उनमें एक आदिवासी वर्ग है, जिसे संविधान में 'अनुसूचित जनजाति' कहा गया था, संविधान में उसे दलित के समकक्ष खड़ा कर दिया थो इसके चलते वर्तमान में आदिवासी वर्ग देश का सर्वाधिक शोषित, वंचित और फिसड्डी वर्ग/समूह बना दिया गया है

बेशक आदिवासी को आज नक्सलवाद से जोड़कर देखा जा रहा है, जो दुःखद है, लेकिन इसका एक लाभ भी हुआ है कि आज छोटे-बड़े सभी राजनैतिक दल और केन्द्र तथा राज्य सरकारों को यह बात समझ में आने लगी है कि आजादी से आज तक

उन्होंने भारत के मूलनिवासियों के साथ केवल अन्याय ही किया है जिसकी भरपाई करने के लिये अब तो कुछ न कुछ करना ही होगा!

हालांकि आज अनेक राजनैतिक दल, कुछ राज्यों की सरकारें तथा केन्द्र सरकार भी आदिवासियों के उत्थान के प्रति संजीदा दिखने का प्रयास करती दिख रही हैं, लेकिन हकीकत यह है कि इन सबकी ओर से आदिवासियों के विकास तथा उत्थान के बारे में सोचने का काम वही भाड़े के लोग कर रहे हैं, जिनकी वजह से आज आदिवासी की ये दुर्दशा हुई है सरकार या राजनैतिक दल या स्वयं आदिवासियों के नेताओं को वास्तव में कुछ करना है तो उन्हें आदिवासियों के अवरोधकों को पहचाना होगा, जो उनके विकास एवं प्रगति में सर्वाधिक बाधक रहे हैं जैसे-

1. पिछले कुछ वर्षों में आदिवासी इलाकों में नक्सलवादी एवं माओवादी जिस प्रकार से अपराध और अत्याचार कर रहे हैं, उनके साथ में बिना किसी पुख्ता जानकारी के आदिवासियों का नाम जुड़ना आदिवासियों के प्रति आम भारतीय के मन में नफरत पैदा करता है जिसके चलते आदिवासी दोहरी तकलीफ झेल रहा है एक ओर तो नक्सली एवं माओवादी उनका शोषण कर रहे हैं दूसरी ओर सरकार एवं आम भारतीय आदिवासी को माओवाद एवं नक्सलवाद का समर्थक मानने लगा है

2. देश के तथाकथित राष्ट्रीय प्रिण्ट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया तथा वैकल्पिक मीडिया में देश के हर हिस्से, हर वर्ग और हर प्रकार की समस्या की खूब चर्चाएँ की जाती हैं यहॉं तक कि दलितों, स्त्रियों पर तो खूब चर्चाएँ होती है, लेकिन भाड़े के लोक सेवकों की औपचारिक चर्चाओं के अलावा कभी सच्चे मन से आदिवासियों पर कोई ऐसी चर्चा नहीं होती जिसमें जड़ों से जुड़े आदिवासी भागीदारी करें और देश के मूलनिवासियों के उत्थान की सकारात्मक बात की जावे!

3. आदिवासियों का दुर्भाग्य है कि दलितों की भांति आदिवासियों को आज तक एक ऐसा सच्चा और सर्मिपत आदिवासी नेता नहीं मिल पाया जो उनके लिये सच्चा आदर्श बन सके आजादी के बाद आदिवासी वर्ग के बहुत से नेता बहुत हुए हैं, लेकिन वे आदिवासी नेता होने से पूर्व वे कॉंग्रेसी, जनसंघी, भाजपाई या अन्य दल के नेता पहले होते हैं ऐसे लोगों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान, महत्व और आदिवासी के हृदय में सम्मान मिलना असम्भव है इस प्रकार राष्ट्रीय नेतृत्व के अभाव में आदिवासी राजनैतिक दलों की कूटचालों में बंट कर बिखर गया है

4. देश में जितने भी दलित-आदिवासियों के संयुक्त संगठन या मंच हैं, उन सब पर केवल दलितों का कब्जा रहा है दलित नेतृत्व ने आदिवासी नेतृत्व को सोची समझी साजिश के तहत उभरने ही नहीं, दिया इस कारण एसी/एटी वर्ग की योजनाओं का निर्माण एवं क्रियान्वयन करने वाले दलितों ने आदिवासियों के हितों पर सदैव कुठारघात किया है आदिवासी के लिये घड़ियाली आँसू जरूर बहाये हैं

5. आदिवासी पहाड़ों और नदियों के मध्य जंगलों में निवास करता आया है उनका जीवन विभिन्न प्रकार की खनिज संपदा से भरपूर की पहाड़ियों के ऊपर भी रहा है जिनपर धन के भूखे भेड़िये कार्पोरेट घरानों की सदैव से नजर रही है जिसके चलते आदिवासियों को अपने आदिकालीन निवासों से पुनर्वास की समुचित नीति या व्यवस्था किये बिना बेरहमी से बेदखल किया जाता रहा है

6. हमारे देश में औद्योगिकीकरण को बढावा देने के नाम पर आदिवासियों के आजीविका के साधन प्राकृतिक जल, जमीन और जंगलों को उजाड़कर, उनके स्थान पर बड़े-बड़े बांध बनाये गये हैं और खनिजों का दोहन किया जा रहा है जिसके चलते आदिवासियों का अपने आराध्यदेव, उनके अपने पूर्वजों के समाधिस्थलों से हजारों वर्ष का अटूट श्रृद्धा से जुड़ा सम्बन्ध विच्छेद किया जा चुका है शहर में सड़क के बीचोंबीच स्थित छोटे से मन्दिर को सरकार तोड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पाती, लेकिन लाखों-करोड़ों आदिवासियों के आस्था के केन्द्र जलमग्न कर दिये!

7. सरकारी शिक्षण संस्थानों और सरकारी सेवाओं में जनजातियों के लिये निर्धारित एवं आरक्षित पदों का बड़ा हिस्सा धर्मपरिवर्तन के बाद भी आदिवासी वर्ग में गैर-कानूनी रूप से शामिल (क्योंकि ईसाईयत जातिविहीन है) पूर्वोत्तर राज्यों के अंग्रेजी में पढने वाले ईसाई आदिवासियों को मिल रहा है

8. आज भी वास्तविक आदिवासियों का का उच्च स्तर की सरकारी सेवाओं में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है और न ही उनकी अपनी असली राजनीतिक ताकत है इसके चलते आज भी आदिवासियों से सम्बन्धित हर सरकारी विभाग के अफसर आदिवासियों पर जुल्म ढहाते रहते हैं जो कुछ मूल आदिवासी उच्च पदों पर पहुँच पाते हैं, उनमें से अधिकांश को अपने निजी विकास और एश-ओ-आराम से ही फुर्सत नहीं है, अपवादस्वरूप कुछ अफसर अपने वर्ग के लिये कुछ करना चाहें तो ऐसे अफसरों की गोपनीय चरित्रावलियॉं लाल स्याही से रंग दी जाती हैं

9. आदिवासी आज भी जंगलों, पहाड़ों, और दूर-दराज के क्षेत्रों तक ही सीमित हैं वहीं उनके



हाट-बाजार लगते हैं, जिनमें उनका सरेआम हर प्रकार का शोषण और उत्पीड़न होता रहा है इसके चलते आदिवासी राजनैतिक दलों के साथ सीधे तौर पर नहीं जुड़ पाया और दलगत राजनीति करने वाले आदिवासी राजनेताओं आदिवासी वर्ग के साथ अधिकतर धोखा ही किया है इस कारण आदिवासी आज तक वोट बैंक के रूप में अपनी पृथक पहचान बनाने में कामयाब नहीं हो सका है

10. आज भी आदिवासी परम्परागत ज्ञान और हुनर के आधार पर ही अपनी आजीविका के साधन जुटाता है लेकिन धनाभाव तथा शैक्षणिक व तकनीक में पिछड़ेपन के कारण आदिवासी विकास की चमचमाती आधुनिक धारा का हिस्सा चाहकर भी नहीं बन पाया है इस कारण उनके उत्पाद मंहगे होते हैं, जिनकी सही कीमत और महत्ता नहीं मिल पाती है

11. अधिकतर आदिवासी मूल रूप से संकुचित स्वभाव के होते हैं जिसके अनेक ऐतिहासिक कारण रहे हैं, लेकिन इसके कारण वे लोगों से पूरी तरह से घुलमिल नहीं पाते हैं, जबकि आदिवासी क्षेत्रों में जो भी सरकारी स्कूल संचालित किये जा रहे हैं, उनके अधिकतर शिक्षक गैर-आदिवासी होते हैं, जो उस क्षेत्र के लोगों की भाषा से अपरचित होते हैं या वे आदिवासियों के प्रति संजीदा नहीं होने के कारण पढाते समय आदिवासी बोली में पढाने पर ध्यान

# जल-जंगल-जमीन से लगाव ही उनका अपराध है?

हम नौ अगस्त को अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस मनाते हैं, लेकिन इसमें भारत सरकार का क्या योगदान है? क्या बिरसा मुंडा के जन्म दिवस को राष्ट्रीय आदिवासी दिवस घोषित नहीं किया जाना चाहिए? अफसोस की बात तो यह है कि आदिवासियों को अपने अस्तित्व एवं अस्मिता के महत्व और उपयोगिता के बारे में अवगत कराने वाला कोई विशेष अवसर या आयोजन नहीं है? उन्हें तो दो वक्त की रोटी जुटाने की जद्दोजहद से फुर्सत ही नहीं मिलती कि वे समझ सके कि आदिवासी संस्कृति एवं जीवनशैली का संदेश क्या है। भारत के आदिवासी समुदाय के समग्र विकास, कल्याण और अधिकारों की रक्षा के लिए योजनाबद्ध ढंग से काम किये जाने की अपेक्षा है। ताकि आदिवासी मुख्यधारा में आकर अपने समक्ष खड़े ढेर सारे सवालों को हल कर सकें। लेकिन हैरत की बात है कि आदिवासियों के सारे सवाल आज और ज्यादा जटिल होकर खड़े हैं। आदिवासी उपेक्षा का ही परिणाम है कि आदिवासियों के हिस्से में ऐसे अवसर नहीं के बराबर आए जिन पर वे खुल कर खुशी जाहिर कर सके। इन वर्षों में राजनीतिक दलों ने अपनी विश्वसनीयता निरन्तर खोयी है और स्वार्थ की राजनीति के कारण नियम-कानून तोडे-मरोड़े जाते रहे हैं। चाहे वह जल, जंगल, जमीन से सम्बन्धी कानून हो या फिर विभिन्न नीतियों से सम्बन्धित कानून, सब में सबसे ज्यादा नुकसान आदिवासियों को ही उठाना पड़ा है। आज आदिवासी समुदाय अपनी पहचान, भाषा, संस्कृति, संसाधनों पर हक के लिए अन्य समस्याओं के साथ संघर्ष कर रहा है।

आज देश के आदिवासियों के पक्ष को सुनने के लिए कोई भी तैयार नहीं है। अनेक आदिवासी क्षेत्रो में तो आदिवासियों का संहार कर उनके अस्तित्व को ही मिटा दिया है। जिन क्षेत्रों में भी आदिवासी बचे हुए हैं, उन्हें अपने अस्तित्व के लिये व्यापक संघर्ष करने पड़ रहे हैं। कुछ क्षेत्रों एवं आदिवासी समुदायों में स्थितियां इतनी बिकराल हो चुकी है कि वे नक्सलवाद की तरफ बढ़ रहे हैं। मूल बात है कि आज भी आदिवासी दोयम दर्जे के नागरिक जैसा जीवनयापन क्यों करने को विवश हैं। जबकि केंद्र सरकार आदिवासियों के नाम पर हर साल हजारों करोड़ रुपए का प्रावधान बजट में करती है। इसके बाद भी 7 दशक में उनकी आर्थिक स्थिति, जीवन स्तर में कोई बदलाव नहीं आया है। स्वास्थ्य सुविधाएँ, पीने का साफ पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं आदि मूलभूत सुविधाओं के लिए वे आज भी तरस रहे हैं।

जिस प्रांत से प्रधानमंत्री एवं भाजपा अध्यक्ष आते हो, उस प्रांत में आदिवासी समुदाय की उपेक्षा और उनकी स्थिति डांवाडोल होना एक गंभीर चुनौती है। आदिवासी जन-जाति के साथ हो रहा सत्ता का उपेक्षापूर्ण व्यवहार गुजरात के समृद्ध एवं विकसित राज्य के तगमे पर एक प्रश्नचिन्ह है। देश में यह कैसी समृद्धि है और यह कैसा विकास है जिसमें आदिवासी अब भी समाज की मुख्य धारा से कटे नजर आते हैं।



**सरकार की विकास योजना में संस्कृति का महत्व नहीं**

सरकार आदिवासियों को लाभ पहुँचाने के लिए उनकी संस्कृति और जीवन शैली को समझे बिना ही योजना बना लेती हैं। ऐसी योजनाओं का आदिवासियों को लाभ नहीं होता, अलबत्ता योजना बनाने वाले जरूर फायदे में रहते हैं। महँगाई के चलते आज आदिवासी दैनिक उपयोग की वस्तुएँ भी नहीं खरीद पा रहे हैं। वे कुपोषण के शिकार हो रहे हैं। अत देश की बहुसंख्य आबादी आदिवासियों पर विशेष ध्यान देना होगा।

हमें यह भी समझना होगा कि एक मात्र शिक्षा की जागृति से ही आदिवासियों की स्थिति में कोई बदलाव नहीं आएगा। बदलाव के लिए जरूरत है उनकी कुछ मूल समस्याओं के हल ढूंढना। भारत के जंगल समृद्ध हैं, आर्थिक रूप से और पर्यावरण की दृष्टि से भी। देश के जंगलों की कीमत खरबों रुपये आंकी गई है। ये भारत के सकल राष्ट्रीय उत्पाद से तो कम है लेकिन कनाडा, मेक्सिको और रूस जैसे देशों के सकल उत्पाद से ज्यादा है। इसके बावजूद यहां रहने वाले आदिवासियों के जीवन में आर्थिक दुश्वारियां मुंह बाये खड़ी रहती हैं। आदिवासियों की विडंबना यह है कि जंगलों के औद्योगिक इस्तेमाल से सरकार का खजाना तो भरता है लेकिन इस आमदनी के इस्तेमाल में स्थानीय आदिवासी समुदायों की भागीदारी को लेकर कोई प्रावधान नहीं है। जंगलों के बढ़ते औद्योगिक उपयोग ने आदिवासियों को जंगलों से दूर किया है। आर्थिक जरूरतों की वजह से आदिवासी जनजातियों के एक वर्ग को शहरों का रुख करना पड़ा है। विस्थापन और पलायन ने आदिवासी संस्कृति, रहन-सहन, खान-पान, रीति-रिवाज और संस्कार को बहुत हद तक प्रभावित किया है। गरीबी, अशिक्षा और बेरोजगारी के चलते आज का विस्थापित आदिवासी समाज, खासतौर पर उसकी नई पीढ़ी, अपनी संस्कृति से लगातार दूर होती जा रही है। आधुनिक शहरी संस्कृति के संपर्क ने आदिवासी युवाओं को एक ऐसे दोराहे पर खड़ा कर दिया है, जहां वे न तो अपनी संस्कृति बचा पा रहे हैं और न ही पूरी तरह मुख्यधारा में ही शामिल हो पा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी अक्सर आदिवासी उत्थान और उन्नयन की चर्चाएं करते हैं और वे इस समुदाय के विकास के लिए तत्पर भी हैं। क्योंकि वे समझते हैं कि आदिवासियों का हित केवल आदिवासी समुदाय का हित नहीं है प्रत्युत सम्पूर्ण देश व समाज के कल्याण का मुद्दा है जिस पर व्यवस्था से जुड़े तथा स्वतन्त्र नागरिकों को बहुत गम्भीरता से सोचना चाहिए।